e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 12, अंक 99
# प्रभात मंत्र
शुक्रवार
11.04.2025
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 3 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

सपने वो नहीं जो हम नींद में देखते है, सपने वह है जो हमको नींद नहीं आने देते!

## क्विक न्यूज

### झारखंड में बेमौसम बारिश से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन

**रांची :** झारखंड राज्य के कई हिस्सों में ओलावृष्टि, गरज के साथ बारिश और 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं, पश्चिमी और उससे सटे मध्य भागों में भी बादलों की गरज और बिजली की चमक के साथ तेज हवाएं चली।राज्य के तीन क्षेत्रों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के अधिकाश हिस्सों जैसे रांची, धनबाद, बोकारो, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पलामू, गढ़वा, लातेहार सहित संथाल परगाना के पाकुड़, दुमका, देवघर आदि जिलों में जमकर बारिश हुई। साथ ही तेज हवा भी चली।जिससे अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट।आई है। मौसम में इस बदलाव की प्रमुख वजह बंगाल की खाड़ी से नमी का प्रवाह है, जो झारखंड के ऊपर बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण हो रहा है। झारखंड में हुई बारिश और तेज हवा से रवि की फसल को काफी नुकसान हुआ है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ भी काफी क्षतिग्रस्त हुआ है।।कई किसानों ने बताया कि तेज आंधी से आम पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। बे मौसम हुई बारिश से किसानों को काफी नुकसान होने की संभावना है।

### हिसार : दर्दनाक हादसे में दंपति की मौत

**हिसार :** हिसार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित रायपुर चौक के पास हुए दर्दनाक हादसे में दंपति की मौत हो गई। हादसा तेल से भरे कंटेनर द्वारा बाइक को टक्कर मारने से हुआ जिससे बाइक सवार पति-पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान सातरोड गांव के कृष्ण और उसकी पत्नी शकुंतला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि कृष्ण बिजली का काम करता था। गांव में उसकी बिजली की दुकान थी। दंपती घरेलू सामान खरीदने के लिए हिसार आ रहे थे। रायपुर चौक के पास कंटेनर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कंटेनर बाइक को घसीटता हुआ ले गया। बाइक चला रहा कृष्ण कंटेनर के नीचे दब गया। कंटेनर पूरी तरह तेल से भरा हुआ था। कृष्ण के पिता प्रताप सिंह ने बताया कि उसका बड़ा बेटा कृष्ण और बहू शकुंतला घरेलू सामान खरीदने हिसार गए थे। इसी दौरान उन्हें हादसे की सूचना मिली। पिता ने बताया कि बेटे कृष्ण के दो बच्चे एक बेटा और एक बेटी हैं जो अभी छोटे हैं। एक छोटा भाई और एक बहन भी है जो शादीशुदा हैं। हादसे की सूचना मिलने पर सदर थाना प्रभारी ईश्वर सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कंटेनर को सड़क से हटवाया और दोनों शवों को कंटेनर के नीचे से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया।

### खेल रहे मासूम को चार पहिया गाड़ी ने रौंदा, मौत

**हमीरपुर :** गुरुवार को मौदहा कस्बे के एक मोहल्ले में अपनी नाना इदरीश के घर आए तीन वर्षीय मासूम बच्चे को चार पहिया गाड़ी ने खेलते समय रौंद दिया। बच्चे को गाड़ी से रौंदते देख मोहल्लेवासियों ने घायल बच्चे को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से मृतक मासूम के परिजन अस्पताल परिसर में एकत्र होकर रोते बिलखते रहे। मूल रूप से महोबा जनपद के कबरई थाना के किदवई नगर निवासी साजिद अली का 3 वर्षीय पुत्र सूफियान अली ईद के दिन 31 मार्च को अपनी नानी के घर कस्बे के मोहल्ला दीवान शहीद बाबा स्थित आया हुआ था। गुरुवार की शाम साढ़े 5 बजे दरगाह के सामने मैदान में खेल रहा था तभी वहीं पर खड़ी स्कार्पियो कार मौदहा निवासी नईम नामक हेड कांस्टेबल जिसकी तैनाती कानपुर में बताई जा रही है, उसके स्कार्पियो गाड़ी का ड्राइवर गाड़ी को बैक करने लगा इसी दौरान गाड़ी के पीछे खेल रहे मासूम सूफियान को रौंद दिया। चार पहिया गाड़ी के रौंदने से मासूम अचेत अवस्था में गिर गया तभी मोहल्ले के लोगों ने उसे परिजनों की मदद से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया।

### सुकमा में ईओडब्ल्यू की छापेमारी में तेंदूपत्ता प्रबंधक के घर से 26 लाख रुपये से अधिक की नगद राशि मिली

**सुकमा :** तेंदूपत्ता गबन मामले में ईओडब्ल्यू टीम ने पूर्व विधायक मनीष कुंजाम सहित तेंदूपत्ता प्रबंधकों के घरों पर आज (गुरुवार) सुबह से लेकर देर शाम तक छापामार कार्रवाई की है। सुकमा जिले में 12 जगह ठिकानों पर ईओडब्ल्यू टीम ने कार्रवाई की । जिसमें से एक तेंदूपत्ता प्रबंधक के घर से 26 लाख रुपये से अधिक राशि नगद प्राप्त हुई है और इसके अलावा सभी तेंदूपत्ता प्रबंधकों से पूछताछ एवं दस्तावेजों की जांच पड़ताल की जा रही है। जिसमें बैंक खाते से लेकर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस शामिल हैं । कोंटा प्रबंधक मो शरीफ़ खान के घर पर नहीं होने की वजह से उनके घर नोटिस चस्पा किया गया है ।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24° |
| न्युनतम | 13° |

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने की मुलाकात

# खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही है सरकार : हेमंत सोरेन

### मुख्यमंत्री ने कहा

- राज्य की बच्चियां एक मुकाम हासिल करें, हर कदम पर सहयोग करने के लिए खड़ी है सरकार
- यहां के बच्चे-बच्चियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभ से राज्य को किया है गौरवान्वित
- राज्य में खेलों के प्रति एक बेहतर वातावरण बनाने का प्रयास जारी
- राज्य में फुटबॉल की भी बड़ी प्रतियोगिता आयोजित करने की है योजना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने मुलाकात की। उन्होंने रांची जिला के ओरमांझी में गरीब बच्चियों की शिक्षा, लाइफ स्किल प्रोग्राम और फुटबाल प्रशिक्षण को लेकर चलाए जा रहे कार्यक्रमों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बच्चियों के बेहतर भविष्य के लिए कई योजनाएं चला रही है। यहां की बच्चियां आगे बढ़े, वे एक मुकाम हासिल करें, इसके लिए सरकार हर कदम पर सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने ओरमांझी जैसे छोटे इलाके में रहने वाली बच्चियों की खेल प्रतिभा की पहचान कर उन्हें तराशने के लिए ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की ताकत खेल है। यहां के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन से राज्य को गौरवान्वित किया है। हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कदम उठा रही है। आज हर पंचायत में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। खिलाड़ियों को नौकरी देने के साथ सम्मानित करने की परंपरा शुरू की गई है। राज्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि यहां खेलों के प्रति एक बेहतर वातावरण बनने के साथ खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिले।

**यहां के बच्चे-बच्चियों का खेलों से है आत्मीय लगावः** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के बच्चे-बच्चियों में खेलों से आत्मीय लगाव देखने को मिलता है। उनके पास संसाधनों की कमी होती है, लेकिन खेलों के प्रति दीवानगी देखते ही बनती है। सिमडेगा और खूंटी के सुदूर इलाकों में रहने वाले गरीब बच्चे -बच्चियों के हाथों में हॉकी स्टिक देख कर आप सहज अनुमान लगा सकते हैं कि उनका हॉकी से किस तरह का जुड़ाव है। हमारा राज्य हॉकी के साथ फुटबॉल और अन्य खेलों में भी आगे बढ़े, इसके लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

### ऊंची उड़ान भरना है, तो सपने जरूर देखें

मुख्यमंत्री ने बच्चियों से कहा कि अगर आपको ऊंची उड़ान भरना है, तो सपने जरूर देखना चाहिए। जब आप सपना देखेंगे, तभी आगे बढ़ने का रास्ता मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि काम कोई भी छोटा या बड़ा नहीं होता है। आप किसी भी क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकते हैं। लेकिन जिस भी क्षेत्र में जाएं, वहां ईमानदारी से मेहनत करें। आपके कार्यों से आपको निश्चित तौर पर अलग पहचान मिलेगी।

### मुख्यमंत्री ने बच्चियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पढ़ाई के साथ फुटबॉल का प्रशिक्षण ले रही बच्चियों से सीधा संवाद कर उनके अनुभवों को जाना। बच्चियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि ट्रस्ट से जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी में काफी बदलाव आया है। पढ़ाई के साथ खेलों में आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। देश विदेश में होने वाले फुटबॉल प्रतियोगिताओं में शामिल होने का मौका मिल चुका है। आज हमारे लिए फुटबॉल से बढ़कर कुछ भी नहीं है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि आप जैसी बच्चियां फुटबॉल में झारखंड का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान बच्चियों ने भी मुख्यमंत्री से सवाल पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया।



### 600 बच्चियां ले रही फुटबॉल का प्रशिक्षण

मुख्यमंत्री को युवा इंडिया ट्रस्ट के निदेशक फ्रांज गैसलर ने बताया कि रांची के ओरमांझी में ट्रस्ट की ओर से तीन तरह के कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं । इन कार्यक्रमों को सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के द्वारा भी सपोर्ट किया जा रहा है। इसके तहत यहां गरीब बच्चियों के लिए स्कूल संचालित किया जा रहा है, जहां कक्षा 2 से 12 वीं तक की पढ़ाई होती है। वहीं, 600 बच्चियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावे लाइफ स्किल्स वर्कशॉप्स के जरिए बच्चियों के लिए स्वास्थ्य, करियर, कैंपस प्लेसमेंट आदि को लेकर इवेंट्स होते हैं। यहां की बच्चियां विदेशों में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा खूंटी जिले में नया कैंपस बनाया जाना है। मुख्यमंत्री ने ट्रस्ट को भरोसा दिलाया कि सरकार की ओर से इसमें हर संभव सहयोग किया जाएगा।

### राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का हो रहा आयोजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई खेल प्रतियोगिताओं का सफल और शानदार आयोजन करता आ रहा है। हॉकी में हमने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कई टूर्नामेंट आयोजित कर मिसाल पेश की है, जिसकी सराहना देश और दुनिया ने की है। अब फुटबॉल के भी के बड़े आयोजन करने की योजना है, ताकि यहां के फुटबॉल खिलाड़ियों को एक बेहतर माहौल दिया जा सके।

**इनकी रही उपस्थितिः** मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले युवा इंडिया ट्रस्ट के निदेशक फ्रांज गैसलर, चाइल्ड डेवलपमेंट ऑफिसर निहारिका, युवा स्कूल की प्रिंसिपल श्रुति, लाइफ स्किल प्रोग्राम की को-ऑर्डिनेटर अंकिता के साथ कई बच्चियां शामिल थीं।

# आतंकी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाया गया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के आरोपी और साजिशकर्ता तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया गया है.आतंकी तहव्वुर राणा को लेकर विशेष विमान गुरुवार को दिल्ली के पालम वायुसेना अड्डे पर उतरा. एयरपोर्ट से एनआईए की स्पेशल टीम उसे हिरासत में ले लिया.उसे बुलेटप्रूफ वाहनों में सवार स्वाट कमांडो द्वारा एयरपोर्ट से बाहर निकाला गया.राणा को दिल्ली के तिहाड़ जेल में रखा जाएगा.अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रत्यर्पण के खिलाफ राणा की याचिका खारिज किए जाने के बाद उसे लाने के लिए कई भारतीय एजेंसियों की एक टीम अमेरिका गई थी. यूएस फेडरल ब्यूरो ऑफ प्रिजन्स ने बुधवार को बताया था कि राणा अब लॉस एंजिल्स में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में नहीं है. भारतीय जांचकर्ताओं की टीम ने उसे भारत ले जाने के लिए हिरासत में लिया है.तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है. 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है.64 वर्षीय तहव्वुर राणा के समर्थन के कारण उस समय भारत में हेडली की आवाजाही आसान हो गई थी.

**तहव्वुर राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है. 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक अमेरिकी नागरिक डेविड कोलमैन हेडली उर्फ दाऊद गिलानी का करीबी सहयोगी है.**

पाकिस्तान मूल के राणा और हेडली बचपन के दोस्त थे और दोनों ने एक ही सैन्य स्कूल से पढ़ाई की थी.दिल्ली पुलिस के मुताबिक, मोस्ट वॉन्टेड आतंकी तहव्वुर राणा की सुरक्षा के लिए दिल्ली पुलिस की थर्ड बटालियन की एक विशेष टीम तैनात की गई है. जानकारी के अनुसार, इस टीम में एक जेल वैन के साथ एक पायलट कार और एक एस्कॉर्ट कार भी शामिल होगी. थर्ड बटालियन की इस टीम में 15 पुलिसकर्मी शामिल होंगे, जो अत्याधुनिक हथियारों से लैस होंगे. गौरतलब है कि थर्ड बटालियन की जिम्मेदारी होती है किसी भी आरोपी को कोर्ट से जेल और जेल से कोर्ट तक सुरक्षित पहुंचाना. इसी के तहत तहव्वुर राणा की कोर्ट पेशी और जेल ट्रांजिट की सुरक्षा भी इसी बटालियन को सौंपी गई है.

# सम्मेद शिखर मधुबन में धूमधाम से मनाया गया महावीर जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया. जैन धर्म के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल सम्मेद शिखर मधुबन में भी इसकी धूम रही.यहां गुरुवार की सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालु भगवान महावीर की आराधना में जुटे थे. यहां के बीस पंथी कोठी, 13 पंथी कोठी, जैन स्वेताम्बर सोसायटी, अनिन्दा पार्श्वनाथ समेत विभिन्न संस्था में आराधना किया गया. सुबह में शांति धारा के बाद शोभायात्रा निकाली गई. शोभायात्रा के साथ कई झांकियां भी निकाली गई. इसके बाद अनिन्दा पार्श्वनाथ में भगवान का अभिषेक किया गया. यहां विभिन्न संस्था के द्वारा भंडारा का भी आयोजन किया गया. जबकि देर शाम से कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ. इसी तरह गिरिडीह शहर और सरिया में भी शोभायात्रा निकाली गई. शहर के बड़ा चौक स्थित दिगंबर जैन मंदिर से गुरुवार को प्रभात फेरी निकाली गई. जिसमें काफी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए. प्रभात फेरी टुंडी रोड, गद्दी मोहल्ला होते हुए वापस जैन मंदिर में समाप्त हुई.शोभायात्रा के दौरान भगवान महावीर को पालकी पर बैठाया गया था. जबकि भक्त पूरे भाव के साथ भगवान को याद कर झूम रहे थे. जैन मंदिर में शोभायात्रा पहुंचने के बाद भगवान का अभिषेक भी किया गया.यहां भक्तों ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए 24वें तीर्थकंर भगवान महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व हुआ था.भगवान महावीर का जन्म तब हुआ जब हिंसा-पशु बलि, जात-पात का भेदभाव बढ़ गया था. युवावस्था (30 वर्ष की आयु) में ही सन्यास धारण कर आत्मकल्याण के पथ पर निकल पड़े. 12 वर्ष की कठिन तपस्या के बाद उन्हें केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी. इसके बाद उन्होंने समवशरण में ज्ञान प्रसारित किया. 72 वर्ष की आयु में उन्होंने पावापुरी (बिहार) में मोक्ष की प्राप्ति की.

# प्रियंका ने वायनाड भूस्खलन के लिए ऋण माफी न करने पर केंद्र पर साधा निशाना

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को जमकर निशाना साधा है। दरअसल, केंद्र सरकार ने केरल उच्च न्यायालय को यह बताया था कि पिछले साल वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों के ऋण माफ नहीं किए जाएंगे। इसे लेकर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने गुरुवार को कहा कि यह विश्वासघात है। हम इस उदासीनता की कड़ी निंदा करते हैं। केंद्र सरकार ने केरल हाईकोर्ट में दलील दी कि पिछले साल जुलाई में वायनाड में भूस्खलन से प्रभावित लोगों के ऋण माफ नहीं किए जाएंगे। इसके बजाय उन्हें प्राकृतिक आपदाओं पर आरबीआई के मास्टर निर्देशों के अनुसार पुनर्निर्धारित या पुनर्गठित किया जाएगा। दरअसल, कोर्ट ने केंद्र से सवाल किया था कि क्या प्रभावित व्यक्तियों की ओर से लिए गए ऋण माफ किए जा सकते हैं? केंद्र ने पहले जस्टिस एके जयशंकरन नांबियार और ईश्वरन एस की पीठ को सूचित किया था कि प्रस्तावित उपाय भूस्खलन पीड़ितों द्वारा लिए गए ऋणों पर रोक और पुनर्गठन तक सीमित है। कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद वाड्रा ने कहा, हम इस उदासीनता की कड़ी निंदा करते हैं और वायनाड में अपने भाइयों और बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। वायनाड भूस्खलन पीड़ितों ने अपना सब कुछ खो दिया है- घर, जमीन, आजीविका। फिर भी सरकार ऋण माफी करने से इनकार कर रही है। इसके बजाय उन्हें केवल ऋण पुनर्निर्धारण और पुनर्गठन का सहारा दिया जा है।उन्होंने कहा कि यह राहत नहीं है। यह विश्वासघात है। हम इस उदासीनता की कड़ी निंदा करते हैं और वायनाड में अपने भाइयों और बहनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। उनके दर्द को नजरअंदाज नहीं किया जाएगा। हम न्याय मिलने तक हर मंच पर उनकी आवाज उठाएंगे।



# एमएस धोनी फिर बने चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान बन गए हैं. आईपीएल 2025 के बीच अचानक एक बार फिर धोनी को चेन्नई की कप्तानी मिल गई है. चेन्नई को 5 बार आईपीएल का खिताब जिताने वाले एमएस धोनी करीब डेढ़ सीजन के बाद फिर से टीम के कप्तान के रूप में लौट रहे हैं. इसकी वजह नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की चोट है, जो अब पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं. इसके साथ ही धोनी के टूर्नामेंट के बीच से ही रिटायर होने की अटकलों और अफवाहों



पर भी अब विराम लग गया है.आईपीएल 2025 में खराब शुरुआत से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ये खबर अहम मैच से ठीक पहले आई है. शुक्रवार 11 अप्रैल को चेन्नई का कोलकाता नाइट राइडर्स से मैच होना है और उससे एक दिन पहले ही टीम में ये बड़ा बदलाव हुआ है. टीम के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये जानकारी दी. कप्तानी में ये बदलाव ऋतुराज गायकवाड़ की कोहनी में चोट के कारण हुआ है. कप्तान और स्टार बल्लेबाज गायकवाड़ को टीम के तीसरे मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ कोहनी में चोट लग गई थी. हालांकि इसके बाद उन्होंने अगले 2 मैच भी खेले लेकिन अब उनकी कोहनी में फ्रेक्चर पाया गया है, जिसके चलते वो टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं.इससे पहले भी धोनी के कप्तान बनने की अटकलें लगाई गई थीं. दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 5 अप्रैल को चेन्नई में हुए मुकाबले से पहले भी गायकवाड़ की फिटनेस सवालों के घेरे में थी और माना जा रहा था कि वो उस मुकाबले से बाहर होंगे. ऐसे में धोनी की कप्तान के तौर पर वापसी तय मानी जा रही थी.

# नीतीश कुमार को डिप्टी पीएम बनाना चाहिए : अश्विनी चौबे

**एजेंसी**

**पटना :** भाजपा के पूर्व सांसद अश्विनी चौबे ने कहा है कि नीतीश डिप्टी पीएम पद के योग्य हैं.अश्विनी चौबे ने कहा कि जिस तरह से नीतीश कुमार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कंधे से कंधे मिलाकर चल रहे हैं, उनको उप प्रधानमंत्री बना देना चाहिए. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बन जाते हैं तो बिहार का विकास होगा और जगजीवन राम के बाद बिहार से दूसरा उप प्रधानमंत्री मिलेगा.इससे पहले पिछले साल लोकसभा चुनाव के दौरान एक रिपोर्ट आई थी,जिसमें कहा गया था विपक्षी दलों के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने जनता दल (यूनाइटेड) को लुभाने के लिए नीतीश कुमार को उप प्रधानमंत्री की पेशकश की थी. हालांकि उसके बाद नीतीश समय-समय पर साफ कहते आए हैं कि वो एनडीए छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे. उन्होंने कहा कि एक-दो बार इधर-उधर चला गया था, लेकिन अब नहीं.चुनाव आयोग के अनुसार, 2024 के चुनाव में बीजेपी ने 240 सीटें जीतीं, जो 2019 के 303 के मुक़ाबले काफी कम है. दूसरी ओर, कांग्रेस 99 सीटें जीती. बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए ने 293 सीटें जीतीं.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Rangunia Road, Dhanbad
PR NO.349815(IPRD) 25-26

# चैनपुर-नेउरा सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्का जाम व धरना प्रदर्शन

## सांसद और विधायक के खिलाफ़ जमकर हुई नारेबाज़ी

## बीडीओ व सीओ के आश्वासन पर जाम को हटाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर-नेऊरा मुख्य सड़क मार्ग के निर्माण कार्य को लेकर पूरनचंद चौक चैनपुर के पास चक्का जाम सह धरना का कार्यक्रम किया गया। जिसमें चैनपुर की समस्त ग्रामीण जनता उपस्थित थें। प्रशासन की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी हमारी समस्या को सुनने के लिए पहुंचे और ग्रामीणों को आसवस्त किया कि आपकी बातों से हम सहमत हैं और आपकी मांग बिल्कुल जायज है जनहित में है इसमें से तात्कालिक मांग जो था वह सड़क किनारे रहने वाले सभी लोगों को धूल की समस्या से निजात पाने के लिए



सुबह शाम पानी छिड़काव किया जाएगा एवं जितने भी बड़ी गाड़ियां हैं उन सभी का परिचालन 9:00 बजे रात्रि तक रोका जाएगा 9:00 बजे रात्रि के बाद उनकी नो एंट्री खोली जाएगी एवं सड़क निर्माण कार्य हेतु आपकी बात को जिले के उपायुक्त तक हम पहुंचा देंगे और जिले की उपायुक्त के माध्यम से आपकी बात झारखंड सरकार तक पहुंचा दी जाएगी 7 जनता उनकी बातों पर विश्वास करते हुए अपना धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को समाप्त किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिला परिषद् सदस्य मीना गुप्ता, पूर्व प्रमुख विजय गुप्ता, दिनेश प्रधान, रूपेश कश्यप, विजय कश्यप, निरंजन कमलापुरी, रणजीत शर्मा, चंदू कमलापुरी, पंकज कमलापुरी, संजय प्रसाद, गोपाल प्रसाद, जयप्रकाश गुप्ता, उमेश कमलापुरी सहित दर्जनों की संख्या में चैनपुर की ग्रामीण जनता धरना प्रदर्शन में शामिल था।

## हत्या व अन्य मामले में आधा दर्जन अभियुक्तों को उम्रकैद और जुर्माने की सजा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडलीय न्यायालय नगर ऊंटारी के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय मनोज कुमार त्रिपाठी की अदालत ने पिपरी कला गांव निवासी राजदेव यादव की हत्या व अन्य मामले में आधा दर्जन अभियुक्तों को उम्रकैद और जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि नहीं चुकाने पर सभी अभियुक्तों को अतिरिक्त सजा काटनी होगी।जिन अभियुक्तों को सजा सुनाई गई है उसमें परीखा यादव, शिवनारायण यादव उर्फ नन्हकू यादव, रामसुंदर यादव, पिंटू यादव उर्फ विनय यादव, सतीश यादव उर्फ प्रेमन यादव एवं सुरेन्द्र यादव के नाम शामिल हैं। सभी अभियुक्त विशुनपुरा थाने (पुराना थाना नगर ऊंटारी) के पिपरी कला गांव निवासी हैं। जानकारी के अनुसार 3 अगस्त 2011 को नगर ऊंटारी थाने (अब विशुनपुरा थाना) के पिपरी कला गांव में आपस में दो पक्षों के बीच भूमि विवाद को लेकर हुई मारपीट में गंभीर रूप से जख्मी राजदेव यादव की इलाज के दौरान मौत हो गई थी।जबकि सुकन यादव, सत्येंद्र यादव, राजकिशोर यादव, कुंती देवी एवं विमल यादव जख्मी हुये थे। उक्त मामले में पीड़ित पक्ष की ओर से बसंत यादव ने नगर ऊंटारी थाने में उपरोक्त अभियुक्तों समेत 19 लोगों के विरूद्ध हत्या करने संबंधी एफआईआर करायी थी। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान उपरोक्त अभियुक्तों के विरुद्ध साक्ष्य मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान 14 गवाहों के बयान के साथ-साथ बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष की दलीलों को सुनने के बाद कोर्ट ने परीखा यादव, शिवनारायण यादव उर्फ नन्हकू यादव, रामसुंदर यादव, पिंटू यादव उर्फ विनय यादव, सतीश यादव उर्फ प्रेमन यादव एवं सुरेन्द्र यादव को उम्रकैद व जुर्माने की सजा सुनाई।इस मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से एपीपी आशीष तिवारी ने और बचाव पक्ष की ओर से जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम कृष्ण सिन्हा उर्फ बुल्लू राजा, नवीनचंद्र सिंह एवं सुरेन्द्र पांडेय ने पैरवी किया।

## फोरलेन हाईवे के किनारे लगाया गया यात्री शेड, शुरुआती दौर मे ही टूटने के कगार पर



**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला स्थित भोगू से संखा तक भारत वाणिज्य कंपनी के द्वारा बिगत लगभग ढाई वर्षो से ऐन, ऐच, आई के द्वारा फोरलेन रोड निर्माण कार्य चल रहा है। इस रोड निर्माण कार्य के साथ-साथ जगह-जगह पर लोगों को विश्राम, ठहराव के लिए यात्री शेड भी बनाया जा रहा है, पर अगर देखा जाए तो शेड निर्माण कार्य हुए कुछ ही दिन होने को है, पर यह यात्री शेड मे लगाया गया ऊपर का (छजा) चदरा हवा चलने पर तेज आवाज के साथ टूटा हुआ दिख रहा है। इस संबंध में अरविंद पांडे ने कहा कि एनऐचआई के द्वारा निर्माण किया गया शेड ऐसे भी उचित जगह पर नहीं लगाया गया है, घनी आबादी से दूर सेड निर्माण होने से शेड ग्रामीण क्षेत्रीय जनता को कोई लाभ नहींयोगेंद्र पांडे ने कहा कि शेड निर्माण कार्य मे प्रयोग किया गया सामग्री गुणवत्तापूर्ण नहीं होने के कारण सेड अभी से ही जर्जर होने लगी है। सुनील पांडे ने कहा कि हाईवे किनारे निर्माण शेड खुला जगह होने के कारण ऐसे भी काफी मजबूत होना चाहिए जिससे तेज आंधी तूफान आने पर भी यात्री अपने आप को सुरक्षित समझे।

# पूर्व मंत्री ने की आगलगी के पीड़ित परिवारों से मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गुरुवार को प्रखंड के हासनदाग गांव में आगलगी के पीड़ित तीनों परिवारों से मिले। उन्हें आर्थिक सहयोग दिया तथा हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। बता दें कि बुधवार को बदन चौधरी के घर में अचानक आग लग जाने उनके घर से सटे कृष्णा चौधरी तथा सोमारू चौधरी का घर एवं सारा सामान जलकर खाक हो गया था। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व मंत्री हासनदाग गांव पहुंच कर पीड़ितों के घर का मुआयना किया। उन्होंने परिवार के साथ उत्पन्न विकट परिस्थिति में हर संभव सहयोग



करने का भरोसा दिलाया तथा तत्काल अपने पास से 15 हजार रुपए नगद सहयोग के रूप में दिया। पूर्व मंत्री ने मेराल बीडीओ से फोन पर पीड़ित परिवारों को तुरंत अंबेडकर आवास आवंटित करने तथा आपदा राहत को से सहायता दिलाने के लिए बात की। मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण हुई अग्निकांड में तीन परिवारों की वर्षो की मेहनत जलकर राख हो गई है। झारखंड सरकार तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। मौके पर झामुमो नेता जवाहर पासवान, शंभू राम, सुनील कुमार गौतम, प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, मुखिया पति हरेंद्र चौधरी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## हजरत दाता पीर बख्श शाह का सालाना उर्स 9 एवं 10 मई को होगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद स्थित दाता पीर बख्श रहमतुल्लाह अलैह का सालाना उर्स धूम धाम के साथ मनाने को लेकर गुरुवार को शहर के पठान टोली मोहल्ला स्थित इब्राहिम सेठ के आवास गणमान्य लोगों की बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने की. संचालन जमील अहमद ने किया. बैठक में मुख्य रूप से आमंत्रित सदस्य के रूप में समाजसेवी शेर अली मौजूद थे. उर्स कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई. उर्स के मौके पर जलसा का कार्यक्रम 9 एवं कव्वाली कार्यक्रम 10 मई को कराने का निर्णय लिया गया. कार्यक्रम के आयोजन को सफल बनाने को लेकर कमेटी का गठन किया गया. जिसमें संरक्षक कादिर खान अमीन खान को बनाया गया. इसके अलावा कमेटी के अध्यक्ष एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, सचिव आरजू खान, संयोजक सेठ इब्राहिम को चुना गया. निर्णय लिया गया कि



कमेटी में उपस्थित सभी लोग कार्यकारिणी के सदस्य रहेंगे। मीडिया प्रभारी जफर हुसैन एवं सैयद नौशाद को चुना गया. यह भी निर्णय लिया गया कि कमेटी के पदाधिकारी कव्वाल और कव्वाला से संपर्क कर उनके साथ इकरारनामा करेंगे. वहीं जलसा के लिए कमेटी के पदाधिकारी मौलाना व नात खानो से संपर्क कर उनसे तिथि पर पहुंचने की बात करेंगे साथ ही गत वर्षो के मुकाबले इस वर्ष कार्यक्रम शानदार होगा. इसके लिए देश के बेहतरीन कव्वाल व कव्वाला को आमंत्रित किया जाएगा. कार्यक्रम का उद्घाटन किसके द्वारा किसके द्वारा कराया जाएगा, इसका निर्णय कमेटी की अगली बैठक में लिया जाएगा. बैठक में हाजी अब्बास कादरी, कादिर खान, डॉक्टर एजाज आलम, मशीर खान, अमीन अली खान, राजू खान, अशद हुसैन, अफरोज आलम, असगर खान, जब्बार खलीफा, एस एम अकरम, अली असगर, सद्दाम खान, इसरार आलम, बब्लू हुसैन, मुन्ना खान, मंसूर आलम, गुड्डू खान के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सांसद प्रतिनिधि की धर्म पत्नी उषा देवी का असामयिक निधन



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सगमा प्रखंड के भाजपा के वरिष्ठ नेता सह सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव की 45 वर्षीय धर्म पत्नी उषा देवी के असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गया।उनके परिजनों में कोहराम मचा हुआ गया है।सगमा निवासी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र प्रसाद यादव की धर्म पत्नी पूर्व बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष उषा देवी की तड़के दस बजे दिन में निधन हो गया ।उषा देवी काफी दिनो से अस्वस्थ्य चल रही थी। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार उषा देवी अपने परिवार के साथ कुछ दिनों से सपरिवार श्री बंशीधर नगर में रह रही थी। अचानक दिन के दस बजे उनका तबियत बिगड़ने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनकी मौत हो गई। इस खबर के बाद लोगो का भीड़ इकठ्ठा हो गया। सभी शोक संतप्त परिवार को ढाढस बंधा रहे थे। मृतक उषा देवी दो हजार सोलह से दो हजार उन्नीस तक सगमा प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष के पद पर भी सेवा दिया था। सूचना पर सांत्वना देने वालो की भीड़ जमा हो गया। उनका अंतिम संस्कार वाराणसी में किया जाएगा। सांत्वना देने वालो में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुराज पांडेय,संजय सिंह,इंद्रामणि जयसवाल, सगमा प्रखंड जिप प्रतिनिधि नंदगोपाल यादव, सहायक शिक्षक संघ धुरकी के प्रखण्ड अध्यक्ष मुन्ना भारती, सगमा के उप प्रमुख अर्जुन पासवान, मुखिया तेजलाल राम, देवचंद यादव, अजय यादव, गोवर्धन यादव का नाम शामिल है।

## वैगाडीह प्रीमियर लीग में अरसली ने वैगाडीह को हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** प्रखंड अंतर्गत अरसली दक्षिणी पंचायत में वैगाडीह प्रीमियर लीग का 5 वां सीजन का फाइनल आज अरसली बनाम वैगाडीह के बीच खेला गया, जिसमे अरसली की टीम ने 9 विकेट से फाइनल मैच को जीत लिया। मैच के शरुआत मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव और बीडीसी सकील अहमद ने फीता काटकर किया। मैच में टॉस जीतकर वैगाडीह ने बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया जिसे अरसली की टीम ने निर्णय को असलम, लाखो और भोला ने गलत साबित करते हुए वैगाडीह टीम को महज 12 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 97 रन के स्कोर पर ही रोक दिया। जबाबी पारी खेलने उतरी अरसली की टीम ने मस्तान के 46 रन और अमरेंद्र के 21 रन तथा असलम के 16 रन से महज 9 ओवर में ही 1 विकेट खोकर जीत हाशिल कर लिया। जिसके बाद मस्तान को 2 विकेट और 46 रन का योगदान देने के लिए मैन ऑफ द मैच तथा भोला को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया। उक्त टूर्नामेंट को अध्यक्ष आशीष सिंह उपाध्यक्ष अमलेश सिंह सचिव जितेंद्र कुमार उपसचिव राजू कुमार कोषाध्यक्ष मोहन कुमार संयोजक सुनील साह, अशोक राम संरक्षक दुदुन सिंह, संतोष साह, विजय ठाकुर, राजा यादव महेश, आशीष, धर्मेंद्र, अनुज राम, के सहयोग से सफल बनाया गया।

# बिरला ओपेन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल का फीता काटकर किया गया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** बंशीधर नगर अंतर्गत सीरिया टोंगर में गुरुवार को बिरला ओपन माइंडस इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उदघाटन समारोह को सम्बोधित करते हुये जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व उनके सर्वांगीण विकास के लिये एक अच्छे शिक्षण संस्थान का होना आवश्यक है।उन्होंने उपस्थित लोगों से अपनी सुविधा के अनुसार अपने बच्चों का नामांकन कराने की अपील किया।उन्होंने कहा कि शिक्षा बच्चों का अधिकार है।सब डिविजनल कोर्ट के ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट शैलेन्द्र कुमार नापित ने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसका ध्यान रखा जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय की स्थापना बच्चों के



शिक्षा के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।प्राचार्य रवीश प्रजापति ने अभिभावकों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को विद्यालय की विशेषताओं की जानकारी देते हुए कहा की विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि बच्चों के संपूर्ण विकास के लिए इस विद्यालय में सभी सुविधा उपलब्ध है। बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल कॉरपोरेट टीम के प्रतिनिधि अभिषेक सिंह, ऑपरेशंस मैनेजर ने भी विद्यालय के विशेषताओं की जानकारी दिया।उन्होंने विद्यालय के दृष्टिकोण और मिशन से लोगों को अवगत कराया।उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के समग्र विकास की दिशा में विद्यालय प्रतिबद्ध है और बच्चों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित है।इस समारोह को पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, रमना प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी, समाजिक कार्यकर्ता आशीष भारद्वाज, बहियार पंचायत की मुखिया सोनी देवी, आशुतोष सिंह, पत्रकार धीरेंद्र चौबे ने भी अपने विचार व्यक्त किये।कार्यक्रम के अंत सभी अतिथियों व सेवानिवृत्त शिक्षकों को मेमोंट व शाल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय प्रबंधन टीम के चेयरमैन बिरेन्द्र सिंह, निदेशक मनीष कुमार सिंह, युवराज सिंह, विनोद सिंह, आशुतोष शरण सिंह, विद्या सिंह, अनुज सिंह,लक्ष्मण राम, शैलेश चौबे, ओमप्रकाश चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, विभूति भूषण चौबे, शिवकुमार पांडेय, सेवानिवृत्त शिक्षक गदाधर पांडेय, शिवनारायण चौबे सीता राम जायसवाल, अर्जून राम, रामवृक्ष पासवान, अलीम अंसारी, उमेश सिंह, संजय सिंह, शिक्षक कमलेश पांडेय, सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अनुज सिंह ने किया।

## धुरकी पुलिस नें फ्रॉड सीएसपी संचालक को गिरप्तार कर भेजा जेल



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धुरकी पुलिस ने एक बड़ी करवाई करते हुये सीएसपी संचालक को गिरफ्तार कर लिया है। सीएसपी संचालक को फर्जी डुप्लीकेट अंगूठा निशान बनाकर ग्राहकों से पैसा निकासी करने के आरोप में एक युवक को धर दबोचा है। सीएसपी संचालक और आरोपी युवक निरंजन कुमार (पिता जगनरायण साह)उम्र 19 वर्ष ग्राम सोनेहरा थाना डंडई के निवासी है। सीएसपी संचालक रैपी पे,स्पाइस मनी,एवं फिनो बैंक नामक आईडी का सीएसपी संचालित करता था। गुरुवार को पुलिस ने आरोपी संचालक से पूछताछ के क्रम में खुलासा हुआ और आरोपी संचालक ने बताया कि यूट्यूब में एक वीडियो देखा था कि फिंगर प्रिंट डिवाइस में ग्राहक का अंगूठा लगाने के समय एमसील, कैंडल या फेविकोल के मदद से अंगूठा निशान को लेकर बाद में कैसे उसके खाता से पैसे को निकासी किया जा सकता है। वही यूट्यूब में देखे गए वीडियो के माध्यम से आरोपी सीएसपी संचालक ने 25 मार्च को एमसील और फेविकोल जैसे सामग्री को घर से तैयार करके धुरकी थाना क्षेत्र के टाटीदीरी गांव पहुंचा। जहां उक्त गांव के दिनेश कुमार सीएसपी संचालक के दुकान के बाहर मौजूद ग्राहकों को दिग्भ्रमित कर नया सिस्टम से पैसा निकासी का प्रलोभन देकर पहले से तैयार किए गए एमसी ल और फेविकोल जैसे सामग्री को उसको फिंगर प्रिंट डिवाइस में फिंगर लगाने के जगह बारी -बारी से रख दिए उसके बाद तीन महिलाओं फूलकुमारी देवी,सुफिया खातून,रेशमी देवी का बारी बारी से एमसील पर अंगूठा का निशान और उन ग्राहकों का आधार कार्ड का फोटोकॉपी ले लिया गया।और ग्राहकों का बोल दिया गया की पैसा अभी नहीं निकल पाया है। बाद में प्रयास कर के निकासी कर लीजिएगा। जिसके बाद उक्त तीनों ग्राहकों के डुप्लीकेट अंगूठा का निशान से 7500 रुपए 9500 रुपए और 10000 रुपए का निकासी तीनों आईडी से कर लिया।इसी तरह दूसरी बार 4 अप्रैल को आरोपी संचालक पुनः वही गांव पहुंचा और वही सीएसपी के बाहर मौजूद एक ग्राहकों का अंगूठा लगवाया।जिसके बाद 10000 रुपए का निकासी कर लिया। वही तीसरी बार 8 अप्रैल को आरोपी संचालक फिर वही गांव पहुंचा और उसी सीएसपी केंद्र के बाहर मौजूद ग्राहकों से अंगूठा लगवाने का कोशिश की लेकिन मौजूद लोग इस आरोपी के कारनामे को देख शक हुआ और पुलिस को सूचना दिया। जिसके बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने ले आई ।दअरसल आरोपी संचालक में पुलिस को बताया कि वह बीए में पढ़ाई करता है और उसका घर का आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है इसी कारण से वह ऐसे कारनामें में जुड़ा हुआ था।वही आरोपी युवक और सीएसपी संचालक ने पुलिस के समझ अपना कारनामें को स्वीकार किया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि आरोपी के ऊपर प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उक्त को देखते हुये धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार नें साइबर ठगी से बचने के लिए टोल फ्री नंबर 1930 संपर्क करते हुये पुलिस को अभिलम्ब सुचना देने की अपील किया हैं।

## छुट्टी के बावजूद पोषण पखवाड़ा में जल सहियाओं ने जारी रखा गोष्ठी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पोषण पखवाड़ा के तहत गुरुवार को हैदरनगर प्रखंड के परता पंचायत में जलसहिया गीता देवी की सक्रियता से स्थानीय मंदिर परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत के सभी गांव टोलों को गंदगी मुक्त व स्वच्छ हर हाल में रखने की रणनीति बनाई गई। उन्होंने इसके लिये अधिकांश गंदगी वाले क्षेत्र के सभी घरों तक जाकर स्वच्छता रखने के प्रति जागरुकता लाने का संकल्प लिया है। वहीं खरगाड़ा व मोकहर कला पंचायत में जलसहिया रीना देवी व शगुफ्ता सुल्ताना ने ग्रामीण महिलाओं संग बैठक में कहा कि उन्हें सहित समस्त गांवों के ग्रामीणों को स्वस्थ रखने के लिये तेजी से स्वच्छता अभियान जारी रखने व सरकार से मिली शौचालय का शत प्रतिशत उपयोग कराने के प्रति प्रेरित करना होगा। जिससे आसपास के लोगों को भी खुले में शौच व दुर्गंध से मुक्ति मिल सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान को लगातार क्रियाशील



कराने में जल एवं स्वच्छता मिशन के प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि योगदान व सहयोग मिल रहा है। प्रखंड समन्वयक हरसु कुमार दयानिधि ने कहा कि गुरुवार को महाबीर जयंती की छुट्टी के बावजूद विभिन्न पंचायतों में जलसहियाओं की पोषण पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान के प्रति जागरुकता कार्य में बहुमूल्य समय दिया है। निश्चित ही ऐसे जलसहिया को सम्मानित किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि विभागीय दिशा निर्देश के तहत 8 से 22 अप्रैल तक जारी पोषण पखवाड़ा में इनकी भूमिका सक्रिय रखने का पूरा प्रयास होगा। उसमें आंगनबाड़ी व ग्राम स्तर पर हाथ धुलाई, शौचालय का शत प्रतिशत उपयोग के अलावे कुपोषण के बचाव का मुख्य विषय रखा गया है।

# भाजपा ने लगमा ब्रह्म स्थान मंदिर परिसर में चलाया साफ-सफाई अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष सफलता पुर्वक पुरा होने पर सेवा पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें लगमा ब्रह्म स्थान मंदिर परिसर में साफ-सफाई अभियान स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थी से सम्पर्क कर चर्चा किया गया। साथ ही राम मंदिर आंदोलनकारी बिरेंद्र जायसवाल को अंगवस्त्र दे कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान गढ़वा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी के आवास पर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों के साथ सम्मेलन का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार सेवा



भावना से काम करने वाली एक मात्र सरकार है प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सफलता पुर्वक 11 वर्ष पुरा कर लिया है इससे यह साबित होता है कि देश में एक अच्छी सरकार चल रही है। जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। भाजपा नेता विनय चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पहली बार ऐसा सरकार बना है जो सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर काम कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, पुर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, हरेन्द्र दुबे, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष उदय कुशवाहा, पार्वती सिंह, डॉ लाल उमेश कश्यप सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### गड्ढे में मिला दो शव, मचा हडकंप

**रांची।** गुरुवार को टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में सुबह एक नमक गोदाम के पास एक गड्ढे में दो युवकों की शव मिलने से सनसनी फैल गई। शवों के पास एक मोटरसाइकिल और एक पिस्तौल भी पाई गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को गड्ढे से बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। प्राथमिक जांच में दोनों मृतकों की पहचान गुमला जिले के सिसई क्षेत्र के रहने वाले संदीप साहू (22 वर्ष) और गोपाल साहू (25-26 वर्ष) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि टाटीसिलवे की इस सड़क पर चौड़ीकरण के काम के बाद से ही हादसों का सिलसिला थमा नहीं है। सड़क पर पानी का छिड़काव नहीं होने और धूल मिट्टी के जमाव से दृश्यता बेहद कम हो गई है, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

### भगवान महावीर की प्रतिमा पर जलाभिषेक कर श्रद्धालुओं ने मनाई महावीर जयंती

**रांची :** गुरुवार को जैन श्रद्धालुओं ने जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की प्रतिमा पर जलाभिषेक कर महावीर जयंती मनाई।इस अवसर पर अपर बाजारा स्थित जैन मंदिर से मुख्य सड़क तक धार्मिक जुलूस निकाला गया। भगवान महावीर का मूल नाम वर्धमान था, जिनका जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के मुजफ्फरपुर में हुआ था।उनके पिता का नाम सिद्धार्थ था, जो क्षत्रिय कुल के मुखिया थे और उनकी माता त्रिशला लिच्छवी राजकुमारी थीं, जो वैशाली के शासक चेतक की बहन थीं।उनका विवाह राजकुमारी यशोदा से हुआ था और उनकी एक पुत्री का जन्म हुआ था। 30 वर्ष की आयु में वर्धमान ने सांसारिक सुखों का त्याग कर दिया। किनारे पर उन्होंने तपस्वी का जीवन जिया और कठोर तपस्या और गहन ध्यान का अभ्यास किया।भगवान महावीर को जिन के नाम से जाना जाता है, जो आत्म-विजेता हैं।

# दस एकड़ जमीन की खातिर अनिल टाइगर की हुई थी हत्या




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने बताया कि बीते 26:03.20205 को काँके थानान्तर्गत काँके चौक के एक होटल में इन्द्रजित कुमार अनिल उर्फ अनिल महतो उर्फ अनिल टाईगर की अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा गोली मारकर हत्या की गई थी, जिस संदर्भ में मृतक की पत्नी लता देवी के आवेदन के आधार पर अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध काँके थाना काण्ड संख्या-90/25 27.03.2025 धारा-103(1)/3(5) एवं 27 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत काण्ड दर्ज किया गया है। उक्त घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए। हत्या में शामिल शूटर अमन सिंह, रोहित वर्मा, जिसान अख्तर उर्फ जिसु, मनिष चौरसिया, अजय कुमार रजक सहित पाँच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है, तीन की तलाश जारी है।

**घटना की पृष्ठभूमि:** अनुसंधान के क्रम में ज्ञात हुआ कि इस काण्ड के मृतक अनिल उर्फ अनिल महतो उर्फ अनिल टाईगर मुल रूप से साकिन गागी खटगा गाँव थाना काँके जिला राँची के निवासी थे, जो भाजपा के राजनैतिक कार्यकर्त्ता भी थे। मृतक अनिल उर्फ अनिल महतो उर्फ अनिल टाईगर के द्वारा बामगुरु मौजा अन्तर्गत खाता संख्या-01 के अन्तर्गत प्लॉट संख्या-1704, 1705. 2240 2245,2246,2247 2248 2249 2241 2243 2244 2268, 2270 2265 2266 2267 2269 2278. 2279. 2280 2281 2282 2283,2284,2289 के कुल रकवा-10 एकड़ विवादित भूमि के सबंध में गागी खटगा गाव के ग्रामिणों के सहयोग से देवव्रत नाथ शाहदेव पिता-दामोदर नाथ साहदेव बड़ा लाल स्ट्रीट किशोरगंज, रांची के द्वारा किये जा रहे कब्जे का विरोध किया था, जिस दौरान कई बार देवब्रत नाथ शाहदेव एवं अनिल महतो के बीच वार्ता विफल रही थी। वार्ता के दौरान ही वर्ष-2023 के अगस्त माह में देवव्रत नाथ शाहदेव द्वारा उक्त भूमि पर चाहरदिवारी का निर्माण कर जबरन दखल कब्जा किया जा रहा था. जिस दौरान अनिल महतो ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से देवव्रत नाथ शाहदेव के द्वारा किये जा रहे दखल कब्जा का विरोध किया गया। जिस संदर्भ में देवव्रत नाथ शाहदेव ने उक्त भूमि के केयर टेकर दिलीप कुमार मुंडा के माध्यम से कांके थाना में अनिल महतो सहित 08 नामजद एवं 40-50 अन्य के विरूद्ध मारपीट, तोड़फोड़ करने एवं रंगदारी की मांग करने के आरोप में कांके थाना कांड संख्या-215/2023 -26.08.23 दर्ज करायी थी। इस घटना के पश्चात् भी कई बार देवव्रत नाथ शाहदेव ने अपने सहयोगियों के माध्यम से उक्त भूमि पर दखल-कब्जा करने एवं विक्री करने का प्रयास किया। परंतु मृतक अनिल महतो देवव्रत नाथ शाहदेव का लगातार विरोध किया, जिसके परिमाणस्वरूप देवव्रत नाथ शाहदेव के द्वारा उक्त भूमि पर न तो कब्जा किया जा सका और न ही उसकी विक्री की जा सकी।

**जमीन को लेकर हुई थी बैठक:** दिसम्बर 2023 में देवव्रत नाथ शाहदेव के पक्ष में हरमू निवासी विनोद पासवान नामक व्यक्ति ने तथा अनिल महतो ने विवाद के समाधान हेतु विनोद पासवान के घर बैठक किया गया। बैठक के दौरान अनिल टाईगर ने यह माँग रखी कि प्रति डिसमील 50,000/-रूपये की दर से 4.5 करोड़ रूपये आप हमको दिजिए तब स्थानीय जोतकार आपका विरोध नहीं करेंगे। परतु बैठक के दौरान ही देवव्रत नाथ शाहदेव एवं मृतक अनिल महतो के बीच रूपये न-देने के बिन्दु पर समझौता नहीं हो पाने के कारण कहासुनी हुई तथा देवव्रत नाथ शाहदेव ने अनिल महतों की धमकी देते हुए उनपर पिस्टल तान दिया, जिसके परिणामस्वरूप समझौता वार्ता पुनः विफल हो गई।

**सांसद का प्रवेश :** इस हत्या कांड में जब दोनों के बीच वार्ता के विफल रहा तो, देवव्रत नाथ शाहदेव के द्वारा विवादित जमीन घर पालकोट हाउस रोड नामक पहुँच पथ सांसद मद से बनाने का निर्णय लिया गया तथा सासंद रांची के माध्यम से उसके शिलान्यास हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसकी सूचना मृतक अनिल टाईगर को प्राप्त होने पर उनके द्वारा सासंद के समक्ष विवादित जमीन से संबंधित तथ्य रखा गया। साक्षियों के अनुसार जब सांसद शिलान्यास के लिए गागी तक पहुँचे तो पुन अनिल टाईगर के द्वारा इस शिलान्यास का विरोध किया गया तो सांसद शिलान्यास कार्यक्रम रदद करते हुए वापस लौट गये।

**अपराधकर्मियों ने हत्या की योजना कोलकाता में बनाई :** देवव्रत नाथ शाहदेव, पिता दामोदर नाथ शाहदेव, बड़ा लाल स्ट्रीट पालकोट हाउस, किशोरगंज, रांची विवादित भूमि पर दखल कब्जा करने में असफल रहने के कारण इसके द्वारा अभिषेक सिन्हा उर्फ सुरज सिन्हा को अनिल महतो उर्फ अनिल टाईगर की हत्या की सुपारी दी गई। अभिषेक सिन्हा उर्फ सुरज सिन्हा, का अपराधिक इतिहास रहा है, जिसके द्वारा हत्या की घटना कारित करने के लिए शुटर अमन सिंह एवं रोहित वर्मा का प्रयोग किया गया तथा घटना कारित के एवज में 2.00,000/- रूपये के रकम दिये जाने का तथ्य ज्ञात हुआ है। इसके द्वारा शुटर एवं हत्या की घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों को ऑनलाईन रूपया ट्रांसफर किया गया है। हत्या की योजना अभिषेक सिन्हा द्वारा कोलकात्ता में बनायी गई है।

**कांटा टोली के होटल में ठहरे थे अभियुक्त:** 12.03.25 को कलकत्ता के उलटा डांगा स्थान के होटल में हत्या की योजना बनायी गई, जिसमें अभिषेक सिन्हा, अमन सिंह, रोहित वर्मा उपस्थित थे तथा देवव्रत नाथ शाहदेव से फोन के माध्यम से अपराधकर्मी संपर्क में थे तथा हत्त्या की योजना साझा किये। घटना शामिल शुटर अमन सिंह एवं रोहित वर्मा दिनांक 18.03.25 को कलकत्ता से चलकर रांची आये है तथा कांटाटोली स्थित होटल पिकनिक एवं होटल अतर में -26.03.25 तक रूके तथा इस दौरान रामगढ़ से अभिषेक सिन्हा द्वारा उपलब्ध कराये गये लाल रंग की अपाची मोटरसाईकिल एवं 10 गोली सहित एक पिस्टल प्राप्त किये तथा घटना में प्रयुक्त 01 अन्य होंडा साईन बाईक भी अभिषेक सिन्हा द्वारा हरमु रोड़ स्थित विशाल मेगा मार्ट के पास शुटरों को उपलब्ध कराई गई। घटना को अंजाम देने में सभी अपराधकर्मी टेलीग्राम, वाट्सएप, जंगी एप के माध्यम से परस्पर संपर्क में रहे।

**बरामद एवं जप्त सामान की विवरणी:** 04 एनड्रायड टच स्क्रीन फोन, एक काला रंग का होण्डा साईन मोटरसाईकिल

**छापामारी दल के सदस्य:** अमर कुमार पाण्डेय, पुलिस उपाधीक्षक (मु0) प्रथम, रांची, सुशील कुमार, पुनि-सह-थाना प्रभारी, काके थाना, कृष्ण कुमार साहु, पुनि, पुलिस केन्द्र,प्रकाश कुमार रजक, अंचल निरीक्षक, तमाड़, रांची,पुअनि बम शंकर कुमार, कोंके थाना, राँची। पुअनि, अमय कुमार, थाना प्रभारी, पिठोरिया, रांची,पुअनि प्रवीण कुमार, कांके थाना,पुअनि, टिंकु रजक, काके थाना, पुअनि, रौशन कुमार, काके थाना, पुअनि, कफील अहमद, कांके थाना, पुअनि, सतीश कुमार, सीसीआर, रांची, पुअनि. सत्यदेव कुमार पिठोरिया थाना,पुअनि, अनुप कुमार रातु थाना,पुअनि कृष्ण कुमार तिवारी, प्रभारी पुन्दाग ओपी, पुअनि विश्वजित कुमार सिंह, थाना प्रभारी, विधानसभा थाना, सअनि, भीम सिंह, खादगड़ा टीओपी,सअनि बलेन्द्र कुमार, तकनीकी शाखा, राची, सअनि संतोष कुमार, कांके थाना, सशस्त्र बल, काके थाना, सभी जिला रांची शामिल थे।

# महुआ माजी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से किया भेंट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** स्वस्थ होने के बाद राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ मुलाकात की और मुख्यमंत्री को मीठा खिलाकर आभार व्यक्त की।

# झामुमो को केंद्रीय महाधिवेशन की तैयरियों को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** 14 और 15 अप्रैल को होनेवाले झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रांची के हरमू स्थित पार्टी के केंद्रीय कार्यालय (कैंप) में आयोजन सह स्वागत समिति की बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में आसन्न पार्टी के केंद्रीय महाधिवेशन के तैयारियों एवं विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में आयोजन सह स्वागत समिति के सदस्य सुप्रियो




भट्टाचार्य, केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय,मंत्री चमरा लिंडा, विधायक विकास मुंडा, अभिषेक प्रसाद, नंदकिशोर मेहता, राज्य सभा सांसद डा महुआ माजी, विकास सिंह मुंडा, मनोज कुमार पांडेय, अशोक कुमार सिंह एवं मुस्ताक आलम शामिल हुए।

# प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ोतरी पर सरकार लगाये अंकुश : अजय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्य में सभी प्राइवेट स्कूलों में फीस बढ़ोतरी की सूचना के संबंध में पेरेंट्स एसोसिएशन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एसोसिएशन ने यह स्पष्ट किया है कि राज्य के शिक्षा मंत्री राम दास सोरेन को प्राइवेट स्कूलों द्वारा की गई विभिन्न मदो में फीस वृद्धि की पूरी सूची और संबंधित विवरण शीघ्र ही सौंपा जाएगा ताकि वे इस पर अंकुश लगाने को लेकर पहल कर सके। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि इस वृद्धि से अभिभावकों पर आर्थिक दबाव बढ़े है, जो पहले से ही महामारी के कारण वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। फीस में बढ़ोतरी के कारण कई परिवारों की शिक्षा पर आने वाली लागत बढ़ जाएगी, जिससे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलवाने में कठिनाई हो सकती है। पेरेंट्स एसोसिएशन ने राज्य शिक्षा मंत्री से यह अनुरोध किया है कि वह इस मुद्दे पर हस्तक्षेप करें और यह सुनिश्चित करें कि फीस वृद्धि को पारदर्शी तरीके से और उचित मानकों के तहत किया जाए। एसोसिएशन ने कहा कि उनका उद्देश्य शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करना है और वे इस मुद्दे पर सभी माता-पिता और शिक्षकों के साथ मिलकर समाधान चाहते हैं।

## मल्टी सुपर स्पेशियलिटी के साथ कैंसर सेंटर के रूप में जाना जायेगा पारस हॉस्पिटल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पारस हॉस्पिटल एचइसी में अब एक ही छत के नीचे कैंसर से जुड़ी सभी बीमारियों का इलाज होगा। आगामी 14 अप्रैल दिन सोमवार को रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पैट स्कैन की सुविधा प्रारंभ हो रही है। इसके साथ ही हॉस्पिटल में मेडिकल ऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के माध्यम से जांच से लेकर इलाज तक अब मरीजों को एक ही छत के नीचे मिलेगा। पारस हॉस्पिटल एचइसी के हेड एवं नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ मदन गुप्ता ने कहा कि कैंसर के इलाज में सर्जरी, कीमेथेरेपी और रेडियेशन की जरूरत होती है। पारस हॉस्पिटल में अब इन तीनों तकनीक से मरीजों का इलाज होगा। वहीं, कैंसर के जांच में पेट स्कैन का रोल महत्वपूर्ण होता है। पेट स्कैन ऑन्कोलॉजी का एक हिस्सा है। इससे पता चलता है कि मरीज का इलाज किया जा रहा है, तो कितना लाभ पहुंच रहा है। इन सभी सुविधाओं के होने से अब मरीजों को बड़े बड़े शहर नहीं जाना पड़ेगा। पारस हॉस्पिटल में ही एक ही छत के नीचे इलाज होगा। मल्टी सुपर स्पेशियलिटी के साथ ही साथ कैंसर सेंटर के रूप में पारस हॉस्पिटल जाना जायेगा। इस सेंटर के खुलने से झारखंडवासियों के लिए एक बड़ा लैंडमार्क बनेगा। डॉ गुप्ता ने कहा कि पारस हॉस्पिटल में कैंसर से संबंधित सभी प्रकार की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। ब्रेन कैंसर की भी सर्जरी हो रही है। कैंसर के इलाज में आज भी ऑपरेशन ही सबसे बड़ा और कारगर उपचार है। पारस हॉस्पिटल के रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ निशांत भारद्वाज ने कहा कि पारस हॉस्पिटल एचइसी में रेडिएशन ऑन्कोलॉजी और पेट स्कैन की शुरूआत होने जा रही है। अब पारस हॉस्पिटल पूरी तरह से ऑन्कोलॉजी सेंटर बन जाने से कैंसर के मरीजों को इसका सम्पूर्ण लाभ मिलेगा। अब यहां कैंसर का इलाज कराना सुलभ और आसान होगा। कैंसर के फैलाव न होने पर सर्जरी द्वारा कैंसर वाले हिस्से को निकाल दिया जाता है। कीमोथेरेपी में, कैंसर कोशिकाओं को मारने के लिए दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है रेडिएशन थेरेपी में, कैंसर कोशिकाओं को मारने के लिए विकिरण का इस्तेमाल किया जाता है। रेडियोथेरेपी से इलाज करना पुरी तरह सुरक्षित है। इसमें साइड इफेक्ट बहुत ही कम होते हैं।

# बाबा साहब की जयंती पर मानव श्रृंखला बनाएगी प्रदेश कांग्रेस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर मानव श्रृंखला बनाएगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मानव श्रृंखला अंबेडकर चौक से स्वामी विवेकानंद चौक,देवेंद्र मांझी चौक होते हुए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक तक संविधान की प्रति लेकर बनाई जाएगी। इस सम्बंध में पार्टी की प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने गुरुवार को बताया कि कार्यक्रम को लेकर 11 अप्रैल को रांची



महानगर,रांची ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदेश और जिला मोर्चा संगठन के अध्यक्ष, खिजरी और मांडर, कांके के विधायक समेत पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी सहित अन्य नेता शामिल होंगे। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा अपने आंतरिक एजेंडों के अनुसार धीरे-धीरे भारत के संविधान पर हमला कर रही है।

अपने इसी एजेंडे के तहत संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों में संशोधन कर रही है। इससे देश की जनता को संविधान से मिले अधिकारों में कटौती हो रही है।

संविधान को समाप्त कर लोकतांत्रिक व्यवस्था की जगह राजशाही सत्ता स्थापित करने की मंशा भाजपा पूरी करना चाहती है। भाजपा की इस मंशा का विरोध कांग्रेस देशव्यापी स्तर पर कर रही है।

### मौसम ने बदला मिजाज, कई जगह ओलावृष्टि

**रांची :** गुरुवार को अचानक शाम 4:00 बजे मौसम का मिजाज बदल गया । रांची, कांके, नामकुम,,पिठोरिया और इसके आसपास के कई प्रखंडों में मौसम बदले जाने के बाद जमकर बारिश हुई। वहीं कुछ जगह पर बर्फ भी गिरी । मौसम का मिजाज बदलने से गर्मी से लोगों को राहत मिली। इस दौरान कई घंटे तक बिजली भी गुल रही। हवा चलने से कई जगह पर पेड़ की टहनी भी टूट कर गिर गई, हालांकि मौसम का मिजाज बदलने के दौरान कोई बड़ी घटना नहीं हुई है ,खबर लिखे जाने तक बारिश हो रही थी ।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने वाली नुसरत जहां नहीं रही



**परवेज़ कुरैशी@प्रभात मंत्र**

**रांची :** झारखंड से राज्यसभा सांसद रहे परिमल नाथवानी के रांची कार्यालय की महिला कर्मी सह समाजसेवी और झारखंड अलपसंख्यक आयोग की पूर्व महिला सदस्य नुसरत जहां सिद्दीकी का 10 अप्रैल 2025 को सुबह 4ः00 बजे बरियातू के लेक व्यू अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया । नुसरत को बीपी बढ़ने की समस्या हुई थी, तब उसे आनन फानन में 8 अप्रैल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बताया गया कि उन्हें इलाज के दौरान अचानक हार्ट अटैक होने से मृत्यु हो गई।

**कौन थी नुसरत जहां:** नुसरत जहां पिता मरहूम हाजी याहिया सिद्दीकी, माता नासिर जहां के यहां तीन बेटे मो नुमान, इसहफान, रेहान और चौथी नुसरत जहां का जन्म हुआ था। नुसरत बचपन से ही पढ़ने लिखने में तेज थी । वे कांके प्रखंड संत मारिया स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा दीक्षा प्राप्त की और फिर रांची कॉलेज से पीएचडी की ,इस दौरान उन्होंने पत्रकारिता की भी शिक्षा ली और रांची आकाशवाणी और 2008 के आसपास रांची दूरदर्शन के खबरे खेती के कार्यक्रम से केजुअल के तौर पर जुड़ गई। इसी दौरान राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी के यहाँ उनके कार्यालय कर्मी के रूप में योगदान देने का मौका मिला और सांसद आदर्श ग्राम सहित कई योजनाओं के लिए वे झारखंड के सुदुरवर्ती गांवों में काम करने लगी। साथ ही साथ वे चेंजिंग लाइफ ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया नामक एनजीओ भी चलाती थी। इसी एनजीओ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की छात्राओं,महिलाओं को जागरूक, शिक्षित और रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य बना रखा था। सरकात्मक रूप से वे सिलाई, कढ़ाई, बुनाई इत्यादि की प्रशिक्षण देकर महिलाओं को जोड़ने का भी काम करती थी । नुसरत जहां की शादी बिहार के गया जिला के रहने वाले माजिद हुसैन सिद्दीकी से हुई थी, माजिद हुसैन अमेरिका के रॉयल कैलिफोर्निया नामक नीजी कंपनी के क्रूज में कार्यरत हैं, फिलहाल हुए समंदर में सीप में हैं और संभवतः तीन चार दिन के बाद ही वे भारत लौट सकेंगे, इसलिए पति माजिद अपनी पत्नी नुसरत जहां की मिट्टी में शामिल नहीं हो सकेंगे। उनकी मिट्टी कांके के पतरा टोली कब्रिस्तान में 10/4/25 को ही बाद नमाज ईसा कर दिया जाएगा।

### नुसरत जहां अपने काम के प्रति ईमानदार थी

नुसरत जहां का मूल उद्देश्य था कि ग्रामीण क्षेत्र की जो छात्राएं, महिलाएं हैं वे चाहे मुस्लिम, आदिवासी, दलित, पिछड़ा किसी भी धर्म जाति की महिलाएं हो उन्हें जागरूक करना, शिक्षित कराना और किसी तरह से उनके हुनर को निखार कर उसे रोजगार उपलब्ध कराना था, ताकि आत्मनिर्भर बनाना था। इतना ही नहीं जब लोअर बाजार थाना क्षेत्र के इस्लामनगर में नगर निगम अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया गया था और कई गरीबों के घरों को उजाड़ दिया गया था, इस बस्ती को उन विस्थापितों को बसाने के लिए लंबी कानूनी लड़ाई लड़ी गई थी जिसमें राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ,इस्लामनगर की शकील अहमद के साथ-साथ नुसरत जहां सिद्दीकी का अहम योगदान रहा है इसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। साथ ही साथ अंजुमन इस्लामिया के अधीन जो अंजुमन प्लाजा के ऊपर कुछ हिस्सा स्टेडी लाइब्रेरी के रुप में चल रही है वह राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी के सांसद मद से निर्मित है, और इसके लिए अंजुमन इस्लामिया के तत्कालीन अध्यक्ष इबरार अहमद ने पहल किये थे और नुसरत जहां के माध्यम से नाथवानी ने लाइब्रेरी के लिए फंड जारी किये थे। इसके अलावा करीब 25 सालों से वार्ड 11 कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला का रोड जर्जर था , बल्कि जमीन दोज हो चुकी थी और उस सड़क को कोई विधायक,सांसद, पार्षद बनवा नहीं रहा था, ऐसे में झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी ने पहल किये तब परिमल नाथवानी के सांसद मद से जर्जर सड़क का निर्माण कराया गया था, इसमें संदीप वर्मा, नलिन सिन्हा और नुसरत जहां का भी काफी योगदान था। ऐसे कई उल्लेखनीय कार्य हैं चाहे वह धूमकुड़िया, सरना स्थल,सड़क, नाली, चाहरदिवारी, निर्माण ,एंबुलेंस दिलाने की बात हो , साथ ही किसी जरुरत मंद होनहार छात्र- छात्रा जिसका स्कूल,कॉलेज में दाखिला नहीं हो रहा हो तो नुसरत दाखिला कराने में पीछे नहीं रहती थी।

**बिहार से था संबंध :** नुसरत जहां मूल रूप से उनके परिवार के लोग बिहार के सिवान जिला के रहने वाले थे और बहुत साल पहले इनके दादा मरहूम सफी अहमद रांची आ गए थे। शुरुआत में वे सब हिंदी पीढ़ी में रहते थे, तब मरहूम दादाजी एनईसी नामक एक कंपनी या संस्था थी उसमें नौकरी करते थे । इसके बाद वे रांची जिला अंतर्गत कांके विधानसभा के मिल्लत कॉलोनी में रहने लगे थे।

**शोक की लहर :** नुसरत जहाँ सिद्दीकी के निधन से समाजिक, राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। भाजपा नेता संदीप वर्मा, नलिन सिन्हा,अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कलाम खान, समाजसेवी सकील अहमद, वक्फ बोर्ड के सदस्य इबरार अहमद, झारखंड प्रदेश जमीयतुल कुरैश के प्रदेश अध्यक्ष मुजीब कुरैशी, वरिष्ठ पत्रकार किसलय, पत्रकार परवेज़ कुरैशी, डा शहनवाज कुरैशी, घनश्याम श्रीवास्तव, संजय कृष्ण,रेखा पाठक, फरजाना फारुकी, मनोज, मुस्तकीम आलम, नौशाद आलम, जगदीश जग्गु, शाहबुद्दीन, जबीउल्लाह,अरुण नायक, आरिफ खान सहित कई गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

# घुसपैठियों और वक्फ के समर्थन में प्रस्ताव पारित करे झामुमो : अजय साह

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के आगामी महाधिवेशन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने गुरुवार को झामुमो पर आदिवासियों के नाम पर केवल राजनीतिक दिखावा करने का आरोप लगाया और मांग की कि पार्टी अधिवेशन के मंच से स्पष्ट रूप से बताएं कि वह आदिवासियों की ज़मीन की रक्षा करना चाहती है या तुष्टिकरण की राजनीति को आगे बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि झामुमो बार-बार आदिवासी हितों की बात करती है, लेकिन जब ज़मीन पर उनकी सुरक्षा की बात आती है, तो पार्टी चुप्पी साध लेती है। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पारित वक्फ संशोधन कानून ने शेड्यूल पांच में आने वाली आदिवासी ज़मीनों को वक्फ एक्ट के दायरे से पूरी तरह बाहर रखा है। यह कानून उन आदिवासियों के लिए एक क्रांतिकारी सुरक्षा कवच है, जिनकी ज़मीन पर अवैध कब्ज़े लगातार हो रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कानून आने के बाद अब उन घटनाओं पर रोक लगेगी, जिनमें मुस्लिम वक्फ़ बोर्ड के नाम पर बांग्लादेशी घुपैठियों द्वारा आदिवासियों की ज़मीन हड़पी





जा रही थी। बांग्लादेशी घुसपैठ से राज्य की डेमोग्राफी में बड़ा बदलाव आया है, जिसके कई भयावह परिणाम सामने आ रहे। उन्होंने संशोधित वक्फ कानून को एक ऐसा ऐतिहासिक और दूरगामी कदम बताया जो आदिवासियों की भूमि सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अजय ने सवाल उठाते हुए कहा कि ÷क्या जेएमएम इन दोनों मुद्दों पर प्रस्ताव लाकर आदिवासी समाज को आश्वस्त करेगी। या फिर वह राजनीतिक तुष्टिकरण के चलते मुस्लिम वोट बैंक की चिंता में डूबी रहेगी। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि महाधिवेशन में अगर झामुमो वक्फ संशोधन कानून का समर्थन नहीं करती, तो यह साफ हो जाएगा कि उनका आदिवासी प्रेम केवल एक राजनीतिक मुखौटा है। अजय ने आशंका जताई कि झामुमो कर्नाटक मॉडल को अपनाने की तैयारी में है, जहां आदिवासियों और दलितों के अधिकारों को मुस्लिम समुदाय की ओर डायवर्ट किया गया है।

# प्रेम कुमार महतो को शहीद का मिले दर्जा, दोषी पर हो कठोर कार्रवाई : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पिछले दिनों बोकारो स्टील प्लांट बीएसएल के प्रशासनिक भवन के सामने नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे विस्थापित अप्रेंटिस संघ के सदस्यों पर सीआईएसएफ ने लाठीचार्ज कर दिया था। इस लाठीचार्ज में ग्राम धावाटांड़, नावाडीह प्रखंड, बोकारो जिला के 24 वर्षीय प्रेम कुमार महतो की मौत हो गई थी। गुरुवार को नेता प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने उनके आवास जाकर



शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। शोक संवेदना प्रकट करते हुए घटना की जानकारी ली। मरांडी ने कहा कि भाजपा विस्थापितों की लड़ाई में उनके हक और अधिकार दिलाने के लिए साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि विस्थापितों की मांग स्वाभाविक है। ये हक की लड़ाई लड़ रहे है, इसलिए प्रेम कुमार महतो की पुलिस की गोली से हुई मौत, उसकी शहादत है। उन्हें शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि गोली चलाने वाले पुलिस जवान पर हत्या का मुकदमा दर्ज हो तथा कठोर सजा दिलाई जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं हो। उन्होंने कहा कि भाजपा इस न्याय की लड़ाई में पीड़ित परिवार और विस्थापितों के साथ खड़ी है।

## सिल्ली के दो छात्राओं का सीएम स्कूलऑफ़ एक्सीलेंस में हुआ चयन




**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजकीयकृत मध्य विद्यालय बांसारूली के दो छात्रा रितिका कुमारी महतो, एवं मीना कुमारी का चयन सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस बरियातू के लिए हुआ है। रितिका के पिता एक दीहाड़ी मजदूर है। गरीबी में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही रितिका कुमारी को अब पढ़ाई के लिए गरीबी अब बाधक नहीं बनेगा। वहीं मीना कुमारी कुटाम निवासी चिरंजीवी सिंह मुंडा की पुत्री है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार महतो ने बताया कि पिछले 24 मार्च को कि छात्राएं चयन परीक्षा में शामिल हुई थी। इन छात्राओं के सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनीता देवी, पूर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, उप प्रमुख आरती देवी, मुखिया लालू उरांव, शोभाराम महतो, दुर्गा प्रसाद, अनिल कुमार महतो, आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में मनाया गया भगवान महावीर जयंती



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में भगवान महावीर जयंती मनाई गई।इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं महावीर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं विद्यालय के आचार्य योगेंद्र ठाकुर के द्वारा महावीर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छात्र छात्राओं को उनके विचारों को ग्रहण करने की प्रेरणा दी।स्कूल के प्राचार्य गणेश कुमार महतो ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में प्रत्येक वर्ष भगवान महावीर जयंती धूमधाम के साथ मनाई जाती है।इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा भगवान बुद्ध की जीवनी, कविता,प्रेरक प्रसंग एवं चित्र प्रस्तुत किया गया।इस मौके पर प्राचार्य गणेश कुमार महतो,विद्यालय के आचार्य राजेंद्र महतो, ओंकार तिवारी, तीजू महतो,कुंदन सिंह, प्रमोद कुमार,प्रभात पासवान,मनोज कुमार महतो, शिव प्रसाद राम, रामप्रसाद महतो,अनिल सिंह, बालेश्वर महतो, राजेश्वरी सिन्हा,वीणा देवी, सोनिका कुमारी,नीलम कुमारी,भगवती गुप्ता, अंजू झा सहित स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

## पटेल बीएड कॉलेज में महावीर जयंती हर्षोल्लास से मनाया गया

**कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटेल बीएड कॉलेज लोधमा में गुरुवार को बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ महावीर जयंती का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य महोदय भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं. कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया. इसके पश्चात प्राचार्या महोदया ने अपने उद्बोधन में भगवान महावीर के सिद्धांतों को आज के युग में प्रासंगिक बताते हुए छात्रों से उनके जीवन में अमल करने की अपील की. उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी का जीवन हमें त्याग, तपस्या और करुणा का मार्ग दिखाता है. महावीर जयंती का यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक रहा.



## अवैध रूप से गांजा बेचने को लेकर अनगड़ा पुलिस ने राज्जो देवी को किया गिरफ्तार, जेल




**अनगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अनगड़ा थाना अंतर्गत गेतलसूद गांव में अवैध रूप से गांजा बेचने को लेकर माना महतो की पत्नी राज्जो देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर सत्यापन हेतु पु0उ0 महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक महोदय, रांची एवं पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण रांची के निर्देशानुसार छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस उपाधीक्षक सिल्ली सिल्ली रांची के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए महोदय गुरुवार की दोपहर को अनगड़ा गेतलसूद गांव में छापामारी अभियान चलाया, इस दौरान गेतलसूद निवासी माना महतो की पत्नी राज्जो देवी उम्र 58 वर्ष के घर से विधिवत तलाशी के क्रम में प्रा0अ0नि0अनगड़ा देवी के घर से गुलाबी रंग के पारदर्शी प्लास्टिक में लगभग 840 ग्राम गांजा पाया गया।जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया साथ ही प्रा0अ0नि0राज्जो देवी उम्र 58 वर्ष पति माना महतो सा0 गेतलसूद बस्ती थाना अनगड़ा जिला रांची को विधिवत गिरफ्तार किया गया।

## दुर्गा मंदिर में चोरी करते रंगे हाथ युवक को पकड़ा



**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुमका के जेल रोड स्थित दुर्गा मंदिर में गुरुवार सुबह करीब 10:30 बजे चोरी की कोशिश करते एक युवक को मंदिर के सदस्यों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि युवक मंदिर से भगवान शालिग्राम और पूजन में प्रयुक्त कांसे के बर्तन चोरी करने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान उसे पकड़ लिया गया। सूचना मिलने पर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में लेकर थाना ले गई। फिलहाल पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।बता दे कि पूर्व में भी कई बार मंदिर में चोरी हो चुकी है।

## ओलचिकी को राज्य भाषा बनाने की मांग को लेकर बैठक



**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओलचिकी भाषा को राज भाषा बनाने अलचिकी भाषा में पढ़ाई शुरू करने आदि मांगो को लेकर मसलिया के रांगा गांव में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और अपनी मांगों को लेकर चर्चा की। बैठक के मुख्य बिंदु ओलचिकी भाषा को राज भाषा बनाने की मांग: स्थानीय लोगों ने ऑल चिकी भाषा को राज भाषा बनाने की मांग की, जिससे उनकी भाषा और संस्कृति को मिल सके। लोगों ने ओलचिकी भाषा में पढ़ाई शुरू करने की मांग की, जिससे बच्चों को अपनी मातृभाषा में शिक्षा मिल सके। बैठक में स्थानीय मुद्दों पर चर्चा की गई, जैसे कि शिक्षा, स्वास्थ्य, और बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता।

# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में बदला मौसम का मिजाज बारिश और ओलावृष्टि से मिली लोगो को गर्मी से राहत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में गुरुवार की दोपहर से तेज हवाओं के साथ हुई बारिश और ओलावृष्टि से कोयलांचल क्षेत्र का मौसम काफी सुहाना हो गया है।जानकारी के अनुसार तेज हवाओं के साथ रिमझिम बारिश और ओलावृष्टि से एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल गया है।सुबह से ही पूरा इलाका बादलों की चपेट में आ गया,जिसके बाद तेज हवा के साथ रिमझिम बारिश शुरू हुई।बारिश के साथ तेज हवाओ ने लोगों को भीषण भरी गर्मी से राहत दी है।गुरुवार की दोपहर 2ः30 बजे के लगभग अचानक तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई।बारिश,तेज हवा,ओलावृष्टि और गरज के कारण बचरा के आवासीय कालोनी सहित ग्रामीण इलाकों में विद्युत आपूर्ति घंटो ठप रही।अचानक मौसम में आयी बदलाव के बाद तापमान में भी गिरावट देखी गई।इस दौरान कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को भीषण भरी गर्मी से भी राहत मिली है।मौसम में बदलाव के बीच क्षेत्र के चौक चौराहा एवं बाजारों में रौनक देखी जा रही है।ज्ञात हो कि पिछले एक सप्ताह से पुरे इलाके मे भीषण भरी गर्मी और लोग काफी परेशान थे।इस बीच मौसम में आयी बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली है।इधर बारिश के कारण क्षेत्र के ट्रांसपोर्टिंग सड़कों की सूरत बदल गई है।सड़कों पर कीचड़ों का अंबार लगा हुआ है जिसके कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीण इलाकों में कच्ची सड़क गीली हो गई है,जिसमे चलना चलना मुश्किल हो गया है।इससे पूर्व बुधवार की शाम बचरा सहित कई इलाको मे रिमझिम बारिश हुई।समाचार लिखे जाने तक कोयलांचल क्षेत्र में हल्की बारिश और ठंडी हवाओ से मौसम काफी सुहाना हो गया है।



# सिल्लीडीह में चैत्र पर्व व शिव पुजा 13 व 14 अप्रैल को, आयोजन समिति के महिलाओं ने सहयोग राशि के लिए घर घर किया सम्पर्क

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** प्रखंड के सिल्लीडीह गांव में आगामी 13 व 14 अप्रैल को आयोजित चैत्र पर्व व शिव पुजा को लेकर पुजा समिति के महिलाओं ने मंगलवार को सिल्ली में घर घर जाकर लोगों से सहयोग राशि प्राप्त की। वहीं सिल्ली राजवाड़ी पहुंच कर पुजा समिति के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र से मुलाकात कर पुजा को लेकर चर्चा की एवं सहयोग राशि एकत्र करने की जानकारी दी। पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने बताया कि गांव में आगामी 13 व 14 अप्रैल को चैत्र संक्रांति पर सिल्ली डीह गांव के शिव मंदिर में पुजा का भव्य रूप से आयोजन किया गया है। जिसमें मंदिर परिसर में 13 अप्रैल को पुजा तथा रात भर छौऊ नृत्य के कार्यक्रम के अलावे मेला का आयोजन किया जाएगा। वहीं दुसरे दिन 14 अप्रैल सुबह पारंपरिक फुलखुंदी ( दहकते अंगारों पर चलना) का आयोजन किया है। जिसमें व्रती भोगता फुलखुंदी कर पुजा सम्पन्न करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि शिव पुजा के लिए सहयोग राशि प्राप्त करने का उद्देश्य चैत्र संक्रांति पर आयोजित पूजा को सफल बनाने और समुदाय की एकता को बढ़ावा देना है। यह आयोजन क्षेत्र के लोगों को एक साथ लाने और उनकी एकता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है। गांव की महिलाएं इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिन्होंने लोगों से सहयोग राशि प्राप्त कर पूजा के आयोजन को सफल बनाने में मदद करती हैं। यह आयोजन महिलाओं की सक्रियता और समुदाय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस मौके पर पुजा समिति की जलनी देवी, रुक्मिणी देवी, माला देवी , सरिता देवी, प्रभा देवी, अंजनी देवी , रम्भा देवी, ललिता देवी , अलका देवी दमयंती देवी, सतुला देवी , सहचरी देवी, उर्मिला देवी, कुंती देवी, भवति देवी , छुटु देवी, जुढ़ानी देवी आदि उपस्थित थीं।



# भारतीय जनता पार्टी का दुमका विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दुमका :** भारतीय जनता पार्टी दुमका जिला द्वारा दुमका विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन भवन में किया गया। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण, शक्ति केंद्र प्रमुख एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह बिट्टू ने की। मंच संचालन भाजपा जिला महामंत्री डॉ पवन केसरी और सम्मेलन के समापन पर धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष मार्शल ऋषिराज टुडू द्वारा किया गया।सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में राज्य के पूर्व मंत्री एवं सारठ के पूर्व विधायक रणधीर सिंह उपस्थित थे। उनके साथ पूर्व सांसद सुनील सोरेन तथा भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुज आर्या विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रणधीर सिंह ने कहा भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी ने आमूलचूल परिवर्तन किया है। भाजपा ने परिवारवाद और जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्रवाद, विकासवाद और अंत्योदय को राजनीति की मुख्यधारा में स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत बीते 11 वर्षों में विकसित भारत की ओर तेज़ गति से अग्रसर हुआ है।

यह यात्रा मात्र आर्थिक प्रगति की नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, जनकल्याण और आत्मनिर्भरता की है। मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाएं आज अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उसके जीवन में बदलाव ला रही हैं। पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने कहा भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका कैडर आधारित संगठन है। हम सत्ता के लिए नहीं, सेवा के लिए राजनीति करते हैं। चुनावी सफलता का मूल मंत्र हमारी कार्यपद्धति, अनुशासन और कार्यकर्ताओं की समर्पित भावना है। झारखंड में भाजपा निरंतर संगठनात्मक विस्तार कर रही है और प्रत्येक गांव, टोला और बूथ तक हमारी मजबूत उपस्थिति इसका प्रमाण है। अनुज आर्या ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और आने वाले समय में जनसंपर्क और जनआंदोलन के माध्यम से जनता के विश्वास को पुनः अर्जित करना है। जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने बताया सम्मेलन में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेंद्र सिंह, डॉ अंजुला मुर्मू, निवास मंडल, डॉ अमिता रक्षित, जिला मंत्री गुंजन मरांडी, सोनी हेंब्रम, सुजीत यदुवंशी, दिनेश सिंह, मंडल अध्यक्ष गणपति पाल, सहदेव मरांडी, मणिलाल गृही, नरेश चंद्र मंडल, मोर्चा अध्यक्ष रूपेश मंडल, श्रीधर दास, ममता साह, ओम केसरी, अमन राज, मनीष कुमार, बिक्की राउत, पूर्व नगर अध्यक्ष मृणाल मिश्रा, पंकज वर्मा, अजय गुप्ता, रामवतार भलोटीया, नीतू झा, गायत्री जायसवाल, टिंकू गण, जूही साह, रानी सिंह, दीपाली मंडल, प्रवीण भदौरिया, आनंद कुमार, इंद्रजीत कुमार, अरविंद दुबे सहित सभी शक्तिकेंद्र, बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित थे।




## श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन कथा वाचक ने अमर कथा का किया वर्णन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड के लखनपुर स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा वाचक साध्वी ब्रज किशोरी जी द्वारा शुकदेव जन्म, परीक्षित श्राप और अमर कथा का वर्णन करते हुए बताया कि ÷नारद जी के कहने पर पार्वती जी ने भगवान शिव से पूछा कि उनके गले में जो मुंडमाला है वह किसकी है तो भोलेनाथ ने बताया वह मुंडमाला पार्वती जी के हैं। हर जन्म में पार्वती जी विभिन्ना रूपों में शिव की पत्नी के रूप में जब भी देह त्याग करती शंकर जी उनके मुंड को अपने गले में धारण कर लेते पार्वती ने हंसते हुए कहा हर जन्म में क्या मैं ही मरती रही। शंकर जी ने कहा हमने अमर कथा सुन रखी है। पार्वती जी ने अमर कथा सुनने की इच्छा जताई। शंकर जी पार्वती जी को अमर कथा सुनाने लगे। शिव-पार्वती के अलावा सिर्फ एक तोते का अंडा था जो कथा के प्रभाव से फूट गया। उसमें से श्री सुखदेव जी का प्राकट्य हुआ कथा सुनते सुनते पार्वती जी सो गई वह पूरी कथा श्री सुखदेव जी ने सुनी और अमर हो गए शंकर जी सुखदेव जी के पीछे उन्हें मृत्युदंड देने के लिए दौड़े। सुखदेव जी भागते भागते व्यास जी के आश्रम में पहुंचे और उनकी पत्नी के मुंह से गर्भ में प्रविष्ट हो गए। 12 वर्ष बाद श्री सुखदेव जी गर्व से बाहर आए इस तरह श्री सुखदेव जी का जन्म हुआ। कथा व्यास जी ने बताया कि भगवान की कथा विचार, वैराग्य, ज्ञान और हरि से मिलने का मार्ग बता देती है। राजा परीक्षित के कारण भागवत कथा पृथ्वी के लोगों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। समाज द्वारा बनाए गए नियम गलत हो सकते हैं किंतु भगवान के नियम ना तो गलत हो सकते हैं और नहीं बदले जा सकते हैं। कथा व्यास जी ने उन्होंने कहा कि भागवत के चार अक्षर इसका तात्पर्य यह है कि भा से भक्ति, ग से ज्ञान, व से वैराग्य और त त्याग जो हमारे जीवन में प्रदान करे उसे हम भागवत कहते है। इसके साथ साथ भागवत के छह प्रश्न, निष्काम भक्ति, 24 अवतार श्री नारद जी का पूर्व जन्म, परीक्षित जन्म, कुन्ती देवी के सुख के अवसर में भी विपत्ति की याचना करती है। क्यों कि दुख में ही तो गोविन्द का दर्शन होता है। जीवन की अन्तिम बेला में दादा भीष्म गोपाल का दर्शन करते हुये अद्भुत देह त्याग का वर्णन किया। साथ साथ परीक्षित को श्राप कैसे लगा तथा भगवान श्री शुकदेव उन्हे मुक्ति प्रदान करने के लिये कैसे प्रगट हुये इत्यादि कथाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। साथ ही श्रीमद् भागवत तो दिव्य कल्पतरु है यह अर्थ, धर्म, काम के साथ साथ भक्ति और मुक्ति प्रदान करके जीव को परम पद प्राप्त कराता है।

## बानेशवर बाबा को गांव गांव घुमाकर कर रहे हैं भिक्षाटन

**जामा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामा प्रखंड के चुटोनाथ शिव पार्वती मंदिर, चुटो पहाड़ बाबा और चुटो पहाड़ यात्रियों के लिए धार्मिक एवं पर्यटन स्थल के रुप में काफी प्रसिद्ध है। चुटोनाथ चड़क पूजा की तैयारी जोर सोर से चल रहा है। ग्रामीण पुजारी रुसन राय, निर्मल राय, बिट्टु राय, तेनु राय नेम निष्ठा के साथ अरवा व फल खाकर चुटोनाथ धाम में ही शरण लिये हुए हैं। बुधवार से बाइस मौजा में बानेशवर बाबा को घुमाया जा रहा है जो आज गुरुवार को अमलाचातर, बारुडीह व कोड़ीया गांव में घुमाया गया। यह सिलसिला रविवार तक जारी रहेगा। बानेशवर बाबा को आसपास के हर गांव घर घर घुमाया जाता है इसके बदले प्रत्येक घर वाले कुछ कुछ अनाज व फल देते हैं। उसी को सभी भक्त लाकर धाम में शरण लेते है। 14 अप्रैल को रात्रि जागरण एवं भजन मेला तथा बाबा चुटोनाथ महादेव का पूजन समारोह होगा। 15 अप्रैल को बलि पुजा होगी। चुटोनाथ आने वाले श्रद्धालु मंदिर में भोलेनाथ व पार्वती का पूजन के उपरांत यहाँ के रमणीक दृश्यों के साथ साथ चुटो पहाड़ एवं यहाँ के प्राकृतिक छटाओं का भी आनन्द लेते हैं। चुटोनाथ क्षेत्र में यु तो सालोभर पर्यटकों का आना लगा रहता है। लेकिन पहली बैसाख के चड़क पूजा में काफी भीड़ लगती है। उस दिन आस पास के सैकड़ों भक्त नियम पुर्वक रह कर जलती हुई अंगार में कुदना, कटरंगनी के कांटे पर लेटना आदि जैसे हैरत अंगेज कारनामा दिखाते हैं। चड़क पूजा के अवसर पर मेला भी लगता है। उस दिन सैकड़ो बकरे तथा मुर्गा की बलि दी जाती है। मौके पर राजीव सिंह, भैरव बाबा, चंदन राय, परशुराम सिंह, मिथुन राय, गोवर्धन राय, बद्री राय, साहिल राय, पहचन सिंह, गोबी मिर्धा, मुकेंदर मिर्धा, कैलाश मिर्धा, परणा मिर्धा, बाघा मिर्धा आदि मौजूद थे।

# नाला में गिरने से बच्चा घायल
## लोगों ने साहिबगंज-गोविंदपुर हाइवे को किया जाम

**दुमका :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्री अपड़ा के पास एक बच्चे के नाला में गिर जाने से घायल होने पर स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। इस घटना के विरोध में लोगों ने साहिबगंज-गोविंदपुर हाइवे को जाम कर दिया, जिससे आवागमन बाधित हो गया। करीब दो घंटे तक सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई। कई वैन और बसें भी जाम में फंस गई। स्थिति को देखते हुए पुलिस गाड़ी भी मौके पर पहुंची। जाम को समझा कर हटाया गया। बताया जाता है कि एक बच्ची नाली पार कर स्कूल जा रही थी। इसी बीच बच्ची का नाली में पैर फंस जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गई। यह घटना उस समय हुई जब बच्ची अपने स्कूल की ओर जा रही थी। बच्चे के नाला में गिर जाने से घायल होने पर स्थानीय लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया। लोगों ने साहिबगंज-गोविंदपुर हाइवे को जाम कर दिया।



## खड़ी ट्रक में ऑल्टो टकराई, चालक घायल

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुमका रामपुरहाट मुख्य मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दासोरायडीह पेट्रोल पंप के पास अनियंत्रित ऑल्टो कार सड़क के किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गयी। हादसे में ऑल्टो चालक जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक चालक ऑल्टो कार लेकर कोलकाता से दुमका आ रहा था। दासोरायडीह गांव के पास चालक द्वारा संतुलन खो देने से कार सड़क के किनारे खड़ी ट्रक से टकरा गयी।



## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी का 12 अप्रैल को खिजरी विधानसभा प्रवास कार्यक्रम

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री रघुवर दास जी माननीय पूर्व मुख्यमंत्री झारखंड का खिजरी विधानसभा प्रवास कार्यक्रम दिनांक 12/04/2025 दिन शनिवार 11:30 बजे श्री बालाजी बैंक्वेट हॉल ,टाटीसिलवे में सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन, 02:30 बजे भोजन, 03:00 बजे ग्राम चतरा में जन चौपाल, 03:30 बजे आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण, 04:00 बजे ग्राम टाटी में बूथ समिति सदस्यों के साथ बैठक, 04:30 बजे मिश्राटोली में कारसेवकों का सम्मान, 05:00 बजे समुदाय के नेता के घर में चाय, 05:30 बजे आदर्शनगर में पदयात्रा का कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है।यह जानकारी प्रेस को विनय महतो धीरज जिला अध्यक्ष भाजपा रांची जिला ग्रामीण के द्वारा दी गई।

## ट्रेन के चपेट में आने से 30 वर्षीय युवक की मौत

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी रांची रेल खंड पर सिल्ली कोजाजारा के समीप रेल पोल संख्या 374/70 के पास से सिल्ली पुलिस ने एक शव बरामद किया है। सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया की दिन के लगभग 2 बजे के आस पास किसी ट्रेन के चपेट में आने से युवक मौत हो गई।शव को कब्जे में ले कर थाना परिसर में रखा गया है। गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा। शव की पहचान सिल्ली के घाघरा निवासी 30 वर्षीय गणेश महतो के रूप में हुई है।परिजनों ने बताया पिछले कई दिनों से उसकी दिमागी की हालत ठीक नहीं था।

## रेलवे सुरक्षा बल मुरी द्वारा स्टेशन में ट्रेनों में चेकिंग अभियान चलाया

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रेलवे सुरक्षा बल मुरी द्वारा गुरुवार को मुरी रेलवे स्टेशन एवं ट्रेनों में रेलवे अधिनियम के अंतर्गत एक विशेष ड्राइव चलाया गया।इस अभियान के दौरान महिलाओं के लिए आरक्षित कोच में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के आरोप में दस व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया एवं ट्रेनों में अवैध रूप से फेरी करने के आरोप में आठ व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। इनके विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 144 के तहत कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक कागजात तैयार कर माननीय रेलवे न्यायाधीश रांची को प्रेषित किया गया। माननीय न्यायाधीश द्वारा सभी अभियुक्तों को जुर्माना एवं चेतावनी देकर मुक्त किया गया। रेलवे सुरक्षा बल मुरी ओसी संजीव कुमार से पुछने पर उन्होंने बताया की यह अभियान रेलवे यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को ध्यान रखते हुए किया गया था। रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों से अपील करता है की वे रेलवे नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार की गतिविधियों से दूर रहें।

## 12 अप्रैल को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**दुमका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जय बाला जी सेवा समिति द्वारा 12 अप्रैल को धूमधाम के साथ 22 वां विशाल हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम दुमका के अग्रसेन भवन में आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में सर्वप्रथम श्री रामचंद्र बड़ी ठाकुरबाड़ी से श्री बालाजी की अखंड ज्योत निकाली जाएगी। अखंड ज्योत नगर भ्रमण करते हुए दुमका के अग्रसेन भवन पहुंचेगी जहां सुंदरकांड पाठ आरम्भ किया जाएगा। साथ ही श्रद्धालुओं के द्वारा सुंदरकांड पाठ एवं सवामणि का आयोजन किया जाएगा। श्री हनुमान जन्मोत्सव के पूजा-अर्चना के पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मधुपुर के मनोज डालमिया एंड ग्रुप, कोलकता से नृत्य नाटिका राहुल महाकाल ग्रुप, कोलकता से निहाल ठाकरान, नागपुर से निहारिका पुरोहित, चिरकुंडा से मेघा निगानिया सहित अन्य कलाकार एवं गायक शामिल होगें। कार्यक्रम में रात्रि बालाजी की रसोई का आयोजन किया जाएगा। साथ ही कार्यक्रम में पहुंचे श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल, गंभीर

**जरमुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जरमुंडी थाना क्षेत्र के हरिपुर अंबा गांव के पास सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों की सहायता से घायल को जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल की नाजुक हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल मनी टुडू कोढ़ा डंगाल का रहनेवाला है।

## वर्ल्ड होम्योपैथी डे मनाया गया

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व होमियोपैथी दिवस के अवसर पर एच एम ए आई दुमका के चिकित्सकों ने ग्रीन होटल दुमका में होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक की 270 वीं जयंती मनाई । इस अवसर पर एच एम ए आई दुमका यूनिट के उपाध्यक्ष डॉ आशीष रंजन, कोषाध्यक्ष डॉ नेहा कुमारी,डॉ बी बंदोपाध्याय, डॉ अरुण भंडारी, डॉ मणिशंकर गोराइ, डॉ सुजीत मुर्मू, डॉ सूरज प्रसाद, डॉ सोनी सुप्रिया, डॉ सुजीत कुमार, डॉ उमा शंकर आजाद, डॉ पवन भंडारी,डॉ आर पी साह एवं नगर के गनमान्य होमियोपैथिक चिकित्सक मौजूद रहे।

## जामा विधायक के प्रयास से चुटोनाथ में हुआ डीप बोरिंग

**जामा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जामा प्रखंड के चुटोनाथ मंदिर परिसर में चड़क पूजा के दौरान विधायक डॉ लुईस मरांडी के प्रयास से बुधवार को डीप बोरिंग कराया गया। इस दौरान मंदिर के पुजारी एवं चड़क पूजा कमिटी के लोगों में खुशी जताई। जानकारी के अनुसार बीते दिन विधायक चड़क पूजा को लेकर चुटोनाथ मंदिर का दौरा की थी। इस मौके पर मेला कमिटी के लोगों ने विधायक के सामने कई मांग रखे थे। विधायक ने मेला कमिटी को आश्वस्त किया था कि उनकी हर मांगे पूरी की जायेगी। जिसकी शुरुआत पर्यटन विभाग के सौजन्य से बुधवार को डीप बोरिंग कराकर किया गया। चुटोनाथ मंदिर के पुजारी एवं मेला कमिटी के लोगों ने विधायक को साधुवाद दिया है।



## एचएमएआई दुमका यूनिट ने होमियोपैथिक के जनक की मनाई जयंती

**दुमका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व होमियोपैथी दिवस के अवसर पर एचएमएआई दुमका के चिकित्सकों ने गुरुवार को दुमका में होमियोपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक की 270 वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. हैनिमेन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में झारखंड एचएमएआई के सचिव डॉ. बी एन सहाय रंजन मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में पूर्व जिला आयुष पदाधिकारी दुमका डॉ राकुमार प्रजापति जिनका कुछ दिनों पूर्व देहांत हो गया था उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर एचएमएआई दुमका यूनिट के सचिव डॉ सुजय गोराइ उपाध्यक्ष डॉ. आशीष रंजन, कोषाध्यक्ष डॉ. नेहा कुमारी,डॉ. बी बंदोपाध्याय, डॉ. अरुण भंडारी, डॉ. मणिशंकर गोराइ, डॉ. सुजीत मुर्मू, डॉ. सूरज प्रसाद, डॉ. सोनी सुप्रिया, डॉ. सुजीत कुमार, डॉ. उमा शंकर आजाद, डॉ. पवन भंडारी,डॉ. आर पी साह एवं नगर के होमियोपैथिक चिकित्सक मौजूद थे।



## सैमसंग ने एसी बिक्री में हासिल की बड़ी सफलता, पहली तिमाही में रचा कीर्तिमान



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । भारत के अग्रणी कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने 2025 की पहली तिमाही (जनवरी-मार्च) में एयर कंडीशनर (एसी) बिक्री के क्षेत्र में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। कंपनी ने बताया कि इस अवधि में उसकी एसी बिक्री दोगुनी हो गई है, जो कि इंडस्ट्री की औसत 20-25 फीसदी वृद्धि के मुकाबले काफी अधिक है। इस दमदार प्रदर्शन से सैमसंग को 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल हुई है। सैमसंग डिजिटल एप्लायंसेज बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट गुफरान आलम ने कहा कि कंपनी का एसी व्यवसाय बेहद तेज़ी से आगे बढ़ रहा है और हमें पूरा भरोसा है कि हम आने वाले समय में इंडस्ट्री ग्रोथ का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने बताया कि इस उपलब्धि के पीछे कंपनी के 19 नए एसी मॉडल्स की अहम भूमिका रही है। खासकर बीस्पोक एआई विंडफ्री एसी मॉडल्स को भारतीय ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है।

## मां बासंती दरबार पहुंचे अभिषेक पांडे, अंगवस्त्र देकर किया गया सम्मान



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । विजयदशमी के दिन खरसावां के श्री श्री 108 मां बासंती मंदिर में आयोजित सामूहिक उपनयन संस्कार कार्यक्रम में श्री परशुराम शक्ति सेना केंद्र कमेटी के अध्यक्ष अभिषेक पांडे पहुंचे। उनके साथ सौरभ पाठक, सत्री शर्मा, आदित्य भारद्वाज और प्रशांत मिश्रा भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने मां बासंती की पूजा-अर्चना की। जिला सरायकेला-खरसावां परशुराम शक्ति सेना की ओर से भव्य स्वागत किया गया। समाजसेवी गुरु प्रसाद षाड़ंगी ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष अभिषेक पांडे ने कहा कि काफी समय से खरसावां के प्रसिद्ध मां बासंती मंदिर आने की इच्छा थी। आज इस पावन अवसर पर मां का दर्शन कर और उपनयन संस्कार में शामिल होकर आत्मिक शांति मिली। समारोह में कई गणमान्य लोग रहे मौजूद कार्यक्रम में सुशील षाड़ंगी, गुरु प्रसाद षाड़ंगी, सुजीत हाजरा, सरोज मिश्रा, प्रीति रंजन नंदा, राजेश मिश्रा, उत्तम मिश्रा, तनु पानी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## हरिनाम संकीर्तन से मिलती है आत्मिक शांति : महापद सिंह




**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । बोड़ाम प्रखंड के डांगडुंग गांव में श्री श्री सार्वजनिक हरिनाम संकीर्तन समिति की ओर से 72 घंटे का अखंड हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत समिति सदस्य महापद सिंह ने भाग लिया और भगवान विष्णु व श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि व उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि हरिनाम संकीर्तन से हमारे अंतरात्मा को शांति मिलती है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। संकीर्तन का समापन धुलट के दिन बृहस्पतिवार सुबह होगा। कार्यक्रम में बेलडीह, इचाडीह, बूड़ीबासा, रिमड़ाडीह, चामीडीह व केंद्रडीह की मंडलियों ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में ग्राम प्रधान विभूति सिंह, शिशिर कुमार सिंह, मदन सिंह, दुर्गा सिंह, संतोष सिंह, विश्वनाथ तंतुवाई, रामचंद्र तंतुवाई, बृहस्पति तंतुवाई, सुबोध सिंह, सुनील सिंह, दिलीप सिंह, मनोज सिंह, बुद्धेश्वर तंतुवाई, बिमल सिंह व मंटू सिंह आदि सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## बिरसानगर में मॉ पीताम्बरा मंदिर में गणेश प्राण प्रतिष्ठा व हवन सम्पन्न



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । बिरसानगर जोन नंबर 2 बी, मोहरदा में नवनिर्मित मॉ पीताम्बरा मंदिर में श्री गणेश मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, वास्तु पूजन और मॉ पीताम्बरा प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान के दूसरे दिन गुरूवार को श्री गणेश मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, वास्तु पूजन और मॉ पीताम्बरा प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान एवं हवन किया गया। कामाख्या से आये गुरूदेव स्वामी हृदयानंद जी महाराज की देखरेख में राजीव शर्मा और अमल शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना करायी। यजमान स्वामी विजयानंद ने सपत्नी पूजा की। आज की पूजा में भी काफी संख्या में भक्तगण शामिल हुए। इसका आयोजन मॉ पीताम्बरा शक्ति पीठ (तोयात्मा सेवा सदन के अंतर्गत) द्वारा हो रहा हैं। तीसरे और अंतिम दिन 11 अप्रैल शुक्रवार को सुबह 6 बजे मॉ पीताम्बरा का सार्वजनिक आरती एवं दर्शन शुभारंभ होगा। दोपहर 12.30 बजे से प्रसाद वितरण, शाम 06.30 बजे से भजन संध्या और शाम 07.30 बजे से पुज्य गुरूदेव का प्रवचन होगा।

## छोटा लुपुंग में आदिवासी कला केन्द्र भवन का उद्घाटन



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । खरसांवा विस क्षेत्र के नुवागांव पंचायत के छोटा लुपुंग गांव में 25 लाख रुपये की लागत से बने आदिवासी संस्कृति एवं कला केन्द्र भवन का उद्घाटन विधायक दशरथ गागराई ने किया। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी कला और संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। खरसावां क्षेत्र में 137 स्थानों पर ऐसे केन्द्र बनाए जा रहे हैं, जिनमें से अधिकांश पूर्ण हो चुके हैं। इन केन्द्रों में ग्रामीण सांस्कृतिक कार्यक्रमों के ज़रिए अपनी परंपराओं को आगे बढ़ा सकेंगे। कार्यक्रम में संजीव महतो, मुखिया ज्योतिश्री बोदरा, शिक्षक राजाराम सोरेन, महेंद्र हेंब्रम आदि मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक का पारंपरिक स्वागत किया।

## बनकुंचिया में आज से लोक संस्कृति उत्सव, दिखेगी बंगाल-झारखंड की सांस्कृतिक झलक

**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** । पटमदा प्रखंड के बनकुंचिया गांव में शुक्रवार से दो दिवसीय लोक संस्कृति उत्सव की शुरुआत हो रही है। यह आयोजन टैगोर सोसाइटी फॉर रूरल डेवलपमेंट (पटमदा प्रोजेक्ट) और लोक संस्कृति उत्सव कमिटी के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन शाम 5 बजे जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो और जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी करेंगे। उद्घाटन समारोह के बाद पाता नाच, योग प्रदर्शन, मैजिक शो, स्वास्थ्य परिचर्चा और झाड़ग्राम की प्रसिद्ध गायिका चुमकी रानी द्वारा झुमुर संगीत की प्रस्तुति होगी। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 11 बजे तक चलेगा। दूसरे दिन यानी 12 अप्रैल को पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। राखी दासी (कोलकाता) की बाउल गायन, प्रतिध्वनि ग्रुप (कोलकाता) द्वारा बेले नृत्य और डगर टुडू के नेतृत्व में संताली ऑर्केस्ट्रा जैसे कार्यक्रम दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। कमेटी अध्यक्ष एवं मुखिया गुरुचरण माझी ने बताया कि यह उत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बन चुका है। टैगोर सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन भीष्म नाथ महतो ने बताया कि यह आयोजन पिछले ढाई दशकों से लगातार जारी है और लोगों की भागीदारी हर वर्ष बढ़ती जा रही है।

# तेज रफ्तार ने छीनी दो ज़िंदगियाँ

### बस ने कुचला स्कूटी सवार महिला व पुरुष को, इलाज के दौरान मौत






**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : जमशेदपुर के एमजीएम थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़ाबाकी के पास गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें स्कूटी सवार महिला और पुरुष की मौत हो गई। घटना सुबह करीब 8 बजे की है, जब पारडीह से बड़ाबाकी की ओर जा रहे स्कूटी सवारों को पीछे से आ रही यात्री बस ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कूटी चालक और पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर पड़े, जबकि बस चालक स्कूटी को करीब 2 किलोमीटर तक घसीटते हुए ले गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद दोनों घायलों को एमजीएम अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई।

मृतकों की पहचान अंजना महतो (34 वर्ष) और राजेश सुरेन (43 वर्ष) के रूप में हुई है। राजेश बिरसानगर ज़ोन नंबर 10 के निवासी थे और आस्था कंपनी में सिविल इंचार्ज के पद पर कार्यरत थे। अंजना महतो बहरागोड़ा की रहने वाली थीं और दोनों बड़ाबाकी में साथ काम करते थे।

घटना के बाद बस को जब्त कर थाना लाया गया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया। बस पारस कंपनी की थी जो जमशेदपुर से ओडिशा जा रही थी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## कार्यालयी दक्षता में वृद्धि हेतु समाहरणालय संवर्ग संघ पूर्वी सिंहभूम द्वारा कार्यशाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : समाहरणालय संवर्ग संघ पूर्वी सिंहभूम के द्वारा संवर्गीय कर्मियों को विहित प्रक्रिया अनुसार कार्यालय कार्य संचालन में दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन जिला सभागार में किया गया। उक्त कार्यशाला में जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल, जिला परिवहन पदाधिकारी सह गोपनीय प्रभारी धनंजय कुमार, नज़ारत उपसमाहर्ता डेविड बलिहार, स्थापना उपसमाहर्ता चंद्रजीत सिंह , प्रशासी अधिकारी शंकर पॉल, समाहरणालय संवर्ग के प्रदेश महासचिव वीरेंद्र यादव, जिला अध्यक्ष नवीन कुमार एवं अन्य द्वारा कार्यशाला में उपस्थित कर्मियों को कार्यालय कार्य संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में जिले के सभी प्रखंड, अंचल, अनुमंडल, भूमि सुधार कार्यालय तथा जिला मुख्यालय के सभी कार्यालय के लिपिकीय कर्मी शामिल हुए ।

## कमीशन के लिए कत्ल, रघुनाथ राय हत्याकांड का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़** । जमीन के कारोबार में कमीशन बंटवारे को लेकर हुए विवाद ने एक व्यापारी की जान ले ली। सरायकेला - खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के नागासेरेंग के पास 6 अप्रैल को बरामद अज्ञात शव की पहचान आदित्यपुर रोड नं-19 निवासी जमीन कारोबारी रघुनाथ राय के रूप में हुई। पत्थर से कुचलकर की गई इस निर्मम हत्या का गुरुवार को पुलिस ने खुलासा किया और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिंहा ने बताया कि रघुनाथ राय और जिल्लर पाल साथ में जमीन खरीद-बिक्री का कार्य करते थे। कमीशन बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद के कारण जिल्लर पाल ने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। 6 अप्रैल को सुनसान जगह पर रघुनाथ की हत्या कर बोलेरो गाड़ी को नीमडीह के पास छोड़ दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में जिल्लर पाल (बंतानगर), राजीव कुम्हार, गणेश कुम्भकार और आशीष कुम्भकार (तीनों छोटा लाखा, चांडिल) शामिल हैं। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक और तीन मोबाइल भी जब्त किए हैं। छापेमारी टीम में ईचागढ़, चौंका और चांडिल थाना के अधिकारी शामिल थे।

## जगन्नाथ मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन को लेकर कमेटी ने की तैयारी बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा** : गुरुवार को पटमदा के दगड़ीगोडा स्थित हरि साधना आश्रम में श्री श्री जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर के निर्माण हेतु कमिटी की तैयारी बैठक गिरिजा प्रसाद मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान तैयारियों की समीक्षा करते हुए 15 अप्रैल को प्रस्तावित भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर कई प्रस्ताव पारित किए गए। इस दौरान कमेटी का विस्तार करते हुए ग्राम प्रधान मृत्युंजय महतो को कार्यकारी अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू व पूर्व विधायक प्रतिनिधि श्रीमंत कुमार मिश्रा को सर्वसम्मति से सहसचिव चुना गया। जबकि मिथिलेश तिवारी को प्रवक्ता की जिम्मेदारी दी गई। इस दौरान निर्णय हुआ कि आगामी 12 अप्रैल तक भूमि पूजन हेतु आसपास के सभी गांवों के अलावा सभी राजनीतिक व सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों एवं प्रबुद्धजनों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद मिश्रा, श्रीमंत मिश्रा, चंद्रशेखर टुडू, संदीप मिश्रा, प्रदीप कुमार महतो, शंभू दास, भास्कर माहली, कृपासिंधु महतो, गुणधर घोषाल, मृत्युंजय महतो, पंचानन दास, जवाहर मिश्रा, इंद्रजीत मिश्रा, हराधन घोषाल, शिव प्रसाद सहिस, रोहिन तंतुबाई, सुकदेव दास, गणेश महतो, कृष्णपद तंतुबाई, तपानंद गोप, बाबूराम महतो, मनींद्र नाथ मिश्रा, प्रेम चांद महतो, युधिष्ठिर महतो, कल्याण कुमार गोराई व मिथिलेश कुमार तिवारी आदि शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन चंद्रशेखर टुडू ने दिया।

## छोटा लुपूंग में खेलकूद प्रतियोगिता, विधायक दशरथ गागराई हुए शामिल



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सरायकेला प्रखंड के छोटा लुपूंग गांव में मां मंगला पूजा के अवसर पर आतु-झड़ु जियाड द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बोरा दौड़, मेंढक दौड़, म्यूजिक चेयर रेस, बैलून फोड़, सुई-सूत रेस समेत कई रोचक खेल हुए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक दशरथ गागराई ने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा दे रही है। कार्यक्रम में समिति सदस्य और स्थानीय लोग भी मौजूद थे।

## वक़्फ़ विधेयक के विरोध में आज़ाद समाज पार्टी ने उठाया बड़ा कदम, ज़िम्मेदारियों का किया बंटवारा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने वक़्फ़ (संशोधन) विधेयक, 2025 के विरोध में अपने रुख को और अधिक स्पष्ट व सशक्त करते हुए एक अहम घोषणा की है। पार्टी ने इस विधेयक को मुस्लिम समुदाय की धार्मिक और सांस्कृतिक स्वतंत्रता पर हमला बताते हुए इसे असंवैधानिक करार दिया है और इसके खिलाफ एक व्यापक जनआंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है।

पार्टी का कहना है कि यह विधेयक संविधान द्वारा धार्मिक अल्पसंख्यकों को प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन करता है और इसका हर स्तर पर विरोध किया जाएगा। पार्टी प्रमुख चंद्रशेखर आज़ाद के नेतृत्व में इस लड़ाई को मुकाम तक पहुंचाने की बात कही गई है।

**इस जनआंदोलन को संगठित करने और पार्टी की रणनीति को ज़मीन पर उतारने के लिए विभिन्न वरिष्ठ नेताओं को विशेष ज़िम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं :**

मोहम्मद काशिफ़ रज़ा - प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड

जौहर आज़ाद - प्रदेश अध्यक्ष, बिहार

डॉ. मुहम्मद आक़िब - प्रदेश महासचिव, उत्तर प्रदेश

मुअज़्ज़म चेयरमैन - नज़ीबाबाद (नगीना)

आमिर आलम (पूर्व सांसद) - उत्तर प्रदेश

एडवोकेट एहतेशाम - उत्तराखंड।

पार्टी ने इन नेताओं से अपेक्षा की है कि वे राष्ट्रीय सांगठनिक ढांचे के साथ समन्वय में रहकर जनसंपर्क, संवाद व विरोध-प्रदर्शन की प्रभावी योजना बनाएं और उसे लागू करें।

## एनआईटी जमशेदपुर में तकनीकी शिक्षा हेतु एनईपी 2025 पर राष्ट्रीय कार्यशाला 12-13 अप्रैल को




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के सहयोग से 12-13 अप्रैल 2025 को तकनीकी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कर रहा है। कार्यशाला का उद्घाटन 12 अप्रैल को प्रातः 10 बजे डॉ. अतुल कोठारी (राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास) के मुख्य आतिथ्य में होगा। विशिष्ट अतिथि होंगे प्रोफेसर राजीव कुमार (सदस्य सचिव, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद - AICTE, नई दिल्ली) और अध्यक्षता करेंगे प्रोफेसर गौतम सूत्रधार (निदेशक, एनआईटी जमशेदपुर)।

**प्रमुख वक्ताओं में शामिल हैं :** प्रोफेसर राजीव प्रकाश (निदेशक, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भिलाई), प्रोफेसर अनुपम शुक्ला (निदेशक, सरदार वल्लभभाई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, सूरत), प्रोफेसर एस. सुंदर (निदेशक, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मिजोरम) प्रोफेसर बिनोद कुमार कनौजिया (निदेशक, एनआईटी जालंधर), प्रोफेसर मुकुल एस. सुताओने (निदेशक, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान - आईआईआईटी प्रयागराज), प्रोफेसर राजुल किरीटभाई गज्जर (कुलपति, गुजरात तकनीकी विश्वविद्यालय, अहमदाबाद), प्रोफेसर भृगु नाथ सिंह (कुलपति, राजीव गांधी राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, अमेठी), डॉ. नवीनभाई शेठ (पूर्व कुलपति, जीटीयू अहमदाबाद)। कार्यशाला में एनईपी 2020 के क्रियान्वयन, भारतीय ज्ञान परंपरा, कौशल विकास और नवाचार पर विचार-विमर्श किया जाएगा। समन्वयन टीम में प्रो. ए.के. चौधरी, प्रो. सरोज कुमार सारंगी, प्रो. रंजीत प्रसाद, डॉ. सी. मधुसूदन राव, डॉ. कनिका प्रसाद और डॉ. राम कृष्ण शामिल हैं।

## एनएचईएस में स्नातक समारोह संपन्न, छात्रों ने साझा किये स्कूल के यादगार पल



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : नरभेरम हंसराज इंग्लिश स्कूल (एनएचईएस) का स्नातक समारोह 9 अप्रैल, 2025 को कुसुम कमानी ऑडिटोरियम में आयोजित हुआ। अध्यक्ष श्री नकुल कमानी और प्रबंध समिति के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। गायक मंडल ने भगवान शिव को समर्पित प्रस्तुति दी। छात्रों ने दीप लेकर शैक्षणिक जुलूस निकाला। प्राचार्या परमिता रॉय चौधरी ने छात्रों को रचनात्मकता व नेतृत्व के लिए प्रेरित किया। श्री कमानी ने कहा, सबसे पहले अच्छा इंसान बनें। छात्र परिषद अध्यक्ष निधि कुमारी ने अपने अनुभव साझा किए, जबकि कक्षा 12डी की आरुषि कर ने सीनियर्स के साथ बिताए पल याद किए। मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों ने स्नातक छात्रों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किए।

## हत्या और मारपीट के मामले में तीन नामजद व चार अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़** : सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के कुंद्रीलोंग गांव में मंगलवार देर रात हुई एक जघन्य हत्या और मारपीट मामले में ईचागढ़ थाना में मृतक के पुत्र चैतन प्रामाणिक के बयान पर तीन नामजद और चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, सोनाहातु थाना क्षेत्र के कुदाडीह निवासी कार्तिक प्रामाणिक के ससुर पूर्ण चंद्र प्रामाणिक, साले नंदु प्रामाणिक व छोटका प्रामाणिक, पत्नी नीतू कुमारी और उनके साथ चार अज्ञात लोगों ने लाठी-डंडों से हमला किया। इस हमले में चैतन के पिता की मौत हो गई, जबकि चैतन सहित उसके दो भाई और मां को भी गंभीर चोटें आई हैं। चैतन ने आरोप लगाया कि उसकी भाभी नीतू कुमारी ने अपने मायके पक्ष को फोन कर बुलाया और योजनाबद्ध तरीके से मारपीट करवाई। पीड़ित परिवार ने थाना प्रभारी से जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। उन्होंने आशंका जताई है कि यदि आरोपियों को जल्द नहीं पकड़ा गया, तो वे फिर से हमला कर सकते हैं। इस संबंध में ईचागढ़ थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नामजद अभियुक्तों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर न्याय सुनिश्चित किया जाएगा।

## मानगो में पेयजल संकट दूर करने को बने समन्वय समिति, जल्द सुधरेगी व्यवस्था : सरयू राय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** । जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने मानगो क्षेत्र में चल रहे पेयजल संकट के स्थायी समाधान के लिए उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम से समन्वय समिति गठित करने का आग्रह किया है। उपायुक्त ने समिति गठन का आश्वासन दिया है। यह समिति मानगो नगर निगम, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ठेकेदार और जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ हर दिन समीक्षा करेगी और पेयजल आपूर्ति की निगरानी करेगी।

विधायक राय ने बुधवार को उपायुक्त, नगर निगम के उप नगर आयुक्त और पेयजल विभाग के कार्यपालक अभियंता से अलग-अलग मुलाकात कर पीने के पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अभियंता ने बताया कि अब एक कनीय अभियंता लगातार परियोजना पर नजर रखेंगे और टंकियों तक नियमित पानी आपूर्ति सुनिश्चित करेंगे। जिन इलाकों में मोटर पम्प की समस्या है, वहां बायपास व्यवस्था से पानी पहुंचाया जाएगा। इसकी लागत का वहन मानगो नगर निगम करेगा। कुछ क्षेत्रों में 2017-18 से जलापूर्ति नहीं हो रही है, फिर भी उपभोक्ताओं को बिल मिल रहे हैं। पाइपलाइन की गड़बड़ियों को ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। सरयू राय ने विश्वास जताया है कि सप्ताहभर में पेयजल आपूर्ति में सुधार दिखेगा।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# भारत में मंदी नहीं

**अमरीकी** राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ वार से दुनिया के देशों में हाहाकार, कोहराम मचा है। शेयर बाजार औंधे मुंह गिर रहे हैं। भारत की सूचीबद्ध कंपनियों के, एक ही दिन में, 14 लाख करोड़ रुपए से अधिक डूब गए। आकलन है कि इसी सत्र में भारतीय बाजार के 50-60 लाख करोड़ रुपए डूब चुके हैं। भारत के अलावा चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग, ताइवान आदि देशों में भी निवेश स्वाहा हुए हैं, लिहाजा निवेशक अपना शेष धन बचाने के लिए इधर-उधर प्रयासरत हैं। करीब 50 देशों ने राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत की पेशकश की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस जवाब अमरीका ने नहीं दिया है। हालांकि टैरिफ वार के बाद अमरीकी कंपनियों का मार्केट कैप भी करीब 516 लाख करोड़ रुपए (करीब 6 लाख करोड़ डॉलर) घट चुका है। यह राशि भारतीय जीडीपी से डेढ़ गुणा ज्यादा के करीब है। चूंकि अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लिहाजा संभव है कि वह इस नुकसान की भरपाई जल्द ही कर ले! हालात ऐसे बन गए हैं कि अमरीका में ही आर्थिक मंदी की आशंका 35 फीसदी से बढ़ कर 45 फीसदी हो गई है। बहरहाल अमरीका में जन-सैलाब सडक़ों पर उमड़ा है। लोग राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ के साथ-साथ अन्य नीतियों का भी पुरजोर विरोध कर रहे हैं। भीड़ के निशाने पर खरबपति अमरीकी एलन मस्क भी हैं। उनकी टेस्ला कारें जलाई जा रही हैं। ट्रंप जनवरी, 2025 में ही दूसरी बार अमरीका के राष्ट्रपति पद पर आसीन हुए हैं। इतनी जल्दी उनकी लोकप्रियता के पतन को देखकर हर कोई हैरान है। शायद ऐसा किसी भी अमरीकी राष्ट्रपति के संदर्भ में नहीं हुआ! बेशक टैरिफ वार का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ेगा, लिहाजा अमरीका के मित्र माने जाने वाले यूरोप और नाटो देश भी राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ लामबंद हो रहे हैं। राष्ट्रपति ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र, विश्व व्यापार संगठन सरीखी अंतरराष्ट्रीय पंचायतों पर भी प्रहार किए हैं और वह वैश्वीकरण की धारणा और व्यवस्था को ही खत्म करने पर आमादा हैं, नतीजतन दुनिया की स्थापित 'सप्लाई चेन' भी खंडित होगी, लिहाजा नए व्यापारिक समीकरण बनेंगे और नई सप्लाई चेन भी स्थापित हो सकती है। अलबत्ता निर्यात कम होंगे। मांग कम होगी। मंदी के आसार बनेंगे। सरकारों को तैयार हो जाना चाहिए। यदि देश अमरीका पर ही टैरिफ लगाते हैं और अन्य देशों पर पहले जैसा ही टैरिफ वसूलते हैं, तो उसके परिणाम अलग होंगे। अमरीका के टैरिफ प्रहार पर फिलहाल भारत सरकार खामोश और निश्चिंत लग रही है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय आगामी 6 सप्ताह तक टैरिफ वार के चौतरफा प्रभावों का विश्लेषण करना चाहता है। बेशक भारत के कारोबार और अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ेगा, लेकिन आर्थिक मंदी की बात करना या दुष्प्रचार करना गलत है। भारत में घरेलू बाजार, मांग और खपत व्यापक है। हम अमरीका को निर्यात के ही भरोसे नहीं हैं, क्योंकि भारत बड़ा निर्यातक देश नहीं है। हमारी जीडीपी में माल निर्यात की हिस्सेदारी मात्र 10 फीसदी है। जीडीपी का मात्र 2 फीसदी ही अमरीका की टैरिफ नीति से प्रभावित होगा। भारत मुख्यतः 'सर्विस इकोनॉमी' है। जीडीपी में सेवा क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 65 फीसदी है। अमरीका को जो सेवा-निर्यात किया जाता है, उस पर टैरिफ बढ़ाया नहीं गया है, लिहाजा इस 'ट्रेड वार' से लगभग मुक्त रहेगा। भारत घरेलू मांग पर आधारित अर्थव्यवस्था है, लिहाजा कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान भी हमने खाद्य-संकट महसूस नहीं किया। अब भी संभावना यही है कि अमरीका और चीन के बीच टैरिफ-युद्ध के आसार के मद्देनजर बड़े विदेशी निवेशक भारत में लौट सकते हैं। बहरहाल मंदी के आसार न भी हों, लेकिन व्यापारिक खौफ और अंतरराष्ट्रीय मांग के कम होने के कारण हमारे ऑटोमोबाइल, सूचना प्रौद्योगिकी, धातु, फार्मा और ऊर्जा के बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में गिरावट देखी गई है। भारत को 'पलटवार टैरिफ' लगाना चाहिए।

भारत की सूचीबद्ध कंपनियों के, एक ही दिन में, 14 लाख करोड़ रुपए से अधिक डूब गए। आकलन है कि इसी सत्र में भारतीय बाजार के 50-60 लाख करोड़ रुपए डूब चुके हैं। भारत के अलावा चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग, ताइवान आदि देशों में भी निवेश स्वाहा हुए हैं, लिहाजा निवेशक अपना शेष धन बचाने के लिए इधर-उधर प्रयासरत हैं। करीब 50 देशों ने राष्ट्रपति ट्रंप से बातचीत की पेशकश की है, लेकिन अभी तक कोई ठोस जवाब अमरीका ने नहीं दिया है। हालांकि टैरिफ वार के बाद अमरीकी कंपनियों का मार्केट कैप भी करीब 516 लाख करोड़ रुपए (करीब 6 लाख करोड़ डॉलर) घट चुका है। यह राशि भारतीय जीडीपी से डेढ़ गुणा ज्यादा के करीब है। चूंकि अमरीका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लिहाजा संभव है कि वह इस नुकसान की भरपाई जल्द ही कर ले! हालात ऐसे बन गए हैं कि अमरीका में ही आर्थिक मंदी की आशंका 35 फीसदी से बढ़ कर 45 फीसदी हो गई है। बहरहाल अमरीका में जन-सैलाब सडक़ों पर उमड़ा है। लोग राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ के साथ-साथ अन्य नीतियों का भी पुरजोर विरोध कर रहे हैं। भीड़ के निशाने पर खरबपति अमरीकी एलन मस्क भी हैं।


### देश की संसद ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को पारित कर दिया

# कमजोर मोदी का मजबूत निर्णय

डॉ राकेश कुमार आर्य

देश के संविधान की मूल भावना के विपरीत जाकर एक वर्ग विशेष या संप्रदाय विशेष को उसकी धार्मिक मान्यताओं को बलवती करने के लिए प्रोत्साहित करना पूर्णतया असंवैधानिक कृत्य था। परंतु कानून बनाकर इसे संवैधानिक घोषित कर दिया गया। इस विषय में प्रारंभ में नेहरू जी ने अंग्रेजों की नीति का अनुकरण किया। जी हां, उन्हीं अंग्रेजों की नीतियों का जिन्होंने मुगल काल में अनैतिक ढंग से काटी जाती रही गायों की हिंदुओं के द्वारा जब आलोचना होते हुए देखी तो 1707 में इस संबंध में एक विशेष कानून लाकर देश में गायों का कत्लगाह बनाने का कानून पारित किया। जिसमें प्रतिदिन 32 से 35000 गाएं काटी जाती थीं, इस प्रकार उन्होंने एक अनैतिक कार्य को वैधानिक बना दिया।

**सचमुच** 2 अप्रैल 2025 का दिन भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों से लिखे जाने योग्य है। क्योंकि इस दिन देश की संसद ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए वक्फ बोर्ड संशोधन बिल को पारित कर दिया है। ध्यान रहे कि इस विध्वंसकारी और देश विरोधी कानून को देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने 1954 में देश की संसद से पारित करवाया था। नेहरू जी ने इस बात पर तनिक भी विचार नहीं किया था कि सांप्रदायिक आधार पर देश का विभाजन करने वाली मुस्लिम लीग की नीतियों और विचारों को अब देशहित स्वीकार नहीं किया जा सकता? उसके बाद 1995 में इस कानून को और भी अधिक मजबूत बनाकर देश विरोधी लोगों को नई ऊर्जा प्रदान की गई। देश के संविधान की मूल भावना के विपरीत जाकर एक वर्ग विशेष या संप्रदाय विशेष को उसकी धार्मिक मान्यताओं को बलवती करने के लिए प्रोत्साहित करना पूर्णतया असंवैधानिक कृत्य था। परंतु कानून बनाकर इसे संवैधानिक घोषित कर दिया गया। इस विषय में प्रारंभ में नेहरू जी ने अंग्रेजों की नीति का अनुकरण किया। जी हां, उन्हीं अंग्रेजों की नीतियों का जिन्होंने मुगल काल में अनैतिक ढंग से काटी जाती रही गायों की हिंदुओं के द्वारा जब आलोचना होते हुए देखी तो 1707 में इस संबंध में एक विशेष कानून लाकर देश में गायों का कत्लगाह बनाने का कानून पारित किया। जिसमें प्रतिदिन 32 से 35000 गाएं काटी जाती थीं, इस प्रकार उन्होंने एक अनैतिक कार्य को वैधानिक बना दिया। नेहरू जी ने भी मुस्लिमों की सांप्रदायिक मान्यताओं के आधार पर उनके द्वारा दूसरों की जमीन पर जबरन कब्जा करने के अधिकार प्रदान कर पूर्णतया अनैतिक परंतु वैधानिक कदम उठाकर देश विरोधी शक्तियों को मजबूत करने का काम किया। अनैतिक कार्य को वैधानिक बनाकर राष्ट्र निर्माता बनना कोई नेहरू जी से सीख सकता है। इस देश विरोधी कानून में 2013 में संशोधन किया गया, जिससे वक्फ बोर्डों को मुस्लिम दान के नाम पर संपत्तियों का दावा करने के लिए असीमित अधिकार प्रदान किए गए। संशोधनों ने वक्फ संपत्तियों की बिक्री को असंभव बना दिया। कातिल को ही मुंसिफ बना दिया गया। जिसके चलते यह बोर्ड रेलवे के बाद सबसे अधिक संपत्ति रखने वाला बोर्ड बन गया। जिस प्रकार इसकी शक्ति में दिन प्रतिदिन वृद्धि होती जा रही थी, उसके चलते किसी को भी



इसकी ओर आंख उठा कर देखने का साहस नहीं हो रहा था। मुस्लिम समाज के भी अनेक लोग इस देश विरोधी कानून की चपेट में आए और उन्हें अपनी संपत्ति से ना चाहते हुए भी हाथ धोना पड़ा। यही कारण है कि इस कानून में संशोधन के समर्थन में अनेक प्रगतिशील मुस्लिम भी मोदी सरकार के साथ खड़े हुए दिखाई दिए हैं। मुस्लिम समाज के अनेक बुद्धिजीवी इस कानून में संशोधन की मांग करते आ रहे थे, जिस पर मोदी सरकार ने काम करने का निर्णय लिया। सरकार ने निर्णय लिया कि इस कानून के उन सभी प्रावधानों को संशोधित किया जाए, जिनसे समाज विरोधी और देश विरोधी शक्तियों को बल प्राप्त होता है। इस प्रकार इस नए संशोधन अधिनियम का उद्देश्य वर्तमान वक्फ अधिनियम के देश विरोधी खण्डों को रद्द करना रहा है, जिससे कि इस बोर्ड के अधिकारों को सीमित किया जा सके। ज्ञात रहे कि वर्तमान में बोर्ड को अनिवार्य सत्यापन के बिना किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में घोषित करने की अनुमति इस प्रचलित कानून के माध्यम से रही है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सी0ए0ए0 जैसे कानून का विरोध करने वाला सेकुलर गैंग इस नए संशोधन बिल का भी विरोध करता हुआ दिखाई दिया। यद्यपि संयुक्त संसदीय समिति के समक्ष विपक्ष के द्वारा उठाए गए सभी बिंदुओं पर भली प्रकार विचार किया गया और यथासंभव उन्हें स्वीकार भी किया गया, किंतु इसके उपरांत भी वोटो की राजनीति सेकुलर विपक्ष पर हावी रही। जिसके चलते देश के सभी धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दलों ने इस विधेयक का भरपूर विरोध किया। भारत के हिंदू समाज की अनेक परंपराओं को अवैज्ञानिक और सृष्टि नियमों के विरुद्ध घोषित कर उन्हें पानी पी पीकर कोसने वाले धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक दलों के किसी भी नेता ने कभी यह कहने का साहस नहीं किया कि वक्फ बोर्ड को किसी मुस्लिम द्वारा दान की जाने वाली संपत्ति अल्लाह की कैसे हो जाती है? देश के दूसरे सबसे बड़े संप्रदाय को अवैज्ञानिक और अंधविश्वासों से भरी परंपराओं में जीने और उसी परिवेश में घुट घुटकर मरने के लिए धर्मनिरपेक्ष राजनीति ने भरपूर प्रयास किया। यह बात भी ध्यान देने वाली है कि यह बोर्ड भारत में 9. 4 लाख एकड़ में फैली अपनी 8.7 लाख संपत्तियों का नियंत्रण करता है। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1.2 लाख करोड रुपए आंकी गई है। अब नए कानून के अनुसार वक्फ बोर्ड की सभी संपत्तियों के लिए सत्यापन की प्रक्रिया से गुजरना अनिवार्य कर दिया गया है। देश का संविधान अथवा कानून कहता है कि आप किसी की भी संपत्ति को अपनी संपत्ति घोषित नहीं कर सकते हैं। यदि इस कार्य को कोई व्यक्ति नहीं कर सकता तो कोई बोर्ड इसे किस आधार पर कर सकता है? इसी प्रकार कोई संप्रदाय भी ऐसा क्यों कर सकता है अथवा उसे ऐसा करने की छूट क्यों दी जाए? ये ऐसे प्रश्न हैं जो संवैधानिक भी हैं, नैतिक भी हैं, सामाजिक भी हैं और देश हित में उठाए जाने योग्य भी हैं। यदि एक बार यह कहा जाए कि भारत का संविधान धर्मनिरपेक्ष है, जिसमें किसी भी संप्रदाय का पक्ष पोषण नहीं किया जा सकता तो भी वक्फ बोर्ड का गठन अपने आप में असंवैधानिक ही माना जाएगा। कानून बनाकर उसे दिए गए असीमित अधिकार तो मानो तानाशाही प्रवृत्ति को बढ़ावा देने का स्पष्ट प्रमाण ही है। इस नये एक्ट के माध्यम से धारा 9 और 14 में संशोधन किया गया है, जिसके द्वारा महिलाओं के लिए प्रतिनिधित्व को बहुत ही जिम्मेदारी के साथ सम्मिलित किया गया है। प्रत्येक प्रकार के विवाद से निपटने के लिए वक्फ बोर्ड द्वारा दावा की गई संपत्तियों का नया सत्यापन अनिवार्य किया गया है। इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए जिले के जिलाधीश वक्फ संपत्तियों की निगरानी में सम्मिलित हो सकते हैं। सरकार की ओर से अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजिजू, गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने चर्चा में भाग लेते हुए मजबूती से अपना पक्ष रखा है। केंद्रीय गृहमंत्री और प्रधानमंत्री ने अपना पूरा होमवर्क पूरी सावधानी के साथ संपन्न किया। यही कारण रहा कि एनडीए के जो सदस्य दल प्रारंभ में कुछ अलग भाषा बोलते हुए दिखाई दे रहे थे, वह सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो गए और यह विधेयक पारित हो गया।

दृष्टि कोण

# शोषित वर्गों के मसीहा डा. अंबेडकर

**14** अप्रैल 1891 को ब्रिटिश भारत के मध्य प्रांत में महू नामक स्थान पर एक ऐसे व्यक्ति का जन्म हुआ जिसका नाम भारत के इतिहास में बड़े अदब से लिया जाता है। अद्भुत प्रतिभा के धनी उस व्यक्तित्व ने अपने जीवन काल में न जाने कितने आयाम स्थापित किए। भारतीय संविधान के रचयिता व दलित एवं शोषित वर्ग की आवाज को बुलंद करने वाले, यह वह शख्सियत है जिसे भारतीय इतिहास में बाबा साहब डा. भीम राव अंबेडकर के नाम से जाना जाता है। डा. अंबेडकर का नाम किसी से छुपा नहीं है। देश ही नहीं, अपितु विदेशों में भी उनका नाम बड़े सम्मान से लिया जाता है। विश्वभर में उनकी सबसे ज्यादा मूर्तियां बनना इस बात की पुष्टि करता है। डा. अंबेडकर का जन्म रामजी सकपाल व भीमाबाई के घर में उनकी 14वीं संतान के रूप में हुआ। उनके पिता ब्रिटिश सेना में नौकरी करते थे तथा महू क्षेत्र सेना की छावनी हुआ करता था। उनका परिवार बहुत बड़ा होने के कारण लालन-पालन बड़ी मुश्किल से होता था। अतः बाबा साहब के जीवन में प्रारंभ से लेकर उनके अंतिम समय तक संघर्ष रहा। उनका जन्म म्हार जाति में हुआ, जो उस समय एक अछूत जाति थी। जिसके कारण उनको छुआछूत का दंश झेलना पड़ा। बाल्यकाल से समाज में फैली अस्पृश्यता, छुआछूत तथा असमानता जैसी कुरीतियों के भुक्तभोगी होने के बावजूद बाबा साहब द्वारा अपने जीवन में अनेकों अनेक कीर्तिमान स्थापित करना अपने आप में उनके संघर्ष, लगन व चहुंमुखी व्यक्तित्व को प्रदर्शित करता है। उन्होंने न केवल संघर्ष के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई, अपितु समाज के शोषित वर्ग को नई दिशा दिखाने का भी काम किया। स्कूल के समय में भी उन्होंने न जाने किस-किस रूप में जातिगत अस्पृश्यता एवं भेदभाव का सामना किया। उन्हें स्कूल में अकेले एक कोने में बैठा दिया जाता था, यहां तक कि एक नल से पानी पीने तक पर प्रतिबंध था। यह भेदभाव उनके मानसिक पटल पर समाज की इस अमानवीय व्यवस्था के प्रति अमिट छाप छोड़ गया। फिर भी, बाबा साहब ने हार न मानी, नित निरंतर पढ़ाई के रास्ते पर आगे बढ़ते गए। वो प्रायः अपनी बहन को उनके साथ होने वाले भेदभाव के पीछे का कारण पूछते रहते, लेकिन कभी भी कहीं से उन्हें संतोषजनक उत्तर नहीं मिल पाया। अंततः उन्होंने शिक्षित होकर इस दमन के खिलाफ लडऩे का फैसला लिया। हालांकि समाज में दलित एवं शोषित समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस भेदभाव का शिकार रहा, तथा सभी अपने-अपने स्तर पर लड़ते रहे, लेकिन डा. अंबेडकर ने शोषण के खिलाफ जिस स्तर पर संघर्ष किया, वह उन्हें दूसरों से पृथक करता है। डा. अंबेडकर एक होनहार छात्र थे। इसलिए उनके बचपन के गुरु श्री कृष्ण केशव अंबेडकर ने उनको शिक्षा में काफी प्रोत्साहित किया, जिसके कारण बाबा साहब को कहीं न कहीं शोषित समाज में उम्मीद की किरण दिखी, जो अथक प्रयासों, संघर्षों और कुर्बानियों से एक ज्वाला बनकर उभरी तथा शोषण के विरुद्ध वर्तमान में भी जलती नजर आती है। उनका एक प्रसिद्ध वाक्य 'बुद्धि का विकास मनुष्य जीवन का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए', सही मायने में उनकी पढऩे-लिखने की उत्कंठा को दर्शाता है। उनके शिक्षा के प्रति आवेग को न तो कोई मुसीबत रोक पाई, न ही सामाजिक शोषण। बाबा साहब की यह उत्कंठा महू से शुरू होकर विश्व के नामचीन विश्वविद्यालयों में जाकर पूर्ण हुई। अपनी इस उत्कंठा के चलते उन्होंने 32 विषयों में स्नातकोत्तर ड्रिगी व विभिन्न भाषाओं का ज्ञान अर्जित किया। उन्होंने एलफिंस्टन कॉलेज से अर्थशास्त्र व राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री प्राप्त की, तत्पश्चात कोलंबिया विश्विद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोतर डिग्री व प्रसिद्ध लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। उनका सीखने का जुनून यहीं खत्म नहीं हुआ, इसलिए समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र, मानवशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं विधि सहित 32 विषयों में स्नातकोतर की डिग्री पूर्ण करके भी कीर्तिमान स्थापित किया। उनकी शिक्षा ग्रहण करने में भी जातिगत भेदभाव साफ नजर आता है, जब उन्हें अछूत होने के कारण संस्कृत भाषा का अध्ययन करने से वंचित रखा गया और उन्हें मजबूरन फारसी भाषा का अध्ययन करना पड़ा। यद्यपि उनकी दृढ़ शक्ति के चलते उन्होंने बाद में संस्कृत भाषा को भी सीखा। उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों की अगर बात करने लग जाएं तो न जाने कितने पृष्ठ भर जाएंगे। अपितु, बाबा साहब का जीवन कभी भी अपने तक सीमित नहीं रहा। वो चाहते तो एक आराम व विलासितापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकते थे। इतनी उपाधियां प्राप्त करने के पश्चात उनको विभिन्न उच्च पदों पर आसीन होने के न्यौते मिले थे।

कुछ अलग

# पकड़े गए दोस्त के नाम


**हे** मेरे बचपन के दोस्त! जबसे मुझे सोशल मीडिया से पता चला है कि तुम रिश्वत लेते हुए पकड़े गए हो और वह भी रंगे हाथों, मन बहुत खिन्न है। कहीं जाकर मरने को मन कर रहा है, पर मरने को सही जगह नहीं मिल रही। पता ही नहीं चल रहा कि कहां जाकर मरूं? सच सच बताना दोस्त! जब तुम बचपन से लेकर कल तक कोई भी गलत काम करते कभी पकड़े नहीं गए तो आज रिश्वत लेते हुए कैसे पकड़े गए? मुझे तो तुम्हारे रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने पर यकीन ही नहीं हो रहा। जहां तक मेरा मानना है रिश्वत लेते हुए तुम पक्का पकड़े नहीं गए होंगे। जरूर किसी ने तुम्हें पकड़वाया होगा। तुम्हें कोई रिश्वत लेते हुए पकड़े, ये मैं कदापि नहीं मान सकता। मुझे लगता है जरूर यह किसी तुम्हारे दोस्त में छुपे दुश्मन का काम है। जरूर वह तुम्हारी रिश्वत लेने की तरक्की से ईर्ष्या करता होगा। दोस्त! जिसके पास ऐसे दोस्त हों उसे दुश्मन रखने की जरूरत नहीं होती। दुश्मनों से तो सचेत रहा जा सकता है, पर आस्तीन में दुश्मन सी घात लगाए ऐसे हंसमुख दोस्तों से नहीं। मुझे दुःख तुम्हारे पकड़े जाने की बात का नहीं, इस बात का है कि जो तुम जैसे भी रिश्वत लेने के माहिर ही पकड़े जाने लगे तो मेरे जैसे मिडिल क्लास रिश्वतखोरों का क्या होगा? यह सोच मैं बिन रिश्वत लिए ही बहुत परेशान हूं। हर वक्त अपने हाथ देखता रहता हूं कि कहीं वे बिन रिश्वत लिए ही रंग तो नहीं गए? सैलरी के नोट लेते हुए भी अब हाथ कांपने लगे हैं। मन कर रहा है कि अब रिश्वत लेने का कोई नया तरीका शोधूं ताकि रिश्वत भी मिल जाए और हाथ भी न रंगे। दोस्त! मानता हूं रिश्वत के बिना आज किसी का भी गुजारा नहीं। कारण, एक दूसरे की देखा-देखी में न चाहते हुए भी हम सबने अपने खर्चे इतने फैला दिए हैं कि जो जिंदगी की चारपाई पर रिश्वत की चादर न फैलाएं तो गर्मियों में तो गर्मियों में, दिसंबर में भी ईएमआई की किस्तों के मच्छर पूरे बदन को काटते रहें। वैसे दोस्त! बिन रिश्वत नौकरी कोई नौकरी थोड़े होती है। जो बिन रिश्वत लिए नौकरी करते हैं, वे अपने बच्चों को उधार छोडक़र मरते हैं। उन्हें समाज में तो छोड़ो, घर में भी द्मद्दत्ता नहीं पूछता। इसलिए सज्जन से सज्जन तक रिश्वत वाले पद पर पोस्टिंग करवाने के लिए कहां कहां से जोर नहीं लगाते? किस किसका पुश नहीं लगवाते। तुमने ही क्या, मैंने भी लगाए, पर कम ही बार सफल हुआ।

अब पकड़े गए हो तो कोई बात नहीं! गिरते हैं शहसवार ही मैदान-ए- जंग में। वो ईमानदार क्या गिरेंगे जो वेतन भी फूंक फूंक कर लेते हों। पर केवल दुःख इस बात का आज भी है और कल भी रहेगा कि तुम मात्र दस हजार लेते पकड़े गए। इस मामले में तुम अपनी नाक कटी मानो या न, पर मैं तुम्हारा परम हितैषी होने के चलते अपनी पूरी नाक कटी जरूर मान रहा हूं। लाखों करोड़ों रिश्वत लेने के दौर में ये दस बारह हजार भी कोई रिश्वत होती है दोस्त? लानत है मुझ पर कि मेरा दोस्त इतनी कम रिश्वत लेता हुआ पकड़ा गया। अब भगवान से बस, यही प्रार्थना कि वे तुम्हें जितनी जल्दी हो सके, फिर रिश्वत लेने का मौका दें। तुम अपने स्तर पर भी कोशिश कर ऐसे बंदे ढूंढना जो रिश्वत लेकर रिश्वत लेने वालों को बचाने में माहिर हों। एक दोस्त होने के नाते मैं तो खैर करूंगा ही।

देश दुनीया से

# ट्रंप के टैरिफ बम का असर

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अनेक देशों पर टैरिफ का ऐलान किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने जब से अमेरिका के राष्ट्रपति पद का जिम्मा संभाला है, जनाब एक के बाद एक, बम बम फैसलों से खबरों में हैं। उन्होंने दुनिया के आर्थिक जगत को उलझा कर रखा हुआ है। ट्रंप ने तमाम देशों पर 10 प्रतिशत से लेकर 49 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया। भारत पर भी ट्रंप ने 26 प्रतिशत का रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया है। सबसे पहले तो आसान तरीके से यह समझें कि टैरिफ होता क्या है। मान लीजिए दक्षिण कोरिया से भारत में मोबाइल का आयात होता है, अब अगर सरकार को दिखता है कि वहां से आने वाले सस्ते मोबाइल से भारत की कंपनियों को घाटा हो रहा है, वो उनका मुकाबला नहीं कर पा रही हैं, तो सरकार टैरिफ का उपयोग करती है। टैरिफ एक प्रकार का टैक्स है जो वह किसी देश से आ रहे सामानों पर लगाती है। सरकार उन वस्तुओं और सेवाओं पर टैरिफ लगाकर उनको महंगा कर देती है ताकि देश के लोग उनको न खरीदकर देश की कंपनियों के प्रोडक्ट को ही खरीदें। अब ट्रंप अमेरिका में यही कर रहे हैं। उन्होंने तमाम देशों पर कम से कम 10 प्रतिशत और अधिक से अधिक 49 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। अब ट्रंप का टैरिफ कैसे काम करेगा? इसको भारत के उदाहरण से ही समझिए। ट्रंप ने 2 अप्रैल को भारत पर जो 26 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है, वो अतिरिक्त टैक्स होगा। यानी अगर किसी सेक्टर पर अमेरिका ने पहले 14 प्रतिशत का टैरिफ लगा रखा था तो अब उस पर 14 प्लस 26 यानी कुल 40 प्रतिशत का टैरिफ देना होगा। ट्रंप ने जो टैरिफ लगाया है उसमें 10 प्रतिशत का टैरिफ 'बेसलाइन टैरिफ' है, यानी कम से कम इतना टैरिफ तो सब पर लगाया गया है। इसके बाद जो टैरिफ है, वह उन देशों की तरफ से अमेरिका पर लगाए जा रहे टैरिफ के अनुपात में लगाया गया है। फिर से भारत के उदाहरण से इसे समझते हैं। भारत पर जो 26 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया है, उसमें से 10 प्रतिशत बेसलाइन टैरिफ है और बाकी का 16 प्रतिशत भारत के टैरिफ के जवाब में लगाया गया है। ट्रंप ने ऐलान किया है कि 10 प्रतिशत का बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल से लागू होगा जबकि 9 अप्रैल से पूरा टैरिफ (भारत के लिए 26 प्रतिशत अतिरिक्त या नया टैरिफ) वसूला जाएगा। ट्रंप के टैरिफ से भारत का कौनसा सेक्टर सबसे अधिक प्रभावित होगा, यह जानना जरूरी है। कृषि के इससे सबसे अधिक प्रभावित होने की संभावना है। इसके अंदर अगर डेयरी प्रोडक्ट की बात करें तो अभी इस पर 16.8 प्रतिशत का टैरिफ लगता है। 9 अप्रैल से इसमें 26 प्रतिशत और जुड़ जाएगा और कुल टैरिफ बढक़र 42.8 प्रतिशत हो जाएगा। इसी तरह फल और सब्जी पर अभी 5.3 प्रतिशत का टैरिफ लगता है जो बढक़र 31.3 प्रतिशत हो जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स पर भारत में 1.2 प्रतिशत का काफी कम टैरिफ लगता है, लेकिन 9 अप्रैल से बढक़र यह 27.2 प्रतिशत हो जाएगा। यानी टैरिफ से भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में कुछ वक्त के लिए कमी आ सकती है। हमें स्मार्ट सप्लाई चेन पर ध्यान देना होगा। देश के फार्मा सेक्टर को बड़ी राहत मिली है। इसे ट्रंप ने टैरिफ के मार से दूर रखा है। भारत की कई बड़ी दवा कंपनियों की आधी कमाई अमेरिकी बाजार से होती है। रत्न और आभूषण सेक्टर को बड़ा झटका लगेगा। अभी इस पर अमेरिका में 5.5 से 13.5 प्रतिशत तक का टैरिफ लगता है। 9 अप्रैल से यह बढक़र 31.5 से 39.5 प्रतिशत तक हो जाएगा। इसकी वजह से अमेरिका से मिलने वाले ऑर्डर पर बड़ा असर दिख सकता है। अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक सांझेदार रहा है। अमेरिका भारत के कुल वस्त्र निर्यात का लगभग 18 फीसदी, आयात का 6.22 फीसदी और द्विपक्षीय व्यापार का 10.73 फीसदी हिस्सा रखता है। अमेरिका के साथ, भारत का 2023-24 में वस्त्रों में व्यापार अधिशेष (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) 35.32 अरब डॉलर था। यह 2022-23 में 27.7 अरब डॉलर, 2021-22 में 32.85 अब डॉलर, 2020-21 में 22.73 अरब डॉलर और 2019-20 में 17.26 अरब डॉलर था। साल 2024 में अमेरिका को भारत के मुख्य निर्यात में दवा निर्माण और जैविक उत्पाद (8.1 अरब डॉलर), दूरसंचार उपकरण (6.5 अरब डॉलर), कीमती और अर्ध-कीमती पत्थर (5.3 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (4.1 अरब डॉलर), सोना और अन्य कीमती धातु आभूषण (3.2 अरब डॉलर), कपास के रेडीमेड वस्त्र, जिसमें सहायक उपकरण शामिल हैं (2.8 अरब डॉलर) और लोहे और स्टील के उत्पाद (2.7 अरब डॉलर) शामिल थे। इसी तरह, आयात में कच्चा तेल (4.5 अरब डॉलर), पेट्रोलियम उत्पाद (3.6 अरब डॉलर), कोयला, कोक (3.4 अरब डॉलर), कटे और पॉलिश किए गए हीरे (2.6 अरब डॉलर), विद्युत मशीनरी (1.4 अरब डॉलर), विमान, अंतरिक्ष यान और उनके हिस्से (1.3 अरब डॉलर) और सोना (1.3 अरब डॉलर) शामिल थे। ट्रंप के टैरिफ बम से भारत को कुछ नुकसान हो सकते हैं। लेकिन एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार भारत 4 सेक्टरों में चीन को पीछे छोडक़र नंबर एक बन सकता है। यानी अमेरिका के इस कदम से भारतीय उद्योगों को फायदा भी मिल सकता है। ट्रंप के टैरिफ से चीन पर 54 फीसदी टैक्स लगेगा, जबकि भारत पर सिर्फ 27 फीसदी। मान लो, चीन से कोई सामान 100 रुपए का आता था, अब वह 154 रुपए का होगा। अगर भारत वही सामान 130-135 रुपए में बेचे, तो अमेरिका भारत से सामान खरीदेगा, क्योंकि यह सस्ता होगा जिससे भारतीय कंपनियों को ज्यादा ऑर्डर मिलेंगे, नए रोजगार पैदा होंगे। भारत का निर्यात बढ़ेगा, जिससे अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। आसान भाषा में अगर कहें तो अमेरिका ने चीन का सामान महंगा कर दिया है, इसलिए भारत अब उसकी जगह ले सकता है और अपना व्यापार बढ़ा सकता है। तुलनात्मक तरीके से देखें तो भारत का कपड़ा उद्योग अब बढ़त में है, क्योंकि अमेरिका ने चीन और बांग्लादेश से आने वाले कपड़ों पर ज्यादा टैरिफ लगा दिए हैं। इससे भारतीय कपड़े सस्ते हो जाएंगे और अमेरिकी रिटेलर्स भारत से सामान खरीदने को मंजूरी देंगे।




आप का नजरीया

# कचरे से दूर

**कचरे** से दूर रहने की कोशिश में अब व्यावसायिक वाहनों के पेट में डस्टबिन होगा। हिमाचल सरकार ने अपनी पर्यावरणीय व स्वच्छता की फाइल पर हस्ताक्षर करते हुए तय किया है कि तमाम व्यावसायिक वाहन डस्टबिन की व्यवस्था करते हुए, कचरे को ठिकाने लगाएं। हमने कुछ समय पूर्व पर्यटक बसों के ठहराव पर निष्पादित कूड़े का जिक्र किया था और प्रसन्नता यह कि सरकार ने संज्ञान लेते हुए, इसे कानूनी व्यवस्था का पहलू बनाया है। कचरे से दूर रहने का यह एक कदम हो सकता है, लेकिन पर्यटन सीजन का कचरा इससे भी कहीं अधिक और गंभीर स्थिति पेश कर रहा है। सार्वजनिक कचरे के प्रबंधन के साथ-साथ नागरिक व्यवहार में परिवर्तन लाने की जरूरत है। खास तौर पर फास्ट फूड के ऑनलाइन आर्डर तथा टेक अवे प्वाइंट्स से हाईवे टूरिज्म का बदलता अंदाज सडक़ों पर गंदगी का सामान छोड़ रहा है। पर्यटक व धार्मिक स्थलों के अलावा हाईवे टूरिज्म के दृष्टिगत डस्टबिन सुविधा का प्रसार चाहिए। परिवहन और पर्यटन क्षेत्र में कूड़ा-कचरा प्रबंधन एक अलग सोच व संस्कृति का प्रसार भी है। सर्वप्रथम खानपान के स्थलों को सुविधाजनक व जरूरत के अनुरूप विकसित करने की योजनाएं बननी चाहिएं। इसके अलावा पर्यटक डेस्टिनेशन, ट्रैकिंग रूट्स व प्राकृतिक स्थलों के आसपास स्वच्छता के नए मानदंड अमल में आने चाहिएं। शुरुआत सार्वजनिक जीवन से होनी चाहिए। क्या हमारे बस स्टैंड इस काबिल हैं कि यात्री गंदगी से बचकर निकल सकते हैं। व्यावसायिक वाहन जिस बस स्टैंड या स्टॉप से होकर गुजरते हैं, वहां भी तो सफाई का आदर्श माहौल होना चाहिए। सरकारी दफ्तरों की स्वच्छता का सवाल तो और भी जरूरी है। प्रशासनिक भवनों, न्यायिक परिसरों और सार्वजनिक समारोह के सान्निध्य में गंदगी ने जीना सीख लिया है। सरकारी दफ्तरों में सफाई के मानदंड सबसे खराब और नागरिक के लिए प्रतिकूलता पैदा करते हैं। किसी न्यायिक प्रक्रिया के दौरान अदालती माहौल में पेशी दर पेशी के बीच नागरिक समाज की मूलभूत सुविधाएं यहां तक हार जाती हैं कि टॉयलेट जैसी सुविधा भी वहां विशेषाधिकार है। वकीलों के चैंबर्स अकसर खुले में स्वच्छता के लिए प्रार्थना करते हैं। जिस मंच से नेताओं के संबोधन, नृत्य-नाटियां और ठुमके लगते हैं, वहां मैदान पर रह जाती हैं कचरे में गिरी-पड़ी यादें। क्या हमने कभी सोचा कि यह जो अब नेताओं की गर्दन को सजाने के लिए फूल उगाते हैं या पुष्पहारों से रौनक बढ़ाते हैं, उनकी परिणति क्या होती है। किस तरह हर दिन कोई वीआईपी फूलों के सैकड़ों हार उतारता है और फिर एक अंधी प्रक्रिया के तहत उन्हें किसी खाई या खड्ड के किनारे छोड़ दिया जाता है। क्यों न हम वीआईपी कल्चर छोड़ दें, पुष्पहारों का इस्तेमाल बंद कर दें। स्वच्छता कानूनों के बजाय आदर्शों की परिपालना है। स्वच्छता के मूल सिद्धांत विकास के साथ भी नत्थी करने होंगे, खास तौर पर हिमाचल की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए ऊपरी क्षेत्रों से नीचे बहती खड्डों और नालों के किनारे पर स्वच्छता के पुख्ता इंतजाम करने होंगे। देखा यह जा रहा है कि नदियों और नालों पर पुलों के ऊपर जालियां लगानी पड़ रही हैं ताकि गंदगी की उडऩतश्तरी सीधे पानी में न पहुंच जाए। शहरों और गांवों की जल निकासी तथा सीवरेज व्यवस्था को अब कैसे रोकेंगे।

# श्री राम महायज्ञ को लेकर कोयद में किया गया ध्वजारोहण

## सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने निकाला शोभा यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड क्षेत्र के कोयद ग्राम में आगामी चार मई से प्रारंभ होने वाले हनुमत जीर्णोद्धार सह श्री राम महायज्ञ को लेकर गुरुवार को ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर कोयद गांव के सैकड़ो की संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भव्य शोभायात्रा निकाला। यह यात्रा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पूरे नगर का भ्रमण कर, पुण यज्ञ स्थल पर पहुंचा। जहां पर पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना के उपरांत ध्वजारोहण किया गया। यज्ञ आयोजन कर्ताओं के द्वारा बताया गया कि यह श्री राम महायज्ञ चार मई से प्रारंभ होगा, जो दस मई को भव्य भक्ति जागरण के साथ विधिवत समापन किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे ग्रामीणों को निर्देश दिया गया है कि, आज के तारीख से लेकर यज्ञ समापन होने तक गांव के कोई भी व्यक्ति मांस, मदिरा का सेवन नहीं करेंगे एवं पूरे वातावरण को भक्तिमय बनाने में यज्ञ समिति का सहयोग करेंगे। इस ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुखलाल साव, महेश साव, पंचायत के मुखिया किशुन राम, ईश्वरी साव, बैजनाथ साव, प्रकाश साव, अशोक साव, काशीलाल साव, सोहराई साव, सुकर साव, सुभाष राम, निर्मल साव, छोटू साव, तुलसी साव सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

## सात दिनों से गायब दोनों बच्चों को पुलिस ने किया बरामद, परिजनों में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** हंटरगंज थाना क्षेत्र के तिलहेत पंचायत अंतर्गत चतरीमौव टोला से शाम को टहलने गए दो बच्चे 2 अप्रैल से लापता थे। परिवार वाले किसी अनहोनी की आंशका से काफी चिंतित थे। परिवार ने थाना में गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया था. जिसे पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए दोनों छात्रों को सकुशल बरामद कर लिया. गायब छात्रों में राजेश भुईयां का 14 वर्षीय पुत्र सुभाष कुमार, बाबूलाल भुईयां का 16 वर्षीय पुत्र रामबीरबल भुईयां था। सुभाष सातवीं, जबकि रामबीरबल नौवीं कक्षा का छात्र है।

## झांकी प्रस्तुति में भाग लिया कलाकारों को कमेटी के अध्यक्ष ने किया सम्मानित



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के विवेकानंद क्लब हेठटोला रामनवमी झांकी की सफल प्रदर्शन के बाद कोलेश्वरी मंदिर परिसर में समीक्षा बैठक हुई। बैठक झांकी समिति अध्यक्ष मुकुटधारी दांगी के अध्यक्षता में हुई। इस दौरान क्लब अध्यक्ष ने बताया कि केरल के ट्रावनकोर राज्य में नीच जाति की महिलाओं को उपरी भाग में वस्त्र पहनने का अधिकार नहीं था।नीच जाति की जो महिलाएं ऐसा वस्त्र पहनती उसे स्तनकर(मुलाकर) टैक्स देना पड़ता था। यह कहानी 17 वीं सदी की है।इस झांकी को देख ग्रामीणों ने जमकर सराहना किया। झांकी प्रस्तुति कलाकारों बुक व अंगवस्त्र दे सम्मानित किया। मौके पर समिति कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार मौर्य, निरंजन दांगी, विनोद पासवान, विजय भारती, देवदीप पासवान समेत अन्य मौजूद थे।

## चकमा देकर करता रहा आपरेशन और भ्रूण हत्या, आखिर कौन है वो मुन्ना भाई एमबीबीएस

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पिछले दिनों चतरा जिले के टंडवा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बगैर परमिशन के लंबे दिनों से संचालित रानी नर्सिंग होम व भारत अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जहां कार्रवाई कर सील कर दिया। वहीं अब चालू कराने के जुगत में संचालक सक्रिय सफेदपोशों वाले सिंडिकेट के संपर्क में बताया जाता है। सूत्रों के अनुसार लगभग दो साल पूर्व जब बड़कागांव में अवैध तरीके से संचालित सेंटर सील होने के बाद उसे जिन सफेदपोशों ने टंडवा में स्थापित कराये वहां वो दस्तक दे रहा है। सफेदपोशों द्वारा साथ देने के पीछे अवैध कमाई में बराबर की हिस्सेदारी माना जाता है। फर्जी चिकित्सकों के सहयोग से संचालक ने आपरेशन के साथ- साथ बड़े पैमाने पर लिंग परीक्षण और भ्रूणहत्या कराने की भनक जब जिला प्रशासन को हुई तब कार्रवाई हुई। अवैध कमाई में बट्टा लगने से बिचौलिये बौखलाये हुवे हैं जबकि सफेदपोशों की टीम पुनः संचालित कराने हेतु दफ्तरों की परिक्रमा कर रहे हैं। सरकारी सिस्टम को चकमा देने में ये शातिर ये खूब माहिर बताया जाता है। बहरहाल अब जिला प्रशासन पर लोगों की नजरें टिकी है।

## आम्रपाली में नौकरी का झांसा देकर हाई टेंशन पोल लगाने वाली कंपनी व दलालो को ग्रामीणों ने खदेड़ा

**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वसूली नाम से चर्चित आम्रपाली परियोजना में नौकरी का झांसा देकर आम्रपाली प्रबन्धन और सरादु वन भूमि व रैयतों के भूमि पर हाई टेंशन बिजली पोल गाड़ने का टेंडर लेने वाली कंपनी को ग्रामीणों खदेड़ दिया हैं। सुबोध सिंह और बिजय सिंह महेश सिंह सहित अन्य ने कहा आम्रपाली में निजी उपयोग के लिए आम्रपाली प्रबंधन और कंपनी द्वारा सरादु गांव के दलालों से साठ गांठ कर के गांव के भूमि पर हाई टेंशन पोल लगाने का साजिश कभी सफल होने नहीं दिया जाएगा। दलाल द्वारा लाखों रुपया लेकर गांव को बर्बाद करने वाला को ग्रामीणों ने चिन्हित कर लिया है। राजेन्द्र राम ने कहा जिस जमीन आम्रपाली में अधिग्रहित नहीं है तो आम्रपाली प्रबंधन नियम विरुद्ध वन भूमि व ग्रामीणों के भूमि पर हाई टेंशन पोल लगाने के लिए नौकरी का झांसा देना बंद करें। वही सुबोध सिंह ने कहा आम्रपाली प्रबंधन नियम विरुद्ध सरादु में किसी भी तरह का कार्य करने का मंशा नहीं रखें, जल्द बैठक करके भंडाफोड़ करते हुए पुतला दहन किया जाएगा। उड़सु कुमरांग होन्हे के रैयतों व ग्रामीणों का कार्य में नियम संगत करने वाले प्रबंधन नियम विरुद्ध क्यों दूसरे गांव में दलालो से कार्य करा कर नौकरी का दे रहे हैं झांसा।ना ही अधिग्रहित, ना ही डायवर्सन ना ही एनओसी फिर भी नौकरी का झांसा देकर क्यों रची जा रही है वन भूमि पर गंदी हो रही है साजिश।

# झांकी प्रस्तुति कलाकारों को मुखिया ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के उपरटोला स्थित सूर्य मंदिर परिसर में रामनवमी पर्व के अवसर पर झांकी प्रस्तुति करने वाले कलाकारों को बुक व अंगवस्त्र दे सम्मानित किया। इस दौरान पंचायत की मुखिया निर्मला देवी संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना पर आधारित झांकी की प्रस्तुति के आम आवाम लोगों को जागरूक किया गया।साथ हो बेहतर कला प्रदर्शन करने वाले कलाकारों का हौसला अपजाही किया। झांकी प्रस्तुति कलाकारों को भास्कर स्वालंबन क्लब अध्यक्ष मुकेश कुमार,झांकी प्रस्तुति अध्यक्ष मुकेश कुमार दांगी, मुखिया निर्मला देवी, सेवानिवृत शिक्षक श्याम सुंदर दांगी, समाजसेवी राजूलाल वर्मा,र ाजेश कुमावहा, चंदा देवी, संगीता कुशवाहा समेत अन्य संयुक्त रूप से सम्मानित किया। मौके पर उपेंद्र दांगी, मनोज कुमार वर्मा, मंटू कुमार, विकास कुमार, कविंद्र कुमार, संटू कुमार, सचिन कुमार, डब्ल्यू कुमार, मनोज व्यापारी समेत अन्य मौजूद थे।

# पिंडारकोण में ग्लोबल पब्लिक स्कूल का हुआ उद्घाटन 1 से 5 क्लास के बच्चे करेंगे अध्यन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड अंतर्गत पिंडारकोंण गांव में ग्लोबल पब्लिक स्कूल का विधिवत उद्घाटन नारियल फोड़ व फीता काटकर किया। उद्घाटन सेवानिवृत शिक्षक देवचरण दांगी, जिला परिषद प्रतिनिधि बालेश्वर यादव, मुखिया प्रतिनिधि बसंत सिंह,उपमुखिया गणेश सिंह, स्कूल संचालक अर्जुन दास, योगेन्द्र दास समेत अन्य ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि पिंडारकोण गांव में वन टु फाइव तक स्कूल खुलने से छोटे छोटे बच्चों को पठन पाठन में काफी सुविधा होगी। स्कूल संचालक को गांव के लोगों के प्रति कुशल व्यवहार करने के साथ साथ बेहतर संचालन करने की अपील किया।




मौके पर समाजसेवी प्रकाश दास, अजय कुमार सिंह, बबलू कुमार साव, उमेश यादव समेत ग्रामीण मौजूद थे।

## केबल लगाने के दौरान पोल से नीचे गिरकर दो घायल, रिम्स रेफर



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टोरी-शिवपुर रेलखंड अंतर्गत बीराटोली में गुरुवार को केबल तार लगाने के दौरान पोल से नीचे गिरकर दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार राजेश कुमार यादव 35 वर्ष पिता झुमन महतो ग्राम कोडरमा निवासी एवं रामलक्ष्मण बैगा 22 वर्ष पिता गोरेलाल बैगा ग्राम सोनभद्र उत्तरप्रदेश रेलवे में प्राइवेट कंपनी का बिजली केबल लगाने का कार्य करते हैं। जहां पोल में केबल लगाने के दौरान पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सहकर्मियों की मदद से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद स्तिथि को गम्भीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## लातेहार में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप में चोरी, स्वर्णकारों ने जताया विरोध




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** शहर में अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है। 9 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे बाजारटांड़ पुल के पास स्थित मां आदि शक्ति ज्वेलर्स में चोरों ने दिनदहाड़े चोरी की घटना को अंजाम दिया। दुकान से चोर एक बैग लेकर फरार हो गए जिसमें लगभग तीन लाख रुपये के जेवर, एक लैपटॉप और तिजोरी की चाभी थी। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।दुकान के प्रोपराइटर कन्हाई कुमार सोनी ने इस संबंध में सदर थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। यह प्रतिष्ठान थाना से महज 400 मीटर की दूरी पर स्थित है। घटना के विरोध में गुरुवार को स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष नारायण सोनी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस उपाधीक्षक और थाना प्रभारी से मुलाकात कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। कोषाध्यक्ष उमेश सोनी ने बताया कि पुलिस ने जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है। स्वर्णकारों ने असुरक्षा जताते हुए प्रमुख चौकों पर सीसीटीवी लगाने और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। कन्हाई सोनी ने बताया कि इससे पहले 4 अप्रैल की रात उनके गोदाम में आग लगने से भी लाखों का नुकसान हुआ था।

## चतरा सांसद कालीचरण सिंह बरवाडीह के समस्याओं से हुए रुबरु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने प्रखंड क्षेत्र के बेतला बरवाडीह छिपादोहर समेत अन्य क्षेत्रों में जनसंवाद अभियान चलाते हुए कार्यकर्ताओं ग्रामीणों की समस्याओं से रूबरू हुए। मौके पर कन्हाई सिंह, कन्हाई प्रसाद, दीपक तिवारी प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, मनोज प्रसाद विवेक कुमार प्रवीण कुमार मनीष कुमार ओमप्रकाश गुप्ता नन्दलाल प्रसाद सुनील कुमार सिंह अशोक प्रसाद समेत दर्जनों कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। मौके पर सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि अपने संसदीय क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश रहती है कि गांव गांव तक पहुंचे। उनके आगमन पर लोगों ने उनका स्वागत गर्मजोशी से किया।इस दौरान लोगों ने कई समस्याओं को दूर करने की मांग की जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल खड़े करते हुए बताया कि नव निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं है, महिलाओं को प्रसव कराने को लेकर अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों में भेज दिया जा रहा है। वहीं लोगों ने प्रखंड व अंचल कार्यालय में बढ़ते भ्रष्टाचार ग्रामीणों की समस्याओं को नजर अंदाज करने की शिकायत पर सांसद ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इस तरह की शिकायत दोबारा मिली तो नियम संगत कार्रवाई की जाएगी।

# पुलिस व ग्रामीणों की मदद से प्रेमी युगल की शादी संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर गांव में गुरुवार को एक अंतरजातीय प्रेमी युगल ने ग्रामीणों और पुलिस के सहयोग से मंदिर में विवाह रचाया। यह प्रेमी जोड़ा–हिमांशु राम (पिता - लक्ष्मण राम) और नीलिमा कुमारी (पिता - दुखराज किसान)–पिछले एक वर्ष से एक-दूसरे के साथ थे। रामनवमी के अवसर पर लड़की के बड़े भाई ने दोनों को साथ देखकर नीलिमा को उसके प्रेमी के घर से लाकर अपने संरक्षण में ले लिया। इस घटना के बाद गांव में दोनों पक्षों की उपस्थिति में एक बैठक बुलाई गई, लेकिन कोई स्पष्ट सहमति नहीं बन पाई। स्थिति को देखते हुए दोनों पक्ष महुआडांड़ थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने आपसी सहमति से विवाह करने का सुझाव दिया। अंततः सामाजिक सहयोग और आपसी समझ के तहत रामपुर मंदिर में दोनों की शादी संपन्न हुई। इस शुभ अवसर पर गांव की कई महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे और नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया।

## पांच दिवसीय हनुमत महायज्ञ मे उमड़ रही है भीड़, श्रद्धालु 12 घंटे तक कर रहे हैं परिक्रमा



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के नगड़ा ग्राम में आयोजित पांच दिवसीय हनुमत महायज्ञ को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। प्रातः 5 से श्रद्धालुओं को कतार में लगकर यज्ञ शाला मंडप की परिक्रमा करते देखा जा रहा है। श्रद्धालु अपनी मनोकामना को लेकर परिक्रमा कर रहे है। वही कई श्रद्धालुओं के द्वारा लगातार 12 घंटे तक परिक्रमा की गई। किसी ने 2100 तो किसी ने 5100 बार की चक्कर लगाते हुए अपनी परिक्रमा पूरा किया। महायज्ञ आयोजन समिति द्वारा भंडारा का भोजन व्यवस्था किया गया है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। वही संध्या बेला में प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें श्रद्धालु पहुंचकर प्रवचन का कथा श्रवण कर रहे हैं द्यज्ञात हो कि यह यज्ञ 7 अप्रैल से प्रारम्भ होकर 11 अप्रैल तक चलेगी द्य महायज्ञ को लेकर आचार्य विनोद मिश्रा के अगुवाई में ध्वजा रोहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस महायज्ञ को लेकर आयोजन समिति के अध्यक्ष शंकर साव, राजेंद्र प्रसाद साहू समेत कई लोग मुख्य यजमान की भूमिका निभा रहे है। महायज्ञ को लेकर 11 अप्रैल को विधि पूजन पूर्णाहुति, विदाई और विसर्जन के साथ-साथ भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस महायज्ञ कि सफलता को लेकर अध्यक्ष संकर साव के साथ बिजली साव धनराज पासवान, तिलकधारी साव, राजेंद्र प्रसाद, प्रवीन कुमार, जगेश्वर साव, मनोज साव समेत कई लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

## लातेहार में छह माह से मानदेय नहीं मिलने पर सरकारी शराब दुकानें बंद, कर्मचारियों ने जताया विरोध




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिले में सरकारी शराब दुकानों के प्रभारी और सहायकों ने छह माह से मानदेय नहीं मिलने के विरोध में 10 अप्रैल से सभी दुकानों को बंद कर दिया है। इन दुकानों का संचालन जेसबीसीएल के अंतर्गत होता है और कर्मचारियों को मानव प्रदाता कंपनी केएस मल्टीफैसिलिटी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नियुक्त किया गया है।कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें अक्टूबर 2024 से मानदेय नहीं मिला है। इसको लेकर जब वे भुगतान की मांग करते हैं, तो उन्हें नौकरी से निकालने की धमकी दी जाती है। इसी के विरोध में गुरुवार को सभी कर्मचारी उत्पाद अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा। दुकान प्रभारी आयुष कुमार ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण उन्हें बच्चों की पढ़ाई, पठन-पाठन सामग्री खरीदने सहित कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि कंपनी के लोग समय-समय पर अवैध रूप से पैसों की मांग करते हैं और जब कर्मचारी इसका विरोध करते हैं, तो उन्हें हटाकर अपने मनपसंद व्यक्तियों को नियुक्त कर घपलेबाज़ी की जाती है। 26 मार्च को अमवाटीकर मोड़ स्थित दुकान में अवैध वसूली की कोशिश और उत्पाद निरीक्षक से दुर्व्यवहार की घटना भी सामने आई थी, जिसमें दो लोगों को जेल भेजा गया था। मुख्य कोऑर्डिनेटर मनोज यादव ने मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जिन्हें सैलरी नहीं मिल रही, वे कार्य छोड़ सकते हैं। उन्होंने कुछ कर्मचारियों को दागी बताते हुए हटाने की बात कही। वहीं, उत्पाद अधीक्षक रंजन तिवारी ने कहा कि उन्हें मामले की जानकारी है और जांच कराई जाएगी। यदि सैलरी नहीं दी गई है तो इस संबंध में कमिश्नर को पत्र भेजा जाएगा। किसी भी कर्मचारी को अन्यायपूर्ण तरीके से नहीं हटाया जाएगा।

# मुण्डा समाज ने पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया सरहुल महोत्सव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुआडांड़ (लातेहार) :** महुआडांड़ प्रखंड के ग्राम खपरताला में भुईहर मुण्डा समाज ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सामूहिक रूप से सरहुल महोत्सव मनाया। इस अवसर पर गढ़वा जिले के रंका, भंडारिया, गुमला जिले के डुमरी, चैनपुर तथा बारेसांड क्षेत्र के पहाड़कोचा, अक्सी, चम्पा, चोरमुंडा, दौना दुरुप, कुरूद सहित कुल 36 गांवों से मुण्डा समाज के महिला-पुरुष उपस्थित हुए। महोत्सव की शुरुआत पारंपरिक पूजा-पाठ से हुई, जिसे बैग्गा द्वारा विधिवत रूप से संपन्न कराया गया। पूजा के बाद सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं और महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेश चरणान्त, मदन मुंडा, बेंजामिन, सोहराई मुंडा, प्रभु दास मुंडा,



धनकुंवर और सत्य प्रकाश सहित कई गांवों के बैग्गा और पाहन उपस्थित रहे। अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि भुईहर मुण्डा समाज को अपनी संस्कृति, परंपरा और अस्तित्व को बचाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। साथ ही जाति प्रमाणपत्र, आवासीय प्रमाणपत्र जैसी आवश्यक सरकारी सुविधाओं के लिए संगठित आंदोलन की आवश्यकता जताई, जिससे समाज को शिक्षा, नौकरी और अन्य योजनाओं का लाभ मिल सके। कार्यक्रम में पारंपरिक गीत-संगीत की गूंज के साथ सामूहिक एकता और संस्कृति संरक्षण का संदेश भी प्रमुख रूप से सामने आया।

## लोजपा जिला कार्यालय में अंबेडकर जयंती को लेकर तैयारियां शुरू, शामिल होने की अपील



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 14 अप्रैल को जिला मुख्यालय के बानपुर स्थित लोक जनशक्ति पार्टी कार्यालय में संविधान निर्माता डॉ0 भीम राव अम्बेडकर की जयंती मनाई जाएगी।इस संबंध में जानकारी देते हुए लोजपा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पासवान ने कहा कि सामाजिक क्रांति के महानायक सह संविधान निर्माता व भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती 14 अप्रैल को पूर्वाहन 11 बजे लोक जनशक्ति पार्टी के जिला कार्यालय बानपुर में मनाया जाएगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



# रिमझिम बारिश के बीच महावीर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती के अवसर पर जैन समुदाय द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। यह शोभायात्रा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनी बल्कि सामाजिक सौहार्द और सेवा का एक आदर्श उदाहरण भी प्रस्तुत किया। शोभायात्रा की शुरुआत जैन मंदिर से हुई और शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यह शोभायात्रा पूरे शहर को धार्मिक उल्लास से सराबोर करती रही। इस शोभायात्रा का कई जगहों पर हजारीबाग के समाजसेवियों और संस्थाओं के द्वारा स्वागत किया गया । झंडा चौक के पास सद्भावना विकास मंच की ओर से शोभायात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान



शोभायात्रा मे शामिल श्रद्धालुओं के बीच पानी,शरबत आदि वितरण किया गया वहीं हजारीबाग यूथ विंग के समस्त पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण शोभायात्रा के स्वागत हेतु बड़ा बाजार चौक पर विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहाँ उन्होंने जैन समाज के प्रमुख पदाधिकारियों को मोती का माला पहनाकर सम्मान किया। इसके उपरांत हजारीबाग यूथ विंग द्वारा शोभायात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के बीच जूस, लस्सी एवं पानी की बोतलों का वितरण किया गया। हजारीबाग यूथ विंग के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने भगवान महावीर के समक्ष दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने कहा भगवान महावीर का जीवन स्वयं में एक दिव्य संदेश है। सत्य, अहिंसा,अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य और अस्तेय जैसे उनके उपदेश आज के युग में और भी अधिक प्रासंगिक हैं। ये उपदेश जीवन को दिशा देते हैं और आत्मिक शांति प्रदान करते हैं।

# दारु प्रखंड में बेमौसम बारिश व भारी मात्रा में ओलावृष्टि से मौसम हुआ सुहाना

## रवि फसल एवं सब्जियों व फलों के फसलों को भारी नुक्सान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु (हजारिबाग) :** प्रखंड के विभिन्न हिस्सों में गुरुवार को अपराह्न 1:30 बजे से अचानक बादल गरजने बारिश होने के साथ भारी ओलावृष्टि हुई। अचानक से तेज हवाएं चलने लगी और बादल गरजने लगे. कुछ देर बूंदा-बांदी हुई इसके बाद अचानक से प्रकृति ने अपना रौद्र रूप दिखाया और बहुत तेज बारिश और ओलावृष्टि होने लगी. प्रखंड के बहुत सारे क्षेत्र ओलावृष्टि के कारण सफेद हो गया एक मनोरम दृश्य देखने को मिला.एक तरफ जहां तेज गर्मी से लोगों को राहत मिली वहीं दूसरी तरफ बेजुबान जंगली जानवरों, मवेशियों को ओलावृष्टि से घायल होने की खबर



है. साथ में प्रखंड के सैकड़ो एकड़ में लगे रवि फसल खासकर गेहूं जो कि करीब-करीब पक चुके थे भारी मात्रा में नुकसान होने की खबर है.वही लिज पर सब्जी लगाने वाले किसानों जो लीज पर सब्जी लगते हैं एवं जो आम व गर्मी के फलों की खेती करते हैं उनको भी नुकसान हुआ है. खबर लिखे जाने तक रुक-रुक कर बारिश जारी थी और प्रखंड की जनता को गर्मी से राहत जरूर मिला है.

# वक्फ संसोधन बिल को लेकर मुस्लिम समाज ने किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** धार्मिक, समाजिक ,राजनैतिक संगठन के सभी मुस्लिम नेतृत्वकर्ता एंव मुस्लिम समाज के लोगो कि एक अहम बैठक खिरगांव मिलत ऐकडमी स्कूल हजारीबाग में पहली बैठक कि गई। इस बैठक कि अध्यक्षता समाजसेवी कमाल ईराकी जबकी कार्यक्रम का संचालन कांगेस नेता साजिद अली खान ने किया। बैठक में मुख्य अतिथी के रूप में सेवानिवृत्त लेबर कमिश्नर शहनाज खां शामिल हुए बैठक में बतौर मुख्य अतिथी संसोधित बिल के खामियों के बारे मे विस्तृत जानकारी दी । बैठक कि अध्यक्षता करते हुए कमाल ईराकी ने कहा कि यह पहली बैठक आहुत कि गई है अपनी मांगो को लेकर यह निरंतर बैठके कि जाएगी । संचालन करते हुए साजिद अली खान ने कहा मुसलमान वक्फ कि एक इंच भी जमीन नही लेने देगा अवश्यकता पडने पर आंदोलन का रास्ता भी अपनाई जाएगी जिसके लिए और लोगो को जोडा जाएगा वक्फ संसोधन बिल मामले को लेकर पुनः बैठक आहुत कि जाऐगी. इस बैठक मे मुख्य रूप से टिंकू खान, खुर्शीद अंसारी ,अख्तर हुसैन ,नौशाद खा, मुस्तकिम, निसार अहमद, खलिल अंसारी, मों.कमिल, मों.समीर ,उस्मान कादरी , परवेज अहमद, मोहसीद रज्जा, मो.स्माईल, जफर शरीफ, शमशाद आलम, मो.रब्बानी ,जमाल उददीन, मो .फरीद, सलाउददीन इत्यादि सैकडो की संख्या में लोग उपस्थित थे.

# सिवाने नदी पुल सड़क के किनारे पिलर पगडंडी नहीं रहने से हो रहा जानलेवा दुर्घटना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के झरपो और दारू प्रखंड के पेटो गांव के रास्ते सिवाने नदी पुल के समीप मुख्य मार्ग एनएच 522 को जोड़ने वाले करोड़ों रुपए की लागत से बने सड़क के किनारे पिलर पगडंडी नहीं होने अचानक मौसम परिवर्तन बर्फ के साथ वारिश होने से कई साइकिल दो पहिया वाहन (मोटर साइकिल) ,चार पहिया वाहनों को सड़क किनारे खाई होने के कारण जान को हथेली पर लेकर गुजरना पड़ता है।बतादे की 10 अप्रैल दिन गुरुवार को अचानक बर्फ के साथ तूफान वर्षा होने से इस खाई में खैरा पंचायत के बैडमक्का गांव निवासी वार्ड प्रतिनिधि पप्पू रविदास सड़क के किनारे अपने मोटर साइकिल से टायर पिछलने



के कारण खाई में गिर गए प्रत्यक्ष दर्शियों ने बहुत ही मशक्कत के बाद मोटर साइकिल सहित वार्ड सदस्य पप्पू को खाई से बाहर निकाला गया वे जानलेवा दुर्घटना होने से बाल बाल बच गए उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि संवेदक के लापरवाही से ही ऐसी घटनाएं हो रही यदि पगडंडी पिलर होता तो खाई में जाने से बचा जा सकता था जिसे देखा जा सकता है संबंधित विभाग के अधिकारी गणों को संज्ञान में लेकर समस्या का समाधान करनी चाहिए। मौके पर विजय कुमार राणा,सतीश कुमार,संजय कुमार यादव,प्रदीप कुमार ,संदीप पाण्डेय समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वंदना सभा मे महावीर जयंती मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वंदना सभा मे महावीर जयंती मनाया गया।जैन धर्म के 24वे तीर्थंकर भगवान महावीर को याद करते हुए उनके चित्रो पर पुष्पार्चन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि उनके द्वारा कही गई बातो का अनुसरण करनी चाहिए। वरिष्ठ आचार्य संजीव जी ने अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह जैसे पांच सिद्धांतो पर प्रकाश डाला। प्रभारी प्रिंस जी ने कहा कि चित्र की पूजा नही होती है बल्कि अच्छे चरित्र की पुजा होती है। कक्षा सप्तम ब की बहन आराध्या तथा अष्टम ब की बहन आद्या भगवान महावीर जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम मे सभी आचार्य एवं दीदीजी उपस्थित थे।

# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में मनाई गई महावीर जयंती



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में गुरुवार को महावीर जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह की प्रार्थना सभा के दौरान बच्चों द्वारा भगवान महावीर की आरती एवं भजन प्रस्तुत किए गए, जिससे समस्त वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात् विद्यालय परिसर में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें डिबेट ,निबंध लेखन, ड्राइंग कंप्टीशन सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि महावीर स्वामी जैसे महापुरुषों के जीवन से हमें त्याग, अहिंसा, और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित यह आयोजन न केवल बच्चों के लिए एक प्रेरणादायी अनुभव रहा, बल्कि सभी के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर दिन साबित हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के एक्टिविटी इंचार्ज शुभम पाण्डेय का अहम योगदान रहा।

# प्रेस क्लब,विष्णुगढ़ की बैठक,सदस्यता अभियान समेत कई मुद्दों पर गहन चिंतन



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र सभागार में गुरुवार को प्रेस क्लब,विष्णुगढ़ की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रेस क्लब,विष्णुगढ़ कार्यकारी अध्यक्ष बटेश्वर कुमार मिश्र (बंटी मिश्रा) ने की तथा संचालन सचिव जीवन सोनी ने किया। प्रेस क्लब,विष्णुगढ़ की महत्वपूर्ण बैठक में विशेषकर प्रेस क्लब,हज़ारीबाग की ओर से जारी सदस्यता अभियान को गति देते हुए प्रेस क्लब,हज़ारीबाग से जुड़े सदस्यों का नवीनीकरण करते हुए वर्ष 2025-26 के लिए सदस्य बनाया गया। बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मिश्र,सचिव जीवन कुमार सोनी,उपाध्यक्ष संतोष शर्मा, सह-सचिव भास्कर दुबे,केंद्रीय सदस्य धनश्याम पाठक,कोषाध्यक्ष श्रीप्रसाद सोनी,जिला कार्यकारिणी सदस्य अमुलचन्द पाण्डेय,ललित कुमार मिश्र,कार्यकारिणी सदस्य धीरज शर्मा, राजेश्वर महतो, पुरुषोत्तम कुमार(पारस),राहुल गुप्ता उपस्थित थे।

# मिशन अस्पताल में 15 और 16 अप्रैल को गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में 15 और 16 अप्रैल को जननी स्वास्थ्य मेला के तहत गर्भवती महिलाओं के विशेष निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। इसमें गर्भवती महिलाओं को निशुल्क डॉक्टर परामर्श, मुफ़्त दवा, शुगर एवं हीमोग्लोबिन जांच, बी.पी. जांच, दंत जांच, न्यूरोलॉजिस्ट परामर्थ, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच एवं एक समय का भोजन मुफ्त प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड व अन्य जांच पर भारी डिस्काउंट प्रदान किया जाएगा। अनुभवी व विशेषज्ञ चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी गर्भवती महिलाओं की सेवा में जुटे रहेंगे। श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष एवं संत मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने उक्त आशय की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जननी स्वास्थ्य मेला के तहत मातृशक्ति की उत्तम देखभाल प्रदान करने हेतु विशेष निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ताकि निशुल्क बुनियादी जांच एवं उपचार करवाकर मां और बच्चा दोनों स्वस्थ रहे।

# राम नारायण यादव मेमोरियल कॉलेज में पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन आयोजित





## पूर्ववर्ती छात्र समिति का किया गया गठन, अध्यक्ष बनी ममता कुमारी व सचिव अनुज कुमार यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** राम नारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय, बरही में गुरुवार को पूर्ववर्ती छात्र सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से किया गया। कार्यक्रम का आयोजन आईक्यूएसी के सहयोग से हुआ। जिसका अध्यक्षता महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव एवं संचालन प्रो बद्री साव ने किया। सम्मेलन का शुभारंभ महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, प्राचार्य डॉ. विमल किशोर, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं उपस्थित पूर्ववर्ती छात्रों ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सभी पूर्व छात्रों को गुलाब के फूल देकर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रों ने अपने छात्र जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए कॉलेज के विकास में योगदान देने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर पूर्ववर्ती छात्र समिति का गठन भी किया गया। जिसमें अध्यक्ष ममता कुमारी, सचिव अनुज कुमार यादव, कोषाध्यक्ष रवि केशरी, उपाध्यक्ष उदयानंद कौशिक, अर्जुज ठाकुर, पुष्पा कुमारी, संयुक्त सचिव गौतम कुमार, अमित रंजन, आशिफ इकबाल, सहायक सचिव राकेश रोशन, पुष्पा सिंह को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में शिवकुमार रविदास, पवन कुमार राणा, विनय कुमार गुप्ता, चन्दन केशरी, प्रिया कुमारी, तन्नू कुमारी, मो. साहेब शामिल है। महाविद्यालय के उत्थान हेतु काम करेगा। जिसमें पूर्ववर्ती छात्र अपना डोनेशन देंगे और इसका संचालन व नियंत्रण कमिटी के द्वारा किया जाएगा। कमिटी में संरक्षक के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य होंगे, जो पूरे कार्यो की निगरानी करेंगे।कमिटी गठन के बाद हर माह महाविद्यालय के विकास को लेकर मासिक बैठक होगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सचिव परमेश्वर यादव, प्राचार्य डॉ. विमल किशोर, डॉ. अरुणा रानी, डॉ. अरुण कुमार रामानुज, डॉ. अजय रविदास, प्रो. बद्री साहू, प्रो. हीरामन साहू, कुमारी सुषमा, संगीता चौधरी, सरिता सिंहा, डॉ. गिरधारी यादव, डॉ. अजय प्रताप सिंह, ओम लता कुमारी, संजय कुमार बक्सी, ब्रह्मदेव मोदी, डॉ. अशोक कुमार, महेश यादव, जागेश्वर यादव, डॉ. सीमा सिंहा, डॉ. नैयर इकबाल, मो. आवास, प्रो. तमन्ना प्रवीण, प्रो. बबीता कुमारी, डॉ. ओम कुसुम सहित बड़ी संख्या में पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं एवं वर्तमान विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# रामदेव खरिका में निकली 401 कलशों की भव्य शोभायात्रा, गूंजे जयकारे और वैदिक मंत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**दारु (हजारीबाग) :** प्रखंड क्षेत्र के रामदेव खरिका में गुरुवार को एक अद्भुत और आस्था से परिपूर्ण दृश्य देखने को मिला, जब दुर्गा मंडप से 401 महिलाओं और युवतियों ने कलश लेकर कवालु नदी की ओर भव्य शोभायात्रा निकाली। वैदिक मंत्रोच्चार और ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच श्रद्धालु भक्तिभाव से ओतप्रोत दिखे। आचार्य कामेश्वर पंडित और सुबोध पंडित ने संयुक्त रूप से बताया रामदेव खरिका का देवी मंडप का जीर्णोधार किया गया इसे लेकर तीन दिवसीय दुर्गा पाठ का आयोजन किया गया है जिसमें गुरुवार को कलश यात्रा निकाली गई है। त्रिदिवसीय यज्ञ महोत्सव की शुरुआत इस कलश यात्रा से हुई, जहां श्रद्धालुओं ने जय श्री राम और जय माता दी के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नदी से पवित्र जल भरकर, सभी ने विधिपूर्वक कलशों को मंडप में स्थापित किया। पूरा क्षेत्र धार्मिक उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। लोगों ने इस आयोजन को एक आस्था का महापर्व बताया और बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया। आने वाले दो दिनों तक मंडप में हवन-पूजन और प्रवचन का आयोजन किया जाएगा।

# बरही पुलिस ने एक विक्षिप्त का शव किया बरामद, पहचान के लिए शीत गृह भेजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही प्रखंड कैंपस स्थित पूर्वी पंचायत भवन के बगल में गुरुवार करीब दिन दो बजे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरही पुलिस ने बरामद किया। मृतक की उम्र करीब 70 वर्ष की होगी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि इसकी सूचना हमे मिली थी। वहां के आसपास लोगों के बताए अनुसार, मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। वह अक्सर सड़कों के किनारे घूमता रहता था। आसपास के दुकानदार उसे खाने-पीने की चीजें दे देते थे। प्रथम दृष्टया से पता चलता है कि इनकी अस्वस्थ्य और भूख रहने के कारण इनकी मौत हुई होगी। शव को पोस्टमार्टम करा कर पहचान हेतु शीत गृह हजारीबाग भेजा गया ।

# विष्णुगढ़ से साँसद प्रतिनिधि बने रविन्द्र कुमार बरनवाल एवं नागेश्वर महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** हज़ारीबाग साँसद मनीष जायसवाल ने विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल एवं पूर्वी मंडल में साँसद प्रतिनिधि नियुक्त किया। विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल से रविन्द्र कुमार बरनवाल(दीपू भाई) एवं विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल से नागेश्वर महतो को साँसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। बीती रात को दोनो मंडलों में साँसद प्रतिनिधि की घोषणा के बाद नवनियुक्त साँसद प्रतिनिधियों को विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल कार्यकारी अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल एवं पूर्वी मंडल कार्यकारी अध्यक्ष सुखदेव रजवार,पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन गुप्ता, पूर्व साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,शम्भू नाथ पाण्डेय,गौतम भारती समेत सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ताओ एवं विष्णुगढ़ के प्रबुद्ध जनों ने दोनों साँसद प्रतिनिधियों को बधाई दी। इस संबंध में विष्णुगढ़ नवनियुक्त साँसद प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार बरनवाल (दीपू भाई) ने कहा मुझे जो नई जिम्मेदारी मिली है,मैं इसका पूरी ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का पूरा प्रयास करूँगा,आप सभी को शुभकामनाएं देने के लिए दिल से धन्यवाद। मैं सबसे पहले विष्णुगढ़ के विकास एवं समस्याओं के समाधान के लिए साँसद मनीष जायसवाल से आग्रह करूँगा। इस कड़ी में मेरी पहली प्राथमिकता विष्णुगढ़ को एक केन्द्रीय





विद्यालय मिले तथा विष्णुगढ़ +2 हाई स्कूल की चारदीवारी से सटे दीवार की ओर स्टेडियम जैसा निर्माण करने एवं सीढ़ीनुमा बने बाहर खाली जगह में विष्णुगढ़ वासियों के लिए सरकार के द्वारा दुकान बनाई जाय जिससे बच्चों के खेलकूद के साथ लोगो को कम किराए पर दुकान मिल सके और लोगो का भी भला हो। पूर्वी साँसद प्रतिनिधि नागेश्वर महतो ने कहा कि मेरा तन मेरा मन भाजपा मैं संघ के समय से भाजपा का एक छोटा सा सिपाही रहा हूँ। साँसद ने मुझे जिस आशा व उम्मीद से अपना प्रतिनिधि बनाया है,उस खरा उतरने का पूरा प्रयास करूँगा। बनासो से लेकर जीटी रोड तक सड़क मरम्मती हो ,कोनार सिंचाई परियोजना को दुरुस्त कर किसानों को पानी मिले इन मुद्दों को साँसद को अवगत कराने और धरातल पर उतारने का प्रयास होगा। साथ हीं संगठन को और मजबूती मिले इसके लिए पूरी ताकत लगा दूँगा।

# टाटीझरिया में बेमौसम बारिश ने बदला मिजाज, पड़े ओले

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया :** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के झरपो भराजो खैरा डहरभंगा डूमर धरमपुर बेड़म टाटीझरिया पंचायत अंतर्गत कई गांवों में जोरदार बारिश के साथ ओले पड़े। तेज हवा के साथ बड़ी-बड़ी बारिश की बूंदें गरज-मलक से बर्फ के छोटे बड़े टुकड़े से लोगों को दिन में ही अंधेरा सा लगने लगा । बादलों की गड़गड़ाहट से पूरा वातावरण गूंज उठा। पशु-पंछी अपने अपने आशियानों में दुबके रहे। लगभग शाम चार बजे तक जोरदार बारिश होती रही , आसमान में काले बादलों ने डेरा डाले रखा। सड़कों पर चलने वाली गाड़ीयां अपनी लाइट जला कर चलने लगी ओले पड़ने से बहुत फसल बर्बाद हो गए। तेज हवा चलने से कई पेड़ भी गिर गए।काले बादलों से ढकने से अंधेरा छाया रहा। मौसम के इस मिजाज से जहां तपती गर्मी से लोगों को राहत मिली है एवं लोगों के चेहरे पर खुशी नजर आ रही है, वहीं गर्म फसलों में



टमाटर खीरा फूलगोभी भिंडी तथा आम के फल महुआ फल के लिए यह पानी हानि पहुंचाने का भय भी सता रहा है। बारिश के बाद धरती तवे के समान जलेगी जिससे अनेक तरह की बीमारियों का भय अभी से ही सता रहा है। बेमौसम बारिश होना प्राकृतिक असंतुलन का एक संकेत है। जिससे किसानों ने काफी चिंता व्यक्त किया है।

# दिगम्बर जैन समाज द्वारा रामगढ़ में महावीर जयंती का भव्य कार्यक्रम का आयोजन







**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** दिगंबर जैन समाज रामगढ़ द्वारा स्थानीय रामगढ़ जिनालय में भगवान महावीर के 2624 वे जनम कल्याण महोत्सव अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया गया । कार्यक्रम की शुरुआत में श्री जी का अभिषेक ,शांति धारा तथा नित्य पूजन की प्रक्रिया की गई। तत्पश्चात सदस्यों के बीच अल्पाहार की व्यवस्था की गई ।अल्पाहार के पश्चात श्री जी को रजत धातु से नव निर्मित पालकी में विराजमान करके नगर भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के दौरान जैन श्रद्धालुओं में असीम उत्साह देखा गया जैन समाज के सभी स्त्री पुरुष बच्चे झूमते गाते हुए तथा श्रीजी का जयकारे लगाते हुए जुलुश में शामिल हुए। जुलूस को जैन मंदिर से शुरू करके स्थानीय थाना चौक झंडा चौक लोहार टोला होते हुए वापस श्री जी की सवारी को जिनालय में प्रवेश कराया गया ।नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा जगह जगह पर श्री जी की पालकी में शामिल श्रद्धालुओं की आगवानी की गई। प्रवेश करने के पश्चात श्री जी का मंत्र उच्चारण के साथ अभिषेक एवं शांति धारा की प्रक्रिया की गई ।प्रथम अभिषेक का सौभाग्य योगेश जी निशा जी सेठी परिवार श्रीमती अरुणा जैन डॉ शरद जैन परिवार,अशोक जी सुनील जी संजय जी सेठी परिवार एवं इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। शांतिधारा का सौभाग्य राजेंद्र जी राजेश जी चूड़ीवाल परिवार एवम् इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल परिवार को प्राप्त हुआ। नव निर्मित रजत पालकी में श्री जी को विराजमान करने का सौभाग्य अशोक जी सुनील जी संजय जी सेठी को प्राप्त हुआ। बाद में हजारीबाग से आए हुए पंडित दीपक शास्त्री के सानिध्य में तथा मध्य प्रदेश से आए हुए भजन गायक प्रशांत जैन तथा उनकी मंडली द्वारा भक्तिमय तरीके से श्री महावीर विधान का आयोजन किया गया । विधान के तत्पश्चात सदस्यों के बीच वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया तथा समाज के सचिव श्री योगेश सेठी ने बहार से आए हुए अतिथियों तथा पत्रकारों का अभिनंदन किया अभिनंदन करने के पश्चात शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम महाआरती का आयोजन किया गयामहा आरती के पश्चात् बच्चों एवं महिलाओं द्वारा भगवान महावीर के गर्व में आने के समय माता त्रिशला को आने वाले 16 सपनो के विषय पर आधारित भक्तिमय नाटक का मंचन किया गया। विस्तृत जानकारी देते हुए समाज के सचिव श्री योगेश सेठी ने बताया कि भगवान यू तो महावीर भगवान का जन्म कल्याणक रामगढ़ समाज प्रत्येक वर्ष मानता है किंतु इस वर्ष पालकी के अंदर शोभायात्रा निकालकर और 2624 वे जनम कल्याणक का आयोजन एक अभूत्यपूर्व अवसर है तथा कार्यक्रम के भव्य आयोजन से समाज में नव चेतना का संचार हुआ है।वर्तमान कार्यकारणी समिति आने वाले समय में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित आने में सदैव प्रत्यनशील रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के सदस्यों का महत्पूर्ण योगदान रहा ।कार्यक्रम में गुड्डु जैन माणिक जैन ललित चूड़ीवाल प्रदीप पाटनी अरविंद सेठी खुशबू चूड़ीवाल विनोद जैन सुनील छाबड़ा देवेंद्र गंगवाल वीणा जैन ममता जैन सुधा जैन ऊषा अजमेरा सौरव अजमेरा आदि उपस्थित थे।

## पतरातु अस्त्र-शस्त्र चालन और झांकी प्रतियोगिता विजेताओ को किया गया पुरस्कृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पतरातू रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वाधान में 6 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर आयोजित अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें क्षेत्र के 25 गांव के सैकड़ों खिलाड़ियों ने पतरातू बाजार टांड अखाड़ा में अपने अस्त्र-शस्त्र खेल का प्रदर्शन किए थे। इस आलोक में सफल प्रतिभागियों के बीच बुधवार को देर शाम राम जानकी मंदिर परिसर पतरातू में एक समारोह का आयोजन कर पुरस्कार का वितरण किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, भाजपा वरिष्ठ नेता राधेश्याम अग्रवाल, पूर्व जिला पार्षद सदस्य अर्चना देवी, मुखिया गिरिजेश कुमार, पंचायत समिति ज्योति गुप्ता, बीरेन्द्र पासवान, रवि पाठक, डॉ.एस.के.विश्वास, अवधेश सिंह, ब्रजेश सिंह आदि शामिल थे। झांकी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार बारवाटोला और किरिगढा को दिया गया। इसके अलावा अखाड़ा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार झुमरी टोला रोचाप, द्वितीय पुरस्कार महुआ टोला पालू, तृतीय पुरस्कार जयनगर ठाकुर टोला और चतुर्थ पुरस्कार सांकुल को दिया गया। इसके अलावे पचास वैसे लोगों को भी पुरस्कृत किया गया। जो प्रतियोगिता के समय राम-सीता, लक्ष्मण, हनुमान, भगवान शंकर और राक्षश का रूप धारण कर आयोजन में आए हुए थे। इस दौरान आयोजन को सफल बनाने वालों में महासमिति के राम प्रवेश पांडे, नारायण साहू, सुशिल सिंह, महानंद सिंह, उदय अग्रवाल, जितेन्द्र सिंह और शशि पाठक आदि लोग उपस्थित थे।

## भुरकुंडा पहुंचे राज्यसभा सांसद आदित्य साहु, कार्यकर्ताओं संग की संगठनात्मक बैठक

○ भगवान बिरसा मुंडा को किया नमन, बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा(रामगढ़) :** भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहु गुरुवार को भुरकुंडा बिरसा चौक पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात वे भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अशोक सोनी के आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय बूथ अध्यक्षों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने स्थानीय बूथ अध्यक्षों से पार्टी की गतिविधियों और संगठन की स्थिति पर चर्चा की। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आदित्य साहु ने कहा कि सभी कार्यकर्ता निरंतर जनसंपर्क में रहें और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने झारखंड सरकार को विकास विरोधी बताते हुए कहा कि राज्य सरकार की विफलताओं को जनता के बीच ले जाना हमारा दायित्व है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपने-अपने बूथों को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करने की अपील की। ताकि आने वाले समय में राज्य से भ्रष्टाचारियों की सरकार को उखाड़ फेंका जा सके। राज्यसभा सांसद श्री साहु पतरातू में आयोजित सक्रिय सदस्य सम्मेलन में भाग लेने जा रहे थे। मौके पर डॉ. संजय सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, सागर दांगी, योगेश दांगी, संजीव कुमार बावला, लक्ष्मी कुमारी, महेन्द्र सिंह, अशोक सोनी, अमरेश सिंह, दिनेश प्रसाद, राजेन्द्र मुंडा, कविता देवी, अरुण पाण्डेय, राकेश जायसवाल, जनार्दन सिंह, जयप्रकाश पाण्डेय, विनोद कुमार, सत्य प्रकाश राय, काला बाबू, झागु बेदिया, देवेन्द्र सिंह, अरविंद मेहता, सोनू कुशवाहा और भुरकुंडा मीडिया प्रभारी आकाश साहु सहित कई भाजपाई मौजूद थे।

## होसिर में प्राकृतिक पर्व सरहुल मनाया गया हर्षोल्लास के साथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** होसिर में ग्रामीणों द्वारा हर्षोल्लास के साथ प्राकृतिक पर्व सरहुल मनाया गया। इस अवसर पर विधि विधान के साथ सखुआ वृक्ष के नीचे पारंपरिक नियमों से पूजा अर्चना किया गया। कलश में पानी की गणना पाहनों द्वारा वर्षा की भविष्यवाणी की गई। सभी ने प्राकृतिक रक्षा करने का भी संकल्प लिया।मौके पर मुखिया लक्ष्मी देवी, पंसस गणेश महतो, पूर्व मुखिया प्रमोद कुमार महतो, पहान देवनारायण मुंडा, केतर मुंडा, वासुदेव चौधरी, सुनील मुंडा, बबली मुंडा, महेंद्र मुंडा, वासुदेव मुंडा, सुरेश मुंडा, कजरू महतो, पनचित महतो, कार्तिक महतो, यशोदा देवी, प्रार्थना देवी, सुशीला कुमारी, रजनी देवी, सुनीता देवी, पूनम देवी, रिंकी देवी, मीना देवी, विनीता देवी आदि उपस्थित थे।

## श्री अग्रसेन स्कूल में मनाई गई महावीर जयंती, विशेष कार्यक्रम का हुआ आयोजन

○ भगवान महावीर के जीवन से विद्यार्थियों को कराया गया अवगत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा(रामगढ़) :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में गुरुवार को भगवान महावीर जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विशेष प्रातः सभा में विद्यार्थियों को भगवान महावीर के जीवन से अवगत कराया गया। इसके अलावा कक्षाओं में विशेष कार्यक्रम का आयोजन करते हुए विद्यार्थियों को भगवान महावीर का जीवन परिचय कराया गया। साधना सिन्हा ने बताया कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें और आखिरी तीर्थंकर हैं। उन्होंने 30 वर्ष की आयु में गृह त्याग कर दिया था। गृह त्याग के बाद 12 वर्षों तक तपस्या करते हुए उन्होंने ज्ञान की प्राप्ति की थी। विद्यार्थियों को भगवान महावीर की अहिंसा और करुणा की शिक्षा का सार समझाया। दुनिया में भगवान महावीर के सिद्धांत की प्रासंगिकता के बारे में बताया गया। आचार्य लीलेश्वर पांडेय ने कहा कि महावीर जयंती मनाए जाने का मूल कारण भगवान महावीर के ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना है। आज की दुनिया को भगवान महावीर के मार्ग पर चलने की जरूरत है। उन्होंने उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए उस पर चलने की प्रेरणा शिक्षाप्रद कहानियों के माध्यम से दी।

## हैवी ब्लास्टिंग के कारण थर्रा उठी सिरका परियोजना, कई घर हुए क्षतिग्रस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिरका :** रामगढ़ जिले के सीसीएल सिरका परियोजना की खुली खदान के हैवी ब्लास्टिंग से यहाँ से सटे गाँव चाणक में एक रैयत परिवार का घर क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में रैयत परिवार के प्रदीप बेदिया ने गुरुवार को सिरका कोलयरी प्रबंधन को खुली खदान सिरका माइंस में प्रोडक्शन के दौरान हैवी ब्लास्टिंग करने से मकान क्षतिग्रस्त होने संबंधी पत्र सौपा। ब्लास्टिंग से स्थानीय घर असुरक्षित हो रहे । पत्र में उल्लेख किया गया है कि मैं रैयत परिवार से हूँ और यहाँ महेन्द्र, मोहन भुईया, कारू भुईया, नंदलाल सोनी, जनार्दन दुबे, संतोष सोनी, गोपाल करमाली, रोहित करमाली, अनिल करमाली, गुगा करमाली, बंता भुईयां, रवि साव, रमेश तूरी, हजारी तुरी, कुंदन प्रजापति, रंजीत प्रजापति, रमेश रजवार समेत दर्जनों ग्रामीण विस्थापित सिरका चाणक में रहते हैं।सिरका कोलयरी की चाणक गाँव से दूरी मात्र 30 मीटर की रह गई है, इससे लोगों का मकान और जीवन भी असुरक्षित होता जा रहा है। हैवी ब्लास्टिंग से बसंत बेदिया का मकान क्षतिग्रस्त हो गया है। जो प्रदीप बेदिया के पिता हैं। घर के अन्य लोगों को भी चोटें आई हैं। सीसीएल प्रबंधन अभी तक ध्यान नहीं दे रहा है। जब भी प्रबंधन से हम लोग बात करते हैं तो टालमटोल कर वापस भेज दिया जाता है।

## आरा मंडल के सांसद प्रतिनिधि बने अरविंद कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने सोनडीहा निवासी भाजपा नेता अरविंद कुमार प्रसाद को आरा मंडल का सांसद प्रतिनिधि बनाया गया है। इसको लेकर कार्यकर्ताओं के बीच हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया है। हर्ष व्यक्त कर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से रंजीत कुमार, श्रवण सुंडी, छोटेलाल प्रसाद, राजेश कुमार, अरूण कुमार, मंटू कुमार, रितेश चौधरी, दिनेश, जीतन साव, शिवरतन प्रसाद, अजय कुमार साहू आदि शामिल है।

## युनाइटेड कोल वर्कस युनियन कार्यालय उरीमारी में संयुक्त ट्रेड यूनियन कि हुई बैठक

○ समस्याओं का हल ना होने पर 12 अप्रैल को संयुक्त ट्रेड यूनियन करेगी आंदोलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** युनाइटेड कोल वर्कस युनियन कार्यालय उरीमारी में गुरुवार को संयुक्त ट्रेड यूनियन कि बैठक हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता बासदेव साव ने किया। वहीं इस बैठक में पांचों ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं इस बैठक में तीन प्रमुख मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया। जिसमें बरकासयाल क्षेत्र के समस्त कालोनियों में पेयजल आपूर्ति अविलंब सुचारू रूप से किया जाए। आवासीय कालोनीयो में जर्जर सेफ्टी टेंक,नाली,नाला, रोड को अविलंब बनाया जाए। सयाल अंबेडकर भवन स्थित खटाल को किसी अन्य जगह पर स्थानांतरित किया जाए। वहीं सभी समस्याओं को अविलंब समाधान करने कि उक्त बैठक में बातें कही गई। वहीं सयाल परियोजना में मजदूरों के आवासीय कालोनीयो से संबंधित समस्याओ को समाधान ना करने पर 12 अप्रैल को सभी युनियन चरणबद्ध आंदोलन करेंगे। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन कि होगी। वहीं इस मौके पर संजय वर्मा, संजय शर्मा, अर्जुन सिंह, जेपीएन सिन्हा, सुरेश प्रसाद मेहता, बिनोद कुमार, महादेव मांझी, राजीव सिन्हा आदि लोग मौजूद थे।

## पुरुषोत्तम मांडू विधानसभा के और गुंजन डाढी मंडल के सांसद प्रतिनिधि बनाए गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रामगढ :** हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल ने मांडू विधानसभा के विधान सभा स्तरीय और मंडल सांसद प्रतिनिधि की घोषणा की है। जिसमें गिद्दी निवासी पुरुषोत्तम पाण्डेय को मांडू विधानसभा स्तरीय सांसद प्रतिनिधि बनाया और रैलीगड़ा निवासी गुंजन साव को डाडी मंडल का सांसद प्रतिनिधि बनाया है !इस अवसर पर पुरुषोत्तम पाण्डेय ने कहा की सांसद महोदय ने पूरे विधानसभा के आठ मंडल की विकाश की गंगा को सांसद ने बहाने का सपना रखा है उसे गति देने की जिम्मेवारी जो दी है उनकी उम्मीदों पर पुरी क्षमता और समर्पण से निभाने का कार्य करूंगा !इस अवसर पर तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद महोदय का आभार व्यक्त किया है और नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधियों को बधाई दिया है !जिसमें मुख्य रूप भाजपा मंडल अध्यक्ष बसंत प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष वकील महतो, करुण सिंह, बृजकिशोर पाठक, गिरिजा सिंह,चंदन सिंह, श्याम सुंदर पाण्डेय, राजदीप प्रसाद, नन्द किशोर साव, राजबल्लभ सिंह खेमलाल यादव, दिनेश यादव, गुलशन साव, पिंटू साव, रवि वर्मा, दिवाली सिंह, मुकेश चंद्र वंशी, संजय सिंह, दीपक झा, मुन्ना त्रिपाठी, पिंटू सिंह, बजरंग पत्रों, निवेशन पाल, उमेश प्रकाश सिंह, गणेश साव, लालन कुमार , नरेंद्र लोहारा, ईश्वर गंजु, प्रमोद कुमार, कुंदन करमाली, बाबू चरण बेदिया, चंदेश्वर महतो, अवधेश प्रजापति , किशोर राम, रामनाथ महतो, हैं !

## खून देने से कमजोरी नहीं आती लेकिन इंसानियत ज़रूर बढ़ जाती है : जय कुमार



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पार्षद जय कुमार को किसी ने भी दी आवाज़ वो रक्त दान करने चले आते है। उनका ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव है। पत्रकार बिश्वजीत चटर्जी के सासु माँ को कैंसर है। वो काफी समय से बीमार है। बता दे की गंभीर हालत में जामाडोबा टाटा हॉस्पिटल में भरती कराया गया जहां डॉक्टर ने ब्लड चढ़ाने की बात कही। पत्रकार काफी परेशान थे। तभी पार्षद जय कुमार को किसी पत्रकार से पता चला कि ब्लड की ज़रूरत है उन्होंने बिश्वजीत से संपर्क किया और सुबह सुबह वो जामाडोबा अस्पताल में आकर ब्लड देकर एक पूण्य का कार्य कर धनबाद चले गए। जय कुमार ने कहा की खून देने से कमजोरी नहीं आती लेकिन इंसानियत ज़रूर बढ़ जाती है। वहीं कोयलांचल पत्रकार कल्याण समिति के कोषाध्यक्ष सैयद अरमान ने हॉस्पिटल के डॉक्टर से मिल कर पूरी जानकारी ली तथा पत्रकार को हर संभव मदद करने की बात कही है।

## मनईटांड़ बस्ती में 13 अप्रैल से चड़क पूजा का शुरुआत, 15 को लगेगा मेला



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मनईटांड़ बस्ती भोक्ता मंदिर समिति की ओर से तीन दिवसीय चड़क पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में गुरुवार को मंदिर परिसर में प्रेस वार्ता किया गया। अध्यक्षता समिति के सचिव बलराम महतो ने किया। नेतृत्व पूजा समिति के कोषाध्यक्ष नागेश्वर महतो ने किया। उन्होंने बताया कि पूजा की शुरुआत 13 अप्रैल को संजोत सह फलाहार किया जाएगा। दूसरा दिन 14 अप्रैल को उपवास एवं रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है। इसके अलावा 15 अप्रैल को मंदिर परिसर में मेला का आयोजन किया गया है। एवं अंतिम दिन 16 अप्रैल को पारण किया जाएगा।पूजा में करीब 350 शिव भक्त अपने शरीर पर कील चुभोकर भोक्ता खूंटा में घूमकर आस्था का परिचय देते हैं और हजारों लोगों मेला का आनंद लेते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद 29 मदन महतो, उपाध्यक्ष अरुण चंद्र महतो, वार्ड नंबर 30 पार्षद प्रतिनिधि मुकेश महतो, सह सचिव जयलाल महतो, पप्पू महतो, रवि सोनी, बड़े महतो, दिनेश महतो, धनंजय महतो, रंजीत रवानी, विकेश भगत, राहुल कुशवाहा, राजेंद्र महतो आदि तैयारियों में जुटे है।

## जिला अध्यक्ष बनने पर लखी सोरेन को दी बधाई



**मैथन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को झामुमो चिरकुंडा नगर कमेटी द्वारा नवनिर्वाचन धनबाद जिला अध्यक्ष बनने पर लखी सोरेन को माला पहना कर, मिठाई व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से चिरकुंडा नगर कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ मुखर्जी, सचिव बाबू खान, उपाध्यक्ष पप्पू भंवरी, आफताब अंसारी व बुधन बाउरी को बनाया गया। इन सभी ने धनबाद जिला अध्यक्ष बनने पर लखी सोरेन को मिठाई खिला कर मुंह मीठा कराया। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा चिरकुंडा नगर कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ मुखर्जी को बनाया गया है उनको भी मिठाई खिला कर व पुष्पगुच्छ देकर सभी कार्यकर्ताओ ने बधाई दी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, वहां की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह एक मासिक रूटीन निरीक्षण है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, निर्वाचन शाखा के सागर कुमार (भजोहरि) एवं अन्य कर्मी मौजूद थे।

## मिल्लत पब्लिक स्कूल में हुआ रक्तदान शिविर का आयोजन





**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मिल्लत पब्लिक स्कूल भुइयां चित्रों में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रक्त की कमी को देखते हुए मोहम्मद संस्था के संस्थापक मोहम्मद इनजमामुल, जाबीर हुसैन, महताब अंसारी, शाकिब, शुमबुल रशिद, शमा परवीन, नीलोफ़र परवीन, मिल्लत पब्लिक स्कूल के प्रिन्सिपल मौलाना इफ्तिखार आदि ने रक्तदान किया। कुल 19 युनिट रक्त संग्रह हुआ। सभी रक्त दाताओं को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। मोहम्मद इनजामामुल ने सभी रक्तदाताओं का शुक्रिया अदा किया। शिविर को सफल बनाने में एसएनएमएमसीएच प्रबंधन का विशेष योगदान रहा।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष के लोग आमने सामने

**बाघमारा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दरिदा बस्ती में जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष के लोग आमने सामने। स्थानीय प्रशासन बेखबर, स्थिति तनावपूर्ण। प्रशासन के बेखबर के कारण घट सकती है बड़ी घटना। दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे को मारने मरने पर हो रहे है उतारू। सूत्रों की मानों तो नकाबपोश गुंडों के प्रयोग कर जबरन विवादित जमीन पर बाउंड्री वाल का निर्माण पर उतरे एक पक्ष के लोग जिससे स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## व्हाट्सएप पर ग्राहकों के अश्लील वीडियो बना कर सेक्सटोर्शन के माध्यम से ठगी का पुलिस ने किया पर्दाफाश




**तीन महिलाओं समेत एक पुरुष मनीष कुमार उर्फ मोंटी भईया गिरफ्तार**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** व्हट्सएप पर अश्लील चैट करना, ग्राहकों का वीडियो बनाकर सेक्सटॉर्शन के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह के तीन महिलाएं समेत एक पुरुष मनीष कुमार उर्फ़ मोंटी भईया को साईबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से 14 मोबाईल, 18 मोबाईल जिसमे एक प्रतिबिंब प्लाटेड सिम बरामद किया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी बैंक मोड़ थाना क्षेत्र से हुई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए साईबर डीएसपी संजीव कुमार ने बताया कि एसएसपी एच. पी. जनार्दनन के निर्देशानुसार गुप्त सुचना के आधार पर बैंक मोड़ राजेंद्र मार्केट स्थित एक मकान में छापामारी की गई। जहाँ से सरगना के मास्टर माइंड मनीष समेत तीन महिलाओं को साईबर ठगी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि सरगना द्वारा कॉल सेंटर चलाया जा रहा था। जिसमे लोगों को अश्लील चैट तथा सेक्स वीडियो बनाकर ग्राहकों का भया दोहन कर ठगी करते थे। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि इस काम में कई लड़कियों को जोड़ा गया था। गिरफ्तार मनीष अपनी दूसरी पत्नी को इस फ्रॉड के काम में शामिल कर रखा था। जोकि सिम उपलब्ध कराना, पैसे बाँटने हिसाब किताब रखने और ठगी के काम में लड़कियों को जोड़ने का काम करती थी। आरोपी की पत्नी फिलहाल साईबर पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।इस काम में लगी लड़कियों को दिन भर के काम में 50 प्रतिशत की राशि उन्हें दे दिया जाता और 50 प्रतिशत राशि मोंटी भईया रखता था। गिरफ्तार मोंटी धनबाद के पुराना बाजार के दरी मोहल्ला का रहने वाला है। डीएसपी ने बताया कि बरामद एक प्लाटेड नंबर से पंजाब के रहने वाले एक व्यक्ति से 40 हजार की ठगी की गई थी।

## खुदिया कोलियरी गेट पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने किया धरना प्रदर्शन



**सारी मांगे शीघ्र पूरी ना हुई तो होगा उग्र आंदोलन : बैभव सिन्हा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** खुदिया कोलियरी गेट पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन द्वारा 7 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिन का धरना प्रदर्शन किया गया। इस धरने का नेतृत्व राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ईसीएल रीजनल समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने किया। धरना में विशेष रूप से राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के संयुक्त महामंत्री बैभव सिन्हा उपस्थित थे। मौके पर बड़ी संख्या में यूनियन कार्यकर्ता एवं कोलियरी मजदूर इस आंदोलन में शामिल हुए और अपनी मांगों के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। धरना स्थल पर वरीय युनियन नेता डा संतोष राय, अर्जुन भूइयां, कोलियरी अध्यक्ष संतोष कुमार, सचिव अजय कुमार सहित सैकड़ों मजदूर उपस्थित थे। धरना के पश्चात एक प्रतिनिधिमंडल को परियोजना पदाधिकारी द्वारा वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया। वार्ता सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें परियोजना पदाधिकारी द्वारा मजदूरों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया गया। वहीं राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के संयुक्त महामंत्री बैभव सिन्हा ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आंदोलन को और भी उग्र रूप दिया जाएगा।

## जोगता नागरिक समिति ने मोदीडीह कोलियरी डंप 12 के कांटा घर के पास किया चक्का जाम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** दिनांक 10/04/25 को जोगता नागरिक समिति ने मोदीडीह कोलियरी डंप 12 के कांटा घर के पास चक्का जाम कर दिया। पुर्व में लगभग एक मांह पहले जोगता नागरिक समिति ने मोदीडीह परीयोजना पदाधिकारी को एक लिखीत आवेदन पत्र दे कर कुछ समस्या के समाधान की मांग की थी जैसे डम्प 12 के लोकल सेल लोडिंग को पुनः चालू करना जिसके बन्द होने के कारण आज यहां के सारे मजदूर भुखमरी के कगार पर हैं। जोगता फिल्टर प्लांट को जल्द से जल्द चालु करना और क्षेत्र में कम्पनी के चलते हो रहे प्रदुषण को नियंत्रित करना, जिसमें मोदीडीह कोलीयरी के परीयोजना पदाधिकारी से जोगता नागरिक समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा से वार्ता हुई थी की 10 दिनों में समस्या का समाधान हो जाएगा परन्तु आज एक महीना बित जाने के बाद भी इस पर कोई भी कार्यवाही नहीं हुइ। बाध्य होकर आज फिर जोगता नागरिक समिति को कम्पनी का चक्का जाम करना पड़ा। सुबह 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक चक्का जाम रहा तब जाकर



मोदीडीह परीयोजना पदाधिकारी से जोगता नागरिक समिति के अध्यक्ष अनुज कुमार सिन्हा से वार्ता हुई जिसमें परीयोजना पदाधिकारी ने दो दिनों में मिन्टस, लिखीत, में देने को कहा और जल्द से जल्द सारी समस्या का समाधान करने को कहा। तब जाकर बंदी समाप्त हुई जिसमें मुख्य रूप से जोगता नागरिक समिति के निर्मल कुमार, हसीब खान, असगर मियां, एस के मोबीन, अजय चौहान, संतोष पासवान, सैया आलम, मंगल चौहान, मन्नु महतो, सुरज चौहान, मन्नु चौहान आदि लोग मौजूद थे।

## बारिश और ओलावृष्टि ने बदला मौसम का मिजाज, गर्मी से राहत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गुरुवार की दोपहर के बाद अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आवाज़ के साथ बिजली चमकने लगी। गर्मी से मची तबाही से लोगों को थोड़ी राहत मिली। सड़कों पर बर्फ की चादर बिछ गई। लोग ओलावृष्टि को अपने मोबाइल में कैद करने लगे। इस बीच ठनका का भी खतरा बना रहा। तेज हवा चलने लगी, तेज बारिश होने लगी। उसके बाद तो ओलावृष्टि की वजह से सड़क पर चल रहे लोग भाग-भाग कर कहीं कहीं छिपने लगे। जो गाड़ियां सड़क पर थी, उनको नुकसान होने की सूचना है। अप्रैल महीने में शुरू हुई भीषण गर्मी से उत्पन्न परेशानी पर मेघ की यह फुहार लोगों को राहत पहुंचाई



जरूर है, लेकिन खेती-किसानी को नुकसान हुआ है। गुरुवार को धनबाद सहित अगल-बगल के इलाकों में कही तेज बारिश हुई, कुछ जगहों पर झमाझम तो कुछ जगहों पर हल्की बारिश देखने को मिली। इस बारिश की वजह से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के चेहरे पर मायूसी छा गई है। आम के फसल की अधिक बर्बादी हुई है। रवि फसल भी तैयार है, उसे भी नुकसान हुआ है। दोपहर बाद हवा के साथ बारिश से मौसम सुहाना हो गया है, लेकिन बारिश के बाद जब गर्मी शुरू होगी तो अधिक परेशान करेगी, इसमें कोई संदेह नहीं।

## भगवान महावीर का जन्म जयंती धूमधाम से मना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** गुरुवार को श्री दिगम्बर जैन मन्दिर, कतरास रोड में भगवान महावीर का 2624 वां जन्म जयंती महोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया। साशन नायक बाल ब्रह्मचारी 1008 भगवान महावीर की शोभा यात्रा में महावीर स्वामी रथ पर बैठाकर श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर,कतरास रोड मटकुरिया, धनबाद से धूमधाम से गाजे बाजे के साथ भगवान महावीर का जयकारा बोलते हुए निकाली गई। भगवान महावीर का प्रमुख संदेश जियो और जीने दो के नारे गुंजायमान हुए। जैन धर्मावलम्बियों ने सभी प्राणी को जीने का संदेश दिया। रथ यात्रा को धूम-धाम से सभी जैन श्रावक श्राविकाओं ने निकाला। यात्रा कतरास रोड से प्रारम्भ होकर सभी जैन परिवारों के आवास के बाहर आरती करते हुए एवं फल-शरबत का वितरण करते हुए बैंक मोड़ तक पहुंची तथा बैंक मोड़ से पुनः वापस आकर श्री मंदिर जी में भगवान जी का अभिषेक किया गया। सभी के भोजन प्रसाद की व्यवस्था धनबाद जैन समाज के जैन भाइयों ने की और सभी को प्रसाद का सेवन कराया।

## एनपीपी ने धनबाद में लॉन्च किया एरेन्क लीथियम बैटरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** एनपीपी पावर इंडिया लिमिटेड एवं धनबाद डीलर एसोसिएशन के तत्वाधान में इनवर्टर के लिए धनबाद क्लब में एरेन्क लिथियम बैटरी का प्रदर्शन किया गया। झारखंड में कंपनी के अधिकृत विक्रेता अध्ययन इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड है। एरेन्क लीथियम बैटरी का इनवर्टर बैटरी के रूप में प्रयोग का यह पहला प्रदर्शन धनबाद में हुआ। लिथियन बैटरी जो कंपनी के द्वारा प्रदर्शित हुआ वह किसी भी इनवर्टर के इस्तेमाल में किया जा सकता है। बैटरी इन्वर्टर 100 एएच 150 एएच 200 एएच के तीन मॉडल में प्रदर्शित की गई।100 एएच लीथियम बैटरी का बैकअप टाइम बाजार में उपलब्ध उपलब्ध है। 150 एएच की पारंपरिक लोड एसिड बैटरी के बराबर होता है। अब धनबाद वासी बिजली कटने पर परेशानी से मुक्त हो सकते हैं। एन पी




पी के सीईओ अजीत कुमार ने बताया लिथियम बैटरी का मुख्य विशेषता लोंग लाइव, फास्ट चार्जिंग पर्यावरण के लिए उपयुक्त, गैस फॉर्मेशन नहीं, कोई रखरखाव का खर्चा नहीं, हल्का वजन का बैटरी लाने ले जाने में आसानी होती है ब्लूटूथ कनेक्टिंग जिसमें बैट्री हेल्थ का पता चल जाता है। कंपनी के द्वारा सभी प्रकार के उपयोग के लिए लीथियम बैटरी उपलब्ध है। कार्यक्रम में एनपी के सीईओ अजीत कुमार धनबाद बैटरी डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर परमार, अध्ययन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राम अवतार राजगढ़िया, पुरुषोत्तम हेलीवाल, विनोद सिंह, एनपीपी पावर वियतनाम की कंपनी है जो लेड एसिड बैटरी एवं लिथियम बैटरी का उत्पादन करती है। कंपनी का 70 से अधिक देशों में उत्पाद उपलब्ध है। सीइओ अजीत कुमार कंपनी खिलौने कृषि उपकरण यूपीएस तराजू मेडिकल इक्विपमेंट और बहुत से महत्वपूर्ण उपयोग के लिए लेड एसिड बैटरी बनाती है। एनपीपी लिथियम बैट्री कंपनी इनवर्टर यूपीएस ट्रक, मरीन एवं अन्य एप्लीकेशन के लिए बैटरी बनती है।

## अबुआ आवास व पीएम आवास योजना में धीमी प्रगति पर डीडीसी ने व्यक्त की कड़ी नाराजगी

**कार्य में तेजी लाने का सभी बीडीओ को दिया निर्देश**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त सादात अनवर ने बुधवार की संध्या अबुआ आवास तथा प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने पाया कि अबुआ आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में लाभुकों को तृतीय किस्त प्राप्त होने के बाद भी 2196 लाभुकों ने लिंटल स्तर का कार्य पूरा नहीं किया है। इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी प्रकट करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को 10 दिनों में प्रगति लाते हुए आवास पूर्ण कराने की कारवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रथम किस्त प्राप्त लाभुकों को द्वितीय किस्त देने में प्रगति लाने का निर्देश दिया।वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 में अबुआ आवास योजना की प्रथम किस्त प्राप्त होने के बाद भी 5337 लाभुकों ने



प्लिंथ स्तर का कार्य पूरा नहीं किया। इस पर डीडीसी ने 15 दिनों में प्रगति लाने के लिए कारवाई करने तथा द्वितीय किस्त प्राप्त के विरुद्ध लिंटल स्तर के कार्य में भी प्रगति लाने का निर्देश दिया।जबकि प्रधान मंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा के दौरान डीडीसी ने पाया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में बाघमारा, गोविंदपुर, निरसा और बलियापुर में योजना की स्वीकृति और प्रथम किस्त में काफी अंतर है। साथ ही 2021 लाभुकों को अबतक प्रथम किस्त का भुगतान नहीं किया हैं। इसमें बाघमारा, गोविंदपुर, पूर्वी टुंडी, बलियापुर और निरसा प्रखंड में काफी धीमी प्रगति है। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।बैठक में उप विकास आयुक्त सादात अनवर, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, विभिन्न प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी व अन्य लोग मौजूद थे।

## मैथन डीवीसी मुख्यालय के समक्ष डीवीसी संयुक्त मोर्चा ने किया प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** मैथन डीवीसी मुख्यालय कोलकाता के समक्ष डीवीसी संयुक्त मोर्चा (डीवीसी ?श्रमिक यूनियन, डीवीसी पेंशनर्स फेडरेशन, डीवीसी स्टाफ एसोसिएशन, डीवीसी कान्ट्रेक्टर यूनियन, डीवीसी अप्रेंटिस एसोसिएशन) द्वारा सामूहिक प्रदर्शन किया गया. डीवीसी के तमाम परियोजना से लोग पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम में डीवीसी के विघटन, एन पी एस से ओ पी एस, डीवीसी के मेडिकल सिस्टम को थर्ड पार्टी इंश्योरेंस को देने के विरोध, डीवीसी कान्ट्रेक्टर वर्कर्स और डीवीसी अप्रेंटिसों को स्थायी नौकरी, डीवीसी पेंशनरों के आवास के किराया में भारी बढ़ोतरी के विरोध को लेकर एक डेलीगेशन टीम मेम्बर सेक्रेटरी से भेट किया। सभी पहलुओं पर वार्ता करने के बाद मेम्बर सेक्रेटरी द्वारा सकारात्मक




आश्वासन मिला। डेलीगेशन टीम ने कहा कि यदि समय पर ये सब मांगें पूरी नहीं हुई तो बहुत बड़ा विरोध किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पी सी सरकार ने किया और जीवन आइच, सपन महिंता, अभिजीत राय, अशोक घोष, शान्तनु चन्द्रि, अचिंत्य दास, सोमेन विश्वास आदि ने अपना वक्तव्य रखा।

### भारत आत्म निर्भरता के साथ निरन्तर विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है : बालमुकुंद सहाय

# जिला कार्यालय में भाजपा सक्रिय सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में गुरुवार को जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में सक्रिय सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात पार्टी संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पार्चन,दीप प्रज्वलन कर वंदे मातरम गीत के साथ किया गया।मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि 2014 में एनडीए के प्रधानमंत्री बनने के बाद से अब तक देश का चहुमुखी विकास हुआ है।भारत आत्मनिर्भरता के साथ विकास के पथ पर निरन्तर आगे बढ़ रहा है।प्रधान मंत्री राजीव गांधी के समय केंद्र से चला हुआ एक रुपया गरीबो तक 15 पैसे पहुचता था आज पूरे एक रुपया उस गरीब को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर चलने वाली पार्टी है। अंतिम व्यक्ति का विकास ही भाजपा का विकास का पैमाना है।उन्होंने कहा कि 11 वर्षो के शासन काल मे भाजपा ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाया। कार्यशाला में सक्रिय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमे अपना अतीत और इतिहास हमेशा याद रखना चाहिये।कुछ पार्टियों के कार्यकर्ता पार्टी से जुड़ने के कुछ ही समय बाद महंगी गाड़ी एवम आलीशन बंगलो के मालिक बन जाते है उसे देख कर हमें विचलित नही होना है। उन्होंने कहा कि जो कार्यकर्ता लाभ हानि के आधार पर पार्टी से जुड़ते है वह कभी समाज और देश का भला नही कर सकते और जो पार्टी के सिद्धांतों के आधार पर जुड़ते है वही पार्टी और देश के लिये कुछ कर गुजरते है।उन्होंने कार्यकर्ताओ से जिम्मेवारी पूर्वक पार्टी एवम समाज हित मे काम करने की बात कही।प्रदेश कार्य समिति सदस्य ओम सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के इतिहास,उपलब्धि एवम स्थापना की जानकारी देते हुए कहा कि देश आजादी के बाद प्रधानमंत्री नेहरू गाँधी वाली कांग्रेस सरकार की तुष्टि करन,बहुसंख्यक की उपेक्षा एवम राष्ट्र विरोधी नीतियों के कारण भारतीय जनसंघ की स्थापना की गई। इसके बाद 1977 में प्रधान मंत्री इंदिरा के आपातकाल एवम तानाशाही रवैये के कारण जनता पार्टी फिर भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की गई।उन्होंने कहा कि दो लोक सभा सीट से जीत प्रारम्भ करने वाली भारतीय जनता पार्टी की आज 20 राज्यो समेत केंद्र में लगातार तीसरी बार सरकार है।पार्टी संगठन का लगातार विस्तार हो रहा है ,यह सबसे अधिक सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गयी है। जिला अध्यक्ष मनीर उराँव ने अतिथियों का स्वागत एवम विषय प्रवेश कराते हुए कहा कि पार्टी स्थापना माह में प्रदेश द्वारा निर्देशित 6 अप्रेल से 25 अप्रेल तक कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है जिसमे प्रत्येक घर मे पार्टी झंडा लगाना, जलाशयों, धार्मिक स्थलों, गलियों में सफाई अभियान, गांवो बस्तियों में जा कर लोगो की समस्याओं को सुन उसका समाधान हेतु पहल करना, प्रधानमंत्री जन कल्याण योजनाओ के लाभार्थियों से संपर्क स्थापित करना, तथा भाजपा के नीव रखने वाले ऐसे वरिष्ठ कार्यकताओ को सम्मानित करना शामिल है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री पशुपति नाथ पारस एवम धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अनिल उराँव ने किया। कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद त्रिवेणी दास,

## ओलावृष्टि के बाद आंधी पानी ने किया किसानों के फसलों को नुकसान, जन जीवन अस्त व्यस्त



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले भर में गुरुवार को तेज आंधी और बारिश ने जन जीवन अस्त व्यस्त कर दिया।गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों किसान अपने खेतों की तैयार गेहूं की फसलों की कटाई करने में जुटे हुए थे परंतु किसानों के मेहनत पर जोरदार बारिश ने पानी फेर दिया दिन रात मेहनत के बाद अब प्रखंड के विभिन्न जगहों पर खेतों में तैयार गेहूं कटाई शुरू हो चुकी थी। पिछले दिनों तेज धूप के कारण किसान अपने कामों में सुबह से ही लग जाते थे। वही किसानों का कहना है कि गेहूं की कटाई का काम लगभग एक सप्ताह से अधिकतर जगहों पर शुरू हो चुका था अब विभिन्न क्षेत्रों में गेहूं की कटाई होने लगी है इलाके के किसान अपने खेतों में गेहूं फसल तैयार होने के बाद लगातार फसलों की कटाई जुटे हुए थे किसानों का कहना है कि गुरुवार दोपहर के बाद बारिश ने किसानों को फसलों बर्बाद कर दिया है।पिछले बार हुई ओलावृष्टि में पहले ही गेंहू की फसल को नुकसान पहुंचा था और फिर बारिश आने से फसल काफी बर्बाद हुई है जिसका भरपाई करना किसानों के लिए चिंता का विषय है।लोगों ने बताया कि खेतों में तैयार हुए गेहूं की फसल की कटाई हार्वेस्टर व हाथों द्वारा हो रही थी इस दौरान तेज धूप होने के कारण किसानों को सुबह 10 बजे के बाद अपने-अपने खेतों से लौट कर घर वापस आना पड़ रहा था। जबकि शाम होते ही किसान गेहूं कि कटाई को लेकर खेतों तक पहुंच रहे थे किसानों ने बताया कि धूप इतना तेज हो रहा था की भारी गर्मी से लोग परेशान थे।इस हालत में गेहूं की कटाई करना मुश्किल होता जा रहा था जिस कारण भी किसानों के खेत में गेहूं की कटाई नही हो पाई थी फिर भी किसान बारिश के आशंका को देखते हुए हर हाल में अनाज को घर तक पहुंचाने की कोशिशों में जुटे थे। परंतु गुरुवार को हुई बारिश ने किसानो को कई फसलों जैसे मिर्च, टमाटर, फूलगोभी, कद्दू, खीरा इत्यादि फसलों को नुकसान पहुंचाया है जो की किसानों को मेहनत पर पानी फेर दिया। देखा जाय तो किसानों के लिए यह चिंता का विषय है जिसे भारी मात्रा में आर्थिक नुकसान भी देखा जा सकता है।

## बेरोजगार युवाओं को रोजगार के देने की बात करते हैं तो भाजपा संघ की नौकरी देने लगे : सांसद सुखदेव भगत

### गुजरात में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय बैठक में सांसद सुखदेव भगत अपने विचार रखें



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत गांधी और सरदार के पवित्र भूमि साबरमती तट अहमदाबाद गुजरात में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय बैठक को संबोधित करते हुए कहा की गुजरात के ऐतिहासिक भूमि से महात्मा गांधी जी ने अंग्रेजों के खिलाफ दांडी यात्रा प्रारंभ की थी और आज राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से संविधान के मूल्यों को बचाने का अभियान शुरू किया है। जब से भाजपा केंद्र सरकार में आई है वह हमारी हर बुनियादी चीजों में सांप्रदायिकता घोल रही है। जब हम रोटी की बात करते हैं तो बीजेपी वाले बीफ की बात। जब हम कपड़े की बात करते हैं तो बीजेपी वाले हिजाब की बात। जब हम मकान की बात करते हैं तो बीजेपी वाले बुलडोजर की बात करते हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब सरेंडर मोदी हो गए हैं ।एक तरफ नरेंद्र मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंपकी तारीफ कर रहे हैं तो दूसरी तरफ डोनाल्ड ट्रंप देश पर टैरिफ पर टैरिफ लगा रहे हैं। जब राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से बेरोजगारों युवाओं को रोजगार देने की आवाज उठाई तो बीजेपी वाले संघ की नौकरी देने लगे। कांग्रेस का इतिहास संघर्ष का इतिहास है हम देश को बचाने के लिए संघर्ष करते रहेंगे।

## अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देता है भगवान महावीर का जीवन : प्रधानाचार्य





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया मनाया गया। कार्यक्रम का शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर भगवान महावीर का चित्र पर पुष्पार्चन एवं माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ आचार्या प्रतिभा देवी ने कहा की महावीर स्वामी का पांच सिद्धांत को बताते हुए कहा जिस प्रकार धागे से बंधी सुई खो जाने से सुरक्षित है। ठीक उसी प्रकार अध्ययन में लगा व्यक्ति खो नहीं सकता है। वही प्रधानचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने भैया बहनों को बताते हुए कहा कि भगवान महावीर का जीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश देता है। साथ ही भैया बहनों से अपील करते हुए कहा कि महापुरुषों का जीवनी से प्रेरणा लेते हुए उनके द्वारा बताये गये सत्यकर्म, ईमानदारी, न्याय और देशभक्ति तथा समाज सेवा को आत्मसात करना चाहिये। उन्होंने कहा महावीर जयंती केवल धार्मिक उत्सव नहीं है,बल्कि यह मानवता, शांति और, नैतिक जीवन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम को बढ़ावा देने प्रेरणा देता है। वही विद्यालय के छात्राएं पल्लवी, तेजस्वी और काजल द्वारा भी भगवान महावीर का जयंती पर प्रकाश डाला गया। मौके पर प्रतिभा देवी, मालती कुमारी, संध्या कुमारी, रिंकी कुमारी, अनुबाला देवी, अंजनी देवी, सुधीर उरांव, जयप्रकाश सिंह समेत सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित थे।

## पंचायत सचिव के लापरवाही से मनरेगा योजना का कुआँ हुआ ध्वस्त



**पेशरार-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के पेशरार प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र के तूईमू पंचायत के चापरोंग गांव में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत मनरेगा योजना के द्वारा बीते वर्ष कुआं का निर्माण हो रहा था लेकिन आधा अधूरा काम होने की वजह से बरसात के दिनों में मनरेगा योजना के लाभूक कृष्णा सिंह का कुआं पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गया जिसे लाभुक काफी चिंतित है। कुआं ध्वस्त हो जाने से ना सिर्फ सरकारी पैसा का बर्बादी हुआ है बल्कि लाभुक द्वारा लगाया गया अपने खेतों पर फसल की सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो गया है। चापरोंग गांव के मनरेगा योजना के लाभुक सहाबीर खेरवार का भी कुआं निर्माण आधा अधूरा कार्य होने की वजह से कुआं ध्वस्त होने की संभावना बनी हुई है जिसे लेकर लाभुक काफी चिंतित है। आपको बता दे की कुआँ निर्माण के योजना स्थल में योजना का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। प्रभावित दोनों लाभुक ने तूईमू पंचायत में कार्यरत पंचायत सचिव विश्वनाथ प्रजापति के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लाभुक का कहना है की पंचायत सचिव के द्वारा कुआ निर्माण सामग्री और मजदूरों को समय से पैसा का भुगतान नहीं होने की वजह से मनरेगा योजना का कुआं पूर्ण रूप से निर्माण कार्य नहीं हुआ जिसे बरसात के दिनों में कुआं ध्वस्त हो गया है। इधर दोनों लाभुक कुआं का पुनः निर्माण करने की मांग कर रहे हैं इधर कुआं ध्वस्त हो जाने से लाभुक काफी चिंतित है और सरकारी पैसा का बर्बादी हुआ है इस संदर्भ में पेशरार प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार तिर्की का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। कुआँ निर्माण स्थल का जांच पड़ताल किया जाएगा दोषी पंचायत सचिव विश्वनाथ प्रजापति के ऊपर कड़ी कार्रवाई किया जाएगा।

## केंद्रीय महावीर मंडल व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक पदाधिकारियों से मिल उन्हें किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विगत 30 मार्च से आरम्भ हुई रामनवमी पूजनोत्सव तथा चैत्र दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित दुर्गा पूजा तथा रामनवमी शोभायात्रा के साथ साथ विभिन्न अखाड़ों में आयोजित अस्त्र शस्त्र चालन तथा बाज़ा प्रतियोगिता की सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में विभिन्न धार्मिक संगठनों, मीडियाकर्मी, आम सनातन जनता का सहयोग के साथ साथ प्रशासन का सहयोग भी बहुत बहुत सराहनीय रहा। पूरा त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में उत्साह व उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम के दौरान पुलिस की चहुँओर तैनाती और सजगता की जितनी तरीफ की जाय कम है। इसके लिये पूरा पुलिस प्रशासन धन्यवाद के पात्र हैं। अतः प्रशासन की सराहनीय भूमिका को साधुवाद देने हेतु आज केंद्रीय महावीर मंडल अध्यक्ष विपुल तामेंड़ा के अगुवाई में विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार, श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनिल अग्रवाल, सदस्य रितिक वर्मा, विकास साहू ने पुलिस अधीक्षक हैरिश बीन ज़मां सर,उप विकास आयुक्त श्री दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल उपाधीक्षक श्रद्धा केरकेट्टा तथा सदर थाना प्रभारी श्री रत्नेश मोहन ठाकुर से मुलाकात कर उन्हें प्रसाद देकर तथा अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्म्मनित किया गया। और सभी उपस्थित संगठन के प्रतिनिधि द्वारा भविष्य में भी होनेवाली धार्मिक अनुष्ठानों में प्रशासन द्वारा इसी तरह सहयोग प्राप्त कर शांतिपूर्ण माहौल में मिलकर काम करने व सम्पन्न करवाने की बात कही। वहीं उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्णा जी से भी मिलने का प्रयास किया गया परन्तु किसी कारणवश उनसे मुलाकात नही हो पाई।

## भाजपा स्थापना दिवस को लेकर हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** भारतीय जनता पार्टी की बैठक नगर भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केरसई मंडल अध्यक्ष मानकीलाल ने कहा कि भाजपा स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ता अपने-अपने घरों में बीजेपी झंडा लगाएं एवं सेल्फी लेकर पोस्ट करें। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने भाजपा की स्थापना कल से अब तक के कार्यों पर प्रकाश डाला और भाजपा की उपलब्धियां गिनाई। और कार्यकर्ताओं से आवाहन किया की विपरीत परिस्थिति में भी भाजपा के कार्यकर्ता निराश नहीं होते हैं और तन मन धन से पार्टी संगठन का कार्य करते हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता अनूप केसरी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रवाद के विचारधारा के साथ कार्य करती है एवं भारत के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचे इस दृष्टिकोण से राजनीतिक कार्य करती है।भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रणव कुमार ने भी अपने विचार रखें। मौके पर रवि गुप्ता केरसई प्रमुख तरन भोय सुधीर मांझी सुरेश प्रसाद गौतम कुमार दिनेश प्रसाद शंकर बड़ाईक प्रदीप प्रसाद विकास कुमार मौजूद थे।

## संघ भवन में आगामी चुनाव को लेकर जिला अधिवक्ता संघ का वार्षिक आम सभा का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला अधिवक्ता संघ का वार्षिक आम सभा संघ भवन में आयोजित किया गया। आम सभा में सत्र 2022-24 का आय-व्यय प्रस्तुत किया गया तथा संघ के आगामी चुनाव हेतु चुनाव आयुक्त का चयन किया गया। मुख्य चुनाव आयुक्त प्रवीण कुमार भारती और सह चुनाव आयुक्त चंद्र प्रकाश पाठक तथा मोमिना खातून का चयन सर्वसम्मति के साथ किया गया। आम सभा में उपस्थित सदस्यों के प्रश्नो का उत्तर संघ के महासचिव एवं पदाधिकारियों के द्वारा दी गई। साथ ही निवर्तमान संघ के द्वारा यह घोषणा की गयी कि चुनाव के पाश्चात नयी कमेटी को ऑडिट रिपोर्ट के साथ जल्द से जल्द कार्यभार सोंप दी जायेगी। संघ के महासचिव लाल दीपक नाथ शाहदेव के द्वारा जानकारी दी गयी कि चुनाव आयुक्त को अधिवक्ताओं की सूची एवं चुनाव खर्च हेतु चेक दी जाएगी तथा बार काउंसिल झारखंड को पत्र लिखकर पर्यवेक्षक नियुक्ति एवं चुनाव की तिथि निर्धारित करने हेतु आग्रह कि जायेगी। आम सभा में सर्व प्रथम पूर्व सचिव अजय कुमार के संघ विरोधी एवं अधिवक्ता विरोधी कार्यो को देखते हुए संघ से निष्कासित करने का प्रस्ताव सदस्यों के द्वारा लाया गया। जिसे आम सभा में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं के द्वारा समर्थन की गयी तथा आगामी चुनाव को साफ़ स्वच्छ एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न करने हेतु सभी अधिवक्ताओं द्वारा सहयोग करने की बात कही गई।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लचरागढ़ में मनाया गया महावीर जयंती



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वनवासी कल्याण केन्द्र की शैक्षिक इकाई श्रीहरि वनवासी विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित विवेकानंद शिशु-विद्या मन्दिर उच्च/विद्यालय लचरागढ़ में जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेन्द्र साहू, किशोर भारती के अध्यक्ष भैया अजीत साहू, उपाध्यक्ष भैया सूरज कुमार सिंह, कन्या भारती के अध्यक्ष बहन शिखा कुमारी, उपाध्यक्ष बहन रंभा कुमारी ने संयुक्त रूप से भगवान महावीर, सरस्वती माता, भारत माता और सृष्टि का गर्भस्थल के समक्ष दीप प्रज्वलित,पुष्पार्चन,माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। भैया-बहनों में छुपी प्रतिभा को निखारने और झिझक दूर करने के उद्देश्य से विद्यालय में भगवान महावीर की जीवनी पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भैया केदारनाथ सिंह, भैया सूरज सिंह,भैया संजीव कुमार, रेणु कुमारी, बहन सरस्वती कुमारी, बहन मेघा कुमारी ने भाग लिया।जिसमें प्रथम स्थान भैया केदारनाथ सिंह, द्वितीय स्थान भैया संजीव कुमार, तृतीय स्थान बहन रेणु कुमारी को मिला। इस अवसर पर आचार्या बिमला देवी, प्रगति कुमारी, आचार्य गणेश सिंह और सुदर्शन कुमार के द्वारा विस्तार पूर्वक महावीर जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा भगवान महावीर और हाथी की कथा सुनाई गई, सत्य, अहिंसा, अच्छे कर्म, सात्विक जीवन के पथ पर चलने कि बात कही गई।

### खुद पर विजय प्राप्त करना, लाखों शत्रुओं पर विजय पाने से बेहतर है : अनीता देवी

## अहिंसा का प्रचार, सत्य का विचार, यही है भगवान महावीर का जीवन सार : बिपिन कुमार दास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अत्यंत हर्ष के साथ शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में महावीर जयंती मनाई गई। महावीर जयंती का पावन पर्व बड़े ही हर्षो- उल्लास के साथ मनाया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास अनीता देवी मुकेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। भगवान महावीर जैन धर्म के अंतिम आध्यात्मिक तीर्थंकर थे। हिंदी आचार्या ने इस उपलक्ष पर भैया-बहनों को बताया कि महावीर कहते हैं खुद पर विजय प्राप्त करना शत्रुओं पर विजय प्राप्त करना है। कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया-बहनों ने महावीर जैन पर भाषण प्रस्तुत किया।जिसमें भैया-बहनों ने महावीर जैन की जीवनी के बारे में बताया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में अध्ययनरत भैया शिवम कुमार साहू कक्षा 9 ने 57 वां नेशनल खो-खो चैंपियनशिप प्रतियोगिता 2024 - 2025 पुरी उड़ीसा सीनियर में दिनांक 31 मार्च से 4 अप्रैल तक आयोजित थी, जिसमें भैया शिवम कुमार साहू ने झारखंड की टीम का प्रतिनिधित्व किया। यह पूरे विद्यालय परिवार एवं लोहरदगा जिला के लिए हर्ष के साथ साथ गौरव का विषय है। विद्यालय परिवार में इस उपलब्धि पर हर्षोल्लास का वातावरण है,इस उपलब्धि के लिए भैया शिवम कुमार साहू को विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। भैया शिवम को वंदना सभा में सम्मानित किया गया साथ ही संरक्षक शारीरिक आचार्य जोधान सिंह को मधुमिता शर्मा के द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया। भैया शिवम कुमार साहू को विद्यालय परिवार ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। भैया शिवम को वंदना सभा में सम्मानित किया गया साथ ही संरक्षक शारीरिक आचार्य जोधन सिंह को मधुमिता शर्मा के द्वारा शॉल देकर सम्मानित किया गया।

# झारखंड परिवहन विभाग धांधली पर उतर आया हैं : ट्रक आँनर एसोसिएशन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन एवं झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आँनर एसोसिएशन का एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल झारखंड सरकार के परिवहन विभाग सचिव विप्रा भाल एवं झारखंड सरकार के परिवहन संयुक्त आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, झारखंड सरकार के उप परिवहन आयुक्त सह सचिव आरटीए,रांची हरिवंश पंडित से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। परिवहन विभाग के अधिकारियों को यह बताया गया कि पिछले कई महीनो से दक्षिण छोटानागपुर प्रादेशिक प्राधिकार, राँची, आरटीए ऑफिस एवं हजारीबाग प्रमंडल के द्वारा 15 वर्षो से पुराने व्यावसायिक वाहनों को रोड परमिट नहीं दिया जा रहा। जबकि उन्हीं गाड़ियों से टैक्स भी वसूला जा रहा है एवं फिटनेस और तमाम कागजातों के पैसे भी लिए जा रहे हैं, परमिट नहीं देने का कारण पूछने पर कोई स्पष्ट जवाब भी नहीं दिया जाता है। एसोसिएशन ने अधिकारियों को बताया कि लोहरदगा एव गुमला, लातेहार जिले में बॉक्साइड ही एकमात्र व्यवसाय है जिसमें लगभग 1500 से 2000 छह चक्का ट्रक चलते हैं। परमिट नहीं मिलने के कारण यहां के लाखो लोगों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है क्योंकि ट्रक व्यवसाय से प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से तीनों जिलों के लाखों लोगों की रोजी-रोटी चलती है,एक ओर परिवहन विभाग के द्वारा परमिट नहीं दिया जा रहा है दूसरी ओर उन्हें ट्रकों को रोक कर फाइन भी लिया जा रहा है। जबकि दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल एवं हजारीबाग प्रमंडल छोड़कर अन्य प्रमंडलो में झारखंड में ही रोड परमिट निर्गत किया जा रहा है एवँ अन्य राज्यों में भी 15 वर्षो से पुराने व्यावसायिक वाहनों को परमिट दिया जा रहा है। कहीं ना कहीं परिवहन विभाग दक्षिण छोटानागपुर एवं हजारीबाग प्रमंडल के परिवहन अधिकारी धांधली पर उतर आए हैं एवं बड़ी कंपनी और बड़े व्यवसायियों से मिलकर एक साजिश रच कर परमिट नहीं दे रहे हैं। एसोसिएशन ने इस पर कड़ा एतराज जताते हुए आग्रह किया है कि शीघ्र परमिट दिया जाए। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने यह भी कहा है शीघ्र परमिट नहीं मिलने की स्थिति में जोरदार आंदोलन होगा। सभी ट्रकों को ले जाकर परिवहन आयुक्त के कार्यालय के बाहर खड़ा कर दिया जाएगा और न्यायालय की भी शरण ली जाएगी। इस मामले को लेकर दक्षिण छोटानागपुर आयुक्त को भी ज्ञापन सौपा गया है। आज के प्रतिनिधि मंडल में लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष बरज सिंह, सह सचिव अभय सिंह, झारखंड पठारी चंदवा बॉक्साइट ट्रक आँनर एसोसिएशन के सचिव मुद्रिका यादव, नीरज कुमार सहित अन्य लोग शामिल थे।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र



## चलते चलते एक नजर

### गुरुग्राम : अंडे की रेहड़ी पर हेरोइन बेचती महिला को एनसीबी ने किया काबू

**गुरुग्राम** : अंडे की रेहड़ी लगाने वाली एक महिला को हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) यूनिट की टीम ने हेरोइन के साथ काबू किया है। छापेमारी करके आरोपी महिला को 8.74 ग्राम हेरोइन के साथ काबू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि आरोपी महिला पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। पुलिस थाना सदर में उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एनसीबी की गुरुग्राम यूनिट ने थाना सदर एरिया के सेक्टर-32 में एक शिक्षण संस्थान के सामने एक महिला अंडे बेचने की रेहड़ी लगाती थी। एनसीबी यूनिट को सूचना मिली कि वह अंडे बेचने की आड़ में नशा बेचती है। हरियाणा एनसीबी गुरुग्राम यूनिट के इंचार्ज धर्मवीर सिंह ने बताया कि पुख्ता सूचना के आधार पर एनसीबी हरियाणा की गुरुग्राम यूनिट ने छापेमारी की। छापेमारी करके महिला की अंडे की रेहड़ी पर तलाशी लेने के दौरान उसके पास से 8.74 ग्राम अवैध नशीला पदार्थ हेरोइन बरामद हुआ। महिला को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। आरोपी महिला की पहचान अजमेरी खातुन पत्नी हुसैन शेख के रूप मे हुई। वह पंश्चिम बंगाल राज्य के मालदा जिले के दुर्गापुर गांव की रहने वाली है। वर्तमान में गुरुग्राम के गांव तिगरा की झुग्गी बस्ती में रहती है। हरियाणा एनसीबी गुरुग्राम यूनिट के इंचार्ज धर्मवीर सिंह ने बताया कि आरोपी महिला के साथ नशे के व्यापार में शामिल अन्य आरोपियों को भी जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोपी पर थाना सदर गुरुग्राम में एन.डी.पी.एस. अधिनियम कि विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिप्पणी को लेकर ममता को अवमानना नोटिस

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले पर टिप्पणी करने को लेकर एक वकील ने अदालत की अवमानना का नोटिस भेजा है। मामला 2016 की एसएससी भर्ती प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले से जुड़ा है, जिसमें पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया था। इससे करीब 26 हजार अभ्यर्थी प्रभावित हुए हैं। ममता बनर्जी ने हाल ही में एक सभा में बेरोजगार हुए अभ्यर्थियों के पक्ष में बोलते हुए कहा था कि सरकार उनकी नौकरियां वापस दिलाने का प्रयास कर रही है। इसी बयान को आधार बनाकर वकील ने अदालत की अवमानना का आरोप लगाते हुए नोटिस भेजा है। उधर इस मुद्दे पर तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुप्रीम कोर्ट के फैसले से प्रभावित बेरोजगारों के पक्ष में खड़ी हैं। घोष ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि मुख्यमंत्री नौकरी गंवाने वालों का समर्थन कर रही हैं और उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास कर रही हैं। इस प्रक्रिया में बाधा डालने के लिए ही अदालत की अवमानना का नोटिस भेजा गया है। कुछ लोग कानूनी जटिलताएं खड़ी कर इस प्रक्रिया की रफ्तार धीमी करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री न्यायपालिका का सम्मान करती हैं और निष्पक्ष न्याय में विश्वास रखती हैं। पुनर्विचार की मांग करना अदालत की अवमानना नहीं है। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधते हुए कहा कि राम-वाम वोट से नहीं जीत सकते तो कोर्ट में जटिलता पैदा करते हैं।

# पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्यपाल ने मुखिया को किया पुरस्कृत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर** : रांची के रेडिएशन ब्लू होटल में बुधवार को नारी सम्मान समारोह कार्यक्रम का उद्घाटन सूबे के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्वलित कर किया । कार्यक्रम में राजभर से आए अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावशाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल के धर्मपत्नी सह संस्था के प्रधान सचिव व ग्राम पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल को राज्यपाल संतोष गंगवार और राज्यसभा सांसद महुआ माझी ने अवार्ड देकर सम्मानित किया। इसके पहले मुखिया पूनम जायसवाल ने राज्यपाल व सांसद को हिमाचल के कपूर का पौधा भेंट की।वहीं राज्यसभा सांसद महुआ मांजी ने पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल किशोर जायसवाल को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। डॉ कौशल व मुखिया पूनम ने महुआ मांझी को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम देकर स्वागत किया। विपीएसए के प्रधान सचिव सह मुखिया पूनम ने




कहा है कि सेवा कभी बेकार नहीं जाती।उनका जन्म गढ़वा जिला के केतार गोपालपुर के बैकुंठ नारायण जायसवाल जमींदार परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने पिता के साथ 1970 में अपनी भूमि पर पौधरोपण किया था। इसके बाद पलामू जिले के छतरपुर के ग्राम डाली गांव में मोहनलाल खुर्जा व पार्वती देवी के बहू बनकर आयी। तब उन्होंने अपने पति पर्यावरण विद डॉ कौशल किशोर जायसवाल के निशुल्क पौधा वितरण व रोपण और वृक्षों पर रक्षाबंधन,छठ पूजा में आम की लकड़ी का निशुल्क वितरण,जाड़े में गरीबों के बीच कम्बल वितरण, गरीब बच्चियों को निजी खर्चों पर शादी करना और सहयोग करना जैसे सामाजिक कार्यों में अपने पति का साथ दिया।

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को आगे बढ़ाने में किसी न किसी का साथ बहुत जरूरी होता है। उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ आजतक अपने दायित्वों का निर्वहन करते आया।मुखिया पूनम ने कहा है कि पर्यावरण के क्षेत्र में जागरूकता लाने के लिए मैंने पति को सहयोग करने के लिए उनके साथ नेपाल,भूटान, वर्मा, सिंगापुर,मलेशिया,अज़रबैजान समेत अपने देश के दर्जनों राज्यों में जाकर पर्यावरण धर्म और वनराखी मूवमेंट में महिलाओं को पौधा देकर उन्हें अपने बच्चों की तरह पौधा लगाकर बचाने के लिए जागरूक किया।

वे अपने मेदिनीनगर स्थित आवास पर्यावरण भवन के ऊपरी तल के ऊपर आकाश बाग लगाया है। शुरुआती दौर से ही पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने का परिणाम है कि आज इस मुकाम पर पहुंचीं हैं।

## गोवंश तस्करी की 3 कोशिशें नाकाम 55 गोवंश बचाए, 3 वाहन जब्त



एजेंसी

**जम्मू** : चल रहे ऑपरेशन 'कामधेनु' के तहत जम्मू और कश्मीर पुलिस ने गोवंश तस्करी पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में पुलिस स्टेशन नगरोटा की पुलिस टीम ने बन टोल प्लाजा पर पंजीकरण संख्या जेके19/9416 और जेके02सीडी/0130 वाले वाहनों से 36 गोवंश को सफलतापूर्वक बचा लिया। एक आरोपी की पहचान मोहम्मद रफीक पुत्र मोहम्मद शफी निवासी चमलवास बनिहाल (जिला रामबन) के रूप में हुई जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरे वाहन का चालक भागने में सफल रहा। एक अन्य सफल अभियान में पुलिस स्टेशन झज्जर कोटली ने नाका प्वाइंट पंजाल में एक वाहन को रोका और पंजीकरण संख्या जेके20सी/6359 वाले वाहन से 19 गोवंश को बचाया। हालांकि चालक मौके से भाग निकला। इन समन्वित कार्रवाइयों में कुल 55 गोवंश को बचाया गया और 3 वाहन जब्त किए गए। वहीं पुलिस स्टेशन नगरोटा में धारा 223/बीएनएस और 11 पीसीए अधिनियम के तहत एफआईआर संख्या 68/2025 और 69/2025 दी की गई जबकि संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत पुलिस स्टेशन झज्जर कोटली में एफआईआर संख्या 51/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया। तीनों मामलों में जांच जारी है।

## झामुमो के महाधिवेशन की तैयारी के लिए पूर्व मंत्री ने की डेलिगेट्स के साथ बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : झारखंड मुक्ति मोर्चा की आगामी 14 व 15 अप्रैल को टाना भगत स्टेडियम रांची में आयोजित महा अधिवेशन की सफलता के लिए पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर गुरुवार को आयोजित इस बैठक में महा अधिवेशन की सफलता की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक में पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस महा अधिवेशन में गढ़वा से 200 सक्रिय सदस्य शामिल होंगे। मौके पर श्री



ठाकुर ने कहा कि महा अधिवेशन किसी भी पार्टी का महापर्व होता है। महा अधिवेशन में सिर्फ सक्रिय कार्यकर्ता ही भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग महा अधिवेशन में अनुशासित ढंग से भाग लेंगे। गढ़वा के सारे लोग एक साथ ही रहेंगे ताकि वहां सबों की उपस्थिति दिखे। इस महा अधिवेशन में झारखंड के सभी जिलों सहित विभिन्न प्रदेशों के कार्यकर्ता भाग लेंगे। इन सबों के बीच गढ़वा के डेलिगेट्स अपनी अनुशासित बेहतर छवि प्रस्तुत करेंगे। मनोज ठाकुर ने बताया कि महा अधिवेशन की सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि गढ़वा जिले में 50 हजार नए सदस्य बनाए गए हैं। साथ ही 189 पंचायत समिति व तीनों नगर कमेटी का गठन कर लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से तनवीर आलम, शरीफ अंसारी, जवाहर पासवान, रेखा चौबे,अनिता दत्त, धनंजय तिवारी, चंदन जायसवाल, सुनील कुमार गौतम सहित काफी संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता शामिल थे।

# गढ़वा : दो गैस गोदाम शहर से ग्रामीण क्षेत्र में हुये शिफ्ट

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा** : गढ़वा शहरी क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से चल रहे तीन एलपीजी गैस गोदामों में से दो गैस गोदाम ग्रामीण क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया हैं। यह कार्रवाई अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के निर्देश पर किया गया है। एसडीओ संजय कुमार ने गुरुवार को गढ़वा नगर परिषद के प्रशासक सुशील कुमार एवं संबंधित कर्मियों को साथ लेकर उक्त तीनों गैस गोदाम परिसरों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में कचेहरी रोड स्थित भारद्वाज भारत गैस एजेंसी के गोदाम को पूरी तरह खाली कराकर ग्रामीण क्षेत्र में शिफ्ट करा दिया गया है। वहीं ओबरा के पते पर पंजीकृत ग्रामीण गैस वितरक मां दुर्गा एचपी एजेंसी के गोदाम को ओबरा में ही शिफ्ट कर दिया गया है। पहले यह





**एसडीओ ने गोदाम स्थानांतरण हेतु दिया था सख्त निर्देश**

गैस गोदाम रंका मोड और टंडवा पुल के बीच घने वाणिज्यिक क्षेत्र में अवस्थित था। अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने पिछले माह गढ़वा शहरी क्षेत्र स्थित गैस एजेंसियों के औचक निरीक्षण के क्रम में प्रथम दृष्ट्या अनियमितताएं मिलने पर तीन गैस एजेंसियों के संचालकों को एक सप्ताह का समय देते हुए कड़ा नोटिस दिया था। एसडीओ संजय कुमार ने उन दोनों एजेंसियों को हिदायत भी दी है कि वे वापस इसकी पुनरावृत्ति नहीं करेंगे अर्थात भविष्य में भी शहरी क्षेत्र में अपना गोदाम नहीं बनाएंगे। किंतु तीसरी गैस एजेंसी आर्यन एचपी ग्रामीण वितरक ने अभी तक अपने गोदाम को घने शहरी क्षेत्र से बाहर शिफ्ट नहीं किया है। चूंकि उनको दी हुई समय सीमा समाप्त हो गई है इसलिए उक्त एजेंसी के संचालक पर वैधानिक कार्रवाई एवं एजेंसी की अनुज्ञति रद्द करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेस-भाजपा के नेताओं के बीच जमकर लात घूंसे चले, पुलिस थाने में लिखित शिकायत दर्ज





एजेंसी

**जगदलपुरः** जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंर्तगत दलपद सागर वार्ड में कांग्रेस और भाजपा के नेताओं के बीच में जमकर लात-घूंसे चले हैं। दोनों पक्षों के बीच मारपीट के बाद मामला कोतवाली थाना पहुंचा। बीती देर रात कोतवाली में कांग्रेस और भाजपा के नेताओं का जमावड़ा था। दोनों पक्षों ने पुलिस थाने में लिखित शिकायत की है। भाजपा पार्षद के साथ हुई मारपीट के मामले में जगदलपुर नगर निगम के महापौर संजय पांडेय भी देर रात पुलिस थाना पहुंचे। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की गुंडागर्दी है। उन्होंने रात में थाना प्रभारी समेत पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं भाजपा पार्षद नरसिंह राव का आरोप है कि कांग्रेस के पार्षद उम्मीदवार रहे निकेत झा ने उन्हें घर में घुसकर मारपीट की है। जबकि, निकेत झा ने कहा कि भाजपा पार्षद नरसिंह राव ने उनके भाई को मारा, गाड़ी में तोड़-फोड़ कर मुझे फोन पर गलियां दी हैं। भाजपा पार्षद नरसिंग राव ने गुरुवार को कहा कि नगर निगम का चुनाव हुए लगभग दो महीने का समय हो रहा है। जिन्होंने मेरे घर में घुसकर मेरे साथ मारपीट की वे चुनाव में मेरे विरुद्ध कांग्रेस से खड़े हुए थे, उन्हें हार पची नहीं है, हार की बौखलाहट है। चुनाव के दौरान भी इन लोगों ने गुंडागर्दी किए थे, उस समय तो वे सफल नहीं हो पाए। पार्षद का कहना है कि झगड़े की ऐसी कोई वजह नहीं थी, पिछले कुछ दिनों से किसी न किसी तरह की बात को लेकर वे मेरे साथ उलझते रहते हैं। वार्ड में एक जगह काम चल रहा था। वे ठेकेदार के साथ भी मारपीट किए थे। उसने मुझे फोन किया था, मैंने उन्हें समझाया था कि झगड़ा मत करना। लेकिन कांग्रेस के लोग मेरे घर आ गए और मुझे और मेरे परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट किए। वहीं कांग्रेस नेता निकेत झा का कहना है कि मेरे खेत में पानी बहाया जा रहा है। इसी बात को लेकर जब मैं पार्षद को फोन किया तो उन्होंने फोन पर मुझे गालियां दी। मेरे बड़े भाई की गाड़ी उनके घर के सामने से गुजर रही थी, तो उन्होंने गाड़ी को रोक कर गाड़ी में तोड़-फोड़ कर मेरे भाई और मेरे साथ भी मार-पीट की। मेरी प्रॉपर्टी को जबरदस्ती नुकसान पहुंचाने का काम किया जा रहा है। उनपर एफआईआर के लिए लिखित शिकायत की गई है।

## महावीर जयंती पर निकली विशाल शोभायात्रा

**प्रयागराज** : भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर वृहस्पतिवार को पूरे सज-धज के साथ जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इस बीच डीजे, बैंड पार्टी व कलात्मक चौकियां अपने प्रदर्शन दिखा रही थीं। ऐरावत हाथी, बग्घी में वर्धमान के माता-पिता दर्शन दे रहे थे। महिलाएं और बच्चे पीले रंग के वस्त्र पहनकर धार्मिक गीत गा रहे थे और नृत्य कर रहे थे। भक्ति गीत बज रहे थे। शोभायात्रा घंटाघर पहुंची तो वहां पर उसका जोरदार स्वागत किया गया। शरबत, आइसक्रीम अनेक प्रकार के खाने की चीजें प्रसाद रूप में वितरित की जा रही थीं । शोभायात्रा जैन मंदिर जीरो रोड से प्रारम्भ होकर बहादुरगंज बताशा मंडी लोकनाथ चौक घंटाघर जॉनसेनगंज एस सी वासु रोड होते हुए जैन मंदिर में सम्पन्न हुई। मीडिया प्रभारी मो. अकरम शगुन ने बताया कि शोभायात्रा में शामिल राजू जैन, साहिल जैन, गौरी शंकर, पार्षद नेम यादव सहित सैकड़ों भक्त शामिल रहे।

NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

परिवार कल्याण दिवस

प्रत्येक माह की 11 तारीख को
आयुष्मान आरोग्य मंदिर/शहरी स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
में परिवार नियोजन की सेवाएं
अवकाश की स्थिति में आगामी कार्य दिवस पर

परिवार कल्याण के लक्षित समूह-

- नव विवाहित दम्पत्ति
- एक बच्चे वाले योग्य दम्पत्ति
- जटिल गर्भावस्था वाली महिलाएं
- दो या दो से अधिक बच्चों वाले योग्य दम्पत्ति
- युवक–युवती

गतिविधियाँ

- परिवार नियोजन पर परामर्श
- अस्थाई विधियों का वितरण एवं अन्य परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता
- धात्री माता एवं नवजात शिशु स्वास्थ्य संबंधी सलाह
- पोस्टर पेंटिंग एवं स्लोगन राईटिंग प्रतियोगिता
- आदर्श दम्पत्ति का सम्मान

जोड़ी जिम्मेदार जो प्लान करे परिवार

"विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान !"

परिवार नियोजन की विधियाँ

स्थायी विधियाँ: पुरुष नसबंदी, महिला बंध्याकरण

अस्थायी विधियाँ: इंजेक्शन एम.पी.ए, आपातकालीन गर्भ निरोधक गोली, गर्भ निरोधक गोलियाँ, कॉपर 375 380 A, कंडोम

फिक्स डे एप्रोच के तहत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार या शुक्रवार को परिवार नियोजन की स्थायी विधियां उपलब्ध हैं।

अधिक जानकारी के लिए जिला अस्पताल अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र/ए.एन.एम./सी.एच.ओ./सहिया से सम्पर्क करें।

PR NO-350022 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26

104
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
108